वर्ष-31, अंक- 247, पृष्ठ-12 | असाढ़ कृष्ण पक्ष 14, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
मंगलवार
24 जून 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### अस्पताल प्रबंधन मरीज की मौत के बाद शव रोककर नहीं रखेगा : मंत्री



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सोमवार को कहा कि राज्य के सभी अस्पतालों में मरीज की मृत्यु के बाद शव को रोककर रखने की व्यवस्था अब खत्म कर दी गई है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि अस्पताल प्रबंधन को तत्काल शव परिजनों को सौंपना होगा, ताकि अंतिम संस्कार में देरी नहीं हो और गरीब परिवारों को राहत मिल सके। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, यह निर्णय मानवीय संवेदना और कांग्रेस की सेवा-भावना से प्रेरित है। डॉ अंसारी ने कहा, अब कोई भी गरीब अपने प्रियजन के शव को छुड़ाने के लिए भटकता नहीं फिरेगा। उन्होंने लिखा है कि कई बार आर्थिक तंगी के कारण परिजन शव लेने में असमर्थ रहते हैं, जिससे अंतिम संस्कार में देर होती है। लेकिन, अब इस व्यवस्था से हर वर्ग को सम्मानजनक विदाई देने में सुविधा होगी।

### सोन नदी में नहाने के दौरान नाबालिग की मौत

# 30 किमी दूर मिला शव, छह महीने में आधा दर्जन मौतें

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के परती-कूशवानी पंचायत अंतर्गत छावनी टोला निवासी अर्जुन उरांव के 10 वर्षीय पुत्र जयकांत उरांव उर्फ मंटू की रविवार को सोन नदी में डूबने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जयकांत अपने गांव के चार अन्य बच्चों के साथ दोपहर लगभग तीन बजे छावनी टोला के समीप सोन नदी में नहाने गया था। बताया गया कि नहाने के दौरान जयकांत गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ गए अन्य बच्चे डरकर वहां से भाग खड़े हुए। बच्चों ने रात्रि में घटना की जानकारी परिजनों को दी। सोमवार की सुबह परिजन और ग्रामीण खोजबीन में



जुटे। काफी प्रयास के बाद जयकांत का शव घटना स्थल से लगभग 30 किलोमीटर दूर मेरौनी गांव के सोन नदी किनारे मिला।

घटना की सूचना मिलते ही केतार थाना और हरिहरपुर ओपी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। इधर घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। जयकांत की असमय मौत से ग्रामीण बेहद दुखी हैं।

गौरतलब है कि पिछले छह महीनों में सोन नदी में डूबने से सोन तटीय गांवों में छह से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों द्वारा नदी किनारे कोई सुरक्षा उपाय नहीं किए गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी किनारे चेतावनी बोर्ड लगाने और बच्चों को नदी में अकेले न जाने देने की अपील की है।

# फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर उपायुक्त के नाम पर ठगी का प्रयास

- मईंयां सम्मान योजना के नाम पर सीओ से मांगी जा रही थी गोपनीय जानकारी
- प्रशासन ने की सतर्क रहने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**



जिले के सभी नागरिक व अधिकारी सतर्क रहें। मेरे नाम और फोटो का गलत उपयोग कर ठगों द्वारा अकाउंट बनाया गया है। बिशुनपुरा अंचल पदाधिकारी राजेश कुमार ने उन्हें इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बातचीत के दौरान स्पष्ट किया कि कोई भी सरकारी योजना के लिए व्यक्तिगत जानकारी या बैंक विवरण व्हाट्सएप या फोन कॉल से नहीं माँगे जाते। यदि इस प्रकार का कोई संदिग्ध संदेश या कॉल प्राप्त होता है तो तुरंत इसकी सूचना नजदीकी थाना या गढ़वा साइबर सेल को दें। आप सभी जागरूक रहें और किसी भी धोखाधड़ी का शिकार न हों।

**— दिनेश कुमार यादव, उपायुक्त, गढ़वा**

**गढ़वा।** जिले में साइबर अपराधियों ने नई तरह की ठगी को अंजाम देने का प्रयास किया है। ठगों ने जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त दिनेश कुमार यादव के नाम और फोटो का दुरुपयोग कर फर्जी अकाउंट बना लिया है। इस फर्जी अकाउंट के माध्यम से "मईंयां सम्मान योजना" के नाम पर अंचल पदाधिकारियों से बैंक खाता, व्यक्तिगत जानकारी और गोपनीय दस्तावेज माँगे जा रहे थे। प्रशासन ने इसे पूरी तरह से साइबर ठगी करार दिया है और स्पष्ट किया है कि किसी भी सरकारी योजना के लिए न तो व्हाट्सएप से संपर्क किया जाता है और न ही किसी प्रकार की गोपनीय जानकारी मांगी जाती है। इस मामले में गढ़वा जिला प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी फर्जी कॉल या मैसेज का उत्तर न देने की अपील की है।

बिशुनपुरा अंचल पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि जिस व्हाट्सएप नंबर से कॉल आया था, उसमें डीसी का फोटो लगा हुआ था, जिससे पहले भ्रम हुआ। लेकिन बातचीत के तरीके से शक हुआ कि उपायुक्त इस प्रकार की जानकारी कभी सीधे नहीं मांगते। संदेह होते ही इसकी सूचना तुरंत मुख्यालय को दी गई।

सीओ ने बताया कि जिले के अन्य क्षेत्रों से भी इसी प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। संदिग्ध मोबाइल नंबरों की जांच साइबर सेल द्वारा शुरू कर दी गई है। ठगों की पहचान कर जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि इस प्रकार की कोई कॉल या संदेश प्राप्त हो तो तुरंत नजदीकी थाना या साइबर सेल को सूचित करें और किसी भी स्थिति में बैंक खाता, ओटीपी या कोई भी गोपनीय जानकारी साझा न करें।

# तेहरान में 50 से अधिक फाइटर जेट्स ने किए हमले : आईडीएफ

**तेल अवीव (आईएएनएस)।** इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोमवार को बताया कि उसके 50 से अधिक लड़ाकू विमानों ने तेहरान में ईरानी सेना और सुरक्षा प्रतिष्ठानों पर हमला किया। ये हमले इजरायली खुफिया एजेंसी की सटीक जानकारी के आधार पर किए गए, जिनका मकसद ईरान की सैन्य क्षमताओं को गंभीर नुकसान पहुंचाना था। आईडीएफ के अनुसार, तेहरान क्षेत्र में व्यापक अभियान के तहत ईरानी शासन के सैन्य मुख्यालय, मिसाइल और रडार निर्माण स्थल, तथा मिसाइल भंडारण सुविधाओं को निशाना बनाया गया। आईडीएफ ने यह भी बताया कि हमलों में ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कई महत्वपूर्ण सैन्य कमांड सेंटरों को नष्ट किया गया, जिनमें 'थरअल्लाह मुख्यालय' प्रमुख है, जिसके पास तेहरान को आंतरिक और बाहरी खतरों से बचाने की जिम्मेदारी है। इसके साथ-साथ 'सैयद अल-शहादा ब्रिगेड' को भी निशाना बनाया गया, जो देश की आंतरिक सुरक्षा की निगरानी करती है। हमले के तहत आईआरजीसी की एक केंद्रीय सशस्त्र शक्ति 'बसीज मुख्यालय' को भी निशाना बनाया गया, जो इस्लामी कानून लागू कराने और नागरिकों पर निगरानी रखने जैसे कार्यों के लिए जाना जाता है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल




# हमें गर्व है हमारे वीर जवानों पर

**राष्ट्रीय नवीन मेल**



**दीपक वर्मा 'दीप'**




जब कभी भी बात देश पर आती है, तब हमारी सैन्य शक्ति दुश्मनों के सामने एक चट्टान की भांति खड़ी हो जाती है। और, तब शुरू होता है सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर। इतिहास गवाह है इस बात का, चाहे वह सन उन्नीस सौ पैंसठ का युद्ध हो, इकहत्तर का युद्ध हो या फिर कारगिल की लड़ाई। हमारे वीर जवानों ने दुश्मनों को हमेशा मुंहतोड़ जवाब दिया है। आज की तारीख में आतंकवाद समस्त विश्व और मानव समाज में एक कोढ़ के समान हो गया है। पहलगाम की आतंकी घटना इस बात का जीता जागता सबूत है। ये घोर निंदनीय है और 'ऑपरेशन सिंदूर' इस घटना का पुरजोर विरोध और आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब है। हमें गर्व है हमारे वीर जवानों पर, हमें गर्व है हमारे प्रधानमंत्री एवं सरकार पर। ये नए जमाने का भारत है, जिसने बिना देर किए हमारी सेना को खुली छूट दी और उस पर विश्वास जताया। हमें गर्व है अपने वीर जवानों पर, हमें गर्व है हमारी कर्नल साजिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह जैसी हमारी तमाम बेटियों पर, जिन्होंने यह साबित कर दिया कि हमारी बेटियां भी बेटों से किसी मामले में कम नहीं। हमें गर्व है उन पक्ष-विपक्ष के नेताओं और हमारे उन तमाम देशवासियों पर, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' के समय अपनी सेना और अपने देश के साथ खड़े रहे। यह 'ऑपरेशन सिंदूर' गर्व से सीना तान कर ये कहता है कि,

भारत मां का गुरूर हूं मैं,
उसकी आंखों का नूर हूं मैं।
दुश्मनों के छक्के छुड़ा दूं,
ऑपरेशन सिंदूर हूं मैं।

**जय हिंद, जय भारत, वंदे मातरम।**

## रांची में भारी बारिश से जल जमाव, जनजीवन का हाल बेहाल

# पानी-पानी राजधानी

- सेवा सदन अस्पताल, पंडरा, पंचशील नगर जैसे कई मोहल्ले पानी में डूबे
- हजारीबाग में मकान गिरने से दंपती की मौत, पलामू में दो बच्चे नदी में बहे



### मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए जारी किया ऑरेंज और येलो अलर्ट

**रांची।** मौसम विभाग ने अपने मौसम पूर्वानुमान में 26 और 27 जून को कई जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, झारखंड में पिछले 24 घंटे में मानसून की गतिविधियां सामान्य रही हैं। इस दौरान लगभग सभी स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। वहीं, रांची में 102.8 एमएम बारिश रिकॉर्ड हुई है। इस दौरान सर्वाधिक बारिश वाले अन्य जिलों में पाकुड़ में 68 एमएम, चाईबासा में 55 एमएम, रामगढ़ में 22.5 एमएम और जमशेदपुर में 20.2 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है। 23 से 26 जून 2025 तक के लिए राज्य के कई जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने मौसम अपडेट में 26 जून की सुबह 8:30 बजे से 27 जून की सुबह 8:30 बजे तक राज्य के गुमला, सिमडेगा और पश्चिम सिंहभूम में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, लोहरदगा, रांची, खूंटी, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। 27 जून की सुबह से 28 जून की सुबह तक राज्य के गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

- भारी बारिश ने रांची नगर निगम की तैयारियों की पूरी कलई खोल दी

**नवीन मेल डेस्क**

रांची। राज्य के कई क्षेत्रों में हो रही लगातार भारी बारिश से सोमवार को भी लोग परेशान रहे। झमाझम बारिश से रांची, रामगढ़, हजारीबाग, लातेहार, बोकारो, गिरिडीह, जमशेदपुर सहित कई शहरों में सड़कों पर जल जमाव हो गया। इन शहरों के निचले इलाकों के कई घरों में भी पानी घुस गया। भारी बारिश से नदियों, जलाशयों में जलस्तर बढ़ गया है। वहीं, नदियों, झरनों में लोगों के डूबने की घटनाएं सामने आ रही हैं। मूसलाधार बारिश से घरों की छत आदि गिरने की घटनाएं भी हो रही हैं। राजधानी रांची में सोमवार को करीब डेढ़ घंटे तक गर्जन के साथ मूसलाधार बारिश हुई। इस बारिश से रांची का हाल बेहाल हो गया। कई जगह जल जमाव हो गया। बारिश के बाद बड़ा तालाब और हरमू नदी सहित अन्य नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। इस भारी बारिश से नदी-नाले उफना गए और सड़कें पानी में डूब गईं। इससे आने-जाने वाले लोगों को बहुत परेशानी उठानी पड़ी। रांची के कई इलाकों में कमर तक पानी भर गया है। कार और मोटरसाइकिल को पानी में तैरते देखा गया। बारिश ने रांची नगर निगम की तैयारियों की पूरी कलई खोल दी है। रांची के अपर बाजार स्थित सेवा सदन अस्पताल, पंडरा, पंचशील नगर, कोकर के कई मोहल्ले पानी में डूब गए। पंचशील चौक पर लगभग घुटनों तक पानी भर गया था। पानी पार करने में लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। छोटी गाड़ियां रिस्क लेकर पार हो रही थीं। एनएच 75 भी घंटों जाम रहा, हजारों गाड़यां फंसी रहीं। कई गाड़ियां पानी में बंद हो गइंं, जिसे लोग खींचकर ले जाने को विवश हुए। रांची के हरमू, लालपुर, कचहरी, चुटिया सहित कई इलाकों में जलजमाव से लोग परेशान रहे। रेडियम रोड, मोरहाबादी बाजार, करमटोली चौक, करमटोली तालाब रोड और कर्बला चौक रोड पर हालात इतने खराब हो गए कि लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था। तेज बारिश के कारण करमटोली चौक पर घुटनों तक पानी जमा हो गया। रांची रेलवे स्टेशन के बाहर पानी भरने से यात्रियों को भारी परेशानी हुई। लगातार बारिश से स्कूली बच्चे और अन्य काम करने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मेन रोड स्थित सैनिक मार्केट में भी कुछ दुकानों में पानी प्रवेश कर गया। रांची में न्यूनतम तापमान 22.1 और अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं, रांची के बसरटोली स्थित संत माग्रेट यूपी कन्या पाठशाला और संत पॉल्स कॉलेज के स्टॉफ क्वार्टर की बाउंड्री गिरने मोरहाबादी के बबलू उरांव की मौत हो गई। परिजन और इलाके के लोग इस घटना से सकते में हैं। बबलू उरांव सेना से रिटायर होने के बाद रांची के निजी प्रतिष्ठान में गार्ड का काम करते थे। सोमवार को उनका ऑफ डे था। इस कारण वे घर पर थे और अपनी बाइक से अपने दोनों बच्चों को स्कूल लेकर गए थे। स्कूल की छुट्टी होने के बाद दोनों बच्चों को लेकर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। इस हादसे में बबलू उरांव मौत हो गई। दोनों बच्चों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इधर, हजारीबाग के बरही थाना क्षेत्र में रसोइया धमना बाराटोला गांव में भारी बारिश से रविवार की देर रात को एक जर्जर मकान की छत गिर गई। इसके मलबे में दबकर हबीब अंसारी और उनकी पत्नी जुमेरा खातून की मौत हो गई। दोनों की उम्र लगभग 50 वर्ष थी।

### जल जमाव को देखना नगर निगम का काम : सीपी सिंह

रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि नगर निगम को देखना चाहिए कि कहां जल जमाव है, कहां पानी घरों में घुस रहा है। विधायक के पास कोई तंत्र नहीं होता है कि पानी निकाले। यह देखना नगर निगम का काम है। जहां-जहां से मुझे सूचना मिल रही है, रांची नगर निगम को सूचित कर रहा हूं। आज भी एक छात्रावास गया था, जहां पानी भरा था। सूचित करने पर नगर निगम की टीम आई और पानी निकाला।

### प्री-मॉनसून बारिश के कारण तैयारी का समय ही नहीं मिला : सुदिव्य

राज्य के नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि पिछली बार की बारिश में भी रांची में पानी भर गया था। इसमें सतही तौर पर जिन चीजों को सुधारा जा सकता था, वे चीजें की जा रही हैं। इस बार प्री-मॉनसून बारिश के कारण तैयारी का समय ही नहीं मिला, लेकिन फिर भी रांची नगर निगम लगा हुआ है कि जल जमाव नहीं हो।

### युद्ध स्तर पर काम हो रहा है : नगर निगम प्रशासक

नगर निगम प्रशासक सुशांत गौरव ने कहा कि जहां से सूचना आ रही है, जिस तंत्र से सूचना आ रही है, युद्ध स्तर पर काम हो रहा है। जनभागीदारी का अवसर है, थोड़ा-थोड़ा सबको प्रयास और सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वाकई जनता को दिक्कत है, पानी की भयावह स्थिति है। जैसे-जैसे संज्ञान आ रहा है, टीम भेज रहे हैं। नाली जाम है, उसे साफ कराया जा रहा है। मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। आने वाले समय में इस समस्या से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## इंडिया

# आंकड़ेबाजी करते सरकारी गुरुजी और बढ़ता कोचिंग उद्योग



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

कुछ दिनों पूर्व बड़े कोचिंग संस्थानों के बड़े विज्ञापनों पर शिक्षा मंत्री रह चुकीं एक महिला की सोशल मीडिया में टिप्पणी आई कि इसमें डॉक्टर इंजीनियर बनने वाले कितने आदिवासी बच्चे हैं? सवाल यह भी होना चाहिए था कि कितने ग्रामीण या सरकारी स्कूलों के बच्चे इसमें हैं? जब पढ़ाई के अलावा सरकारी गुरुजी जनगणना, पशुगणना और वोटर लिस्ट बनाएंगे पाठ्य पुस्तकें समय पर छपेंगी नहीं तो विद्यालय और स्कूल में अंतर आएगा ही। झारखंड में विद्यालय स्तर की निजी शिक्षा व्यवस्था ने एक बड़े उद्योग का रूप ले लिया है और बड़े व्यावसायिक घराने तक भारी भरकम पूंजी लगाकर स्कूल खोल रहे हैं जबकि कभी बड़े सरकारी अधिकारी से लेकर सफल नागरिक देने वाले सरकारी विद्यालय करोड़ों खर्च कर भी परिणाम नहीं देने के कारण हाशिए पर चले गए हैं । यूनेस्को की रिपोर्ट में भारत की विद्यालयी शिक्षा पर चिंता व्यक्त की है तो यह हमारे लिए आत्म मंथन का समय है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरे देश में एक लाख स्कूल केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। पूरे देश में 11.16 लाख शिक्षकों के पद रिक्त हैं, जिसमें 69 प्रतिशत पद ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की दशा और दिशा को समझने के लिए ये आंकड़े पर्याप्त हैं। सभी पदों को भर भी दिया जाए तो सुधार संदिग्ध है। भारत जैसे असमान विकास और ग्रामीण बहुलता वाले देश में सरकारी स्कूल की विशेष महत्ता है, क्योंकि निजी स्कूल अपने विस्तार में सीमित और स्वरूप में अर्थ-केंद्रित होते हैं। लेकिन विडंबना देखिए कि जहां सरकारी स्कूल उपेक्षा के शिकार हैं, वहीं निजी स्कूल के प्रति आकर्षण बढ़ता जा रहा है। इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि सरकारी स्कूल हमारे उद्देश्यों के अनुरूप सफल नहीं हो पाए हैं, लेकिन इसके लिए केवल सरकारी स्कूलों को उत्तरदायी ठहराना उचित नहीं होगा, अपितु इसके लिए वोट बैंक और हमारी भ्रष्ट सोच, हमारा घरेलू और सामाजिक परिवेश भी जिम्मेदार है, जिसमें निजी स्कूल में पढ़ने वाले को एक सामाजिक प्रतिष्ठा की दृष्टि से तथा सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले को अपेक्षाकृत तिरष्कृत दृष्टि से देखा जाता है, भले ही उसमें पढ़ने वाले बच्चे कितने भी प्रतिभाशाली क्यों न हों। उपभोक्तावाद के इस युग में प्रतिभा से ज्यादा 'मार्केटिंग' और प्रतिष्ठा महत्व रखती है, जिसमें सरकारी स्कूल पिछड़ जाते हैं।



समय-समय पर इस अंतराल को कम करने की कोशिश की जाती है, लेकिन दुर्भाग्यवश वे सफल नहीं हो पाते। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अगस्त 2015 में अपने एक निर्णय में यह आदेश दिया था कि उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव अगले छह माह में योजना तैयार करें कि कैसे सरकारी कर्मचारियों और लोक सेवकों के बच्चे केवल सरकारी स्कूलों में पढ़ेंगे। देश के अभिजात्य वर्ग ने इसे अपने 'स्टेटस' पर एक प्रहार माना और यह आदेश महज एक कागजी पत्र बनकर रह गया।निजी स्कूलों की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ रही है और कुछ लोगों की दृष्टि में वे 'सफलता के नए प्रतिमान' गढ़ रहे हैं। लेकिन यह भी सच है कि हमारे सारे निजी संस्थान मिलकर भी प्रतिभाशाली विचारक, विज्ञानी आदि पैदा नहीं कर सकते। हमें याद रखना चाहिए कि भारतीय परिवेश से दूर निजी विद्यालय नौकरी और व्यवसाय के लिए फिट अभ्यर्थी दे सकते हैं पर जमीनी सच्चाईयों से अवगत नहीं करा सकते जिस कारण उन्हें योग्य नागरिक नहीं कहा जा सकता ।कुछ दिनों पूर्व के सीबीएसई बोर्ड के नतीजों से पता चला है कि दिल्ली सरकार के स्कूलों, केंद्रीय विद्यालय संगठन और जवाहर नवोदय विद्यालयों ने पिछले बार की तुलना में 10वीं और 12वीं दोनों बोर्ड्स में शानदार प्रदर्शन किया है। शिक्षाविदों का मानना है कि सरकारी स्कूलों की सफलता आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि वे अपने छात्रों का समर्थन करने के लिए अतिरिक्त प्रयास कर रहे हैं।सरकारी स्कूलों में चाहे कम प्रतिभाशाली छात्र हों या फिर ज्यादा, सब पर ध्यान दिया जाता है। स्कूलों की तरफ से कमजोर छात्रों को स्कूल के बाद अतिरिक्त कक्षाएं भी लगाई जाती हैं। जिसके चलते एक्स्ट्रा क्लासेज की भी जरूरत नहीं पड़ती है। संयम भारद्वाज, नियंत्रक, परीक्षा, सीबीएसई, कहते हैं, "केवीएस और जेएनवी में अच्छे शिक्षकों की भर्ती एक कड़ी चयन प्रक्रिया के माध्यम से की जाती है। इसके विपरीत पैरवी और राजनीतिक बाध्यता के कारण बहाल शिक्षक गुणवत्ता नहीं दे पाते जबकि राज्य सरकारों के विद्यालय के शिक्षकों को जनगणना, पशुगणना, वोटर लिस्ट बनाने से लेकर गंगा सफाई अभियान,कोविड रोकथाम अभियान,हाथ धुलाई अभियान, पौध रोपण अभियान,विश्व योगा अभियान,अग्निपथ योजना प्रसार अभियान,स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड प्रचार प्रसार रिपोर्ट भेजने के कार्यों में लगा दिया जाता है, पाठ्य पुस्तकें समय पर छपकर नहीं आतीं जैसे कारणों से पढ़ाई का माहौल और समय नहीं बचता और परिणाम निराशाजनक होते हैं । 2023 से पीएमश्री आदर्श विद्यालय की बात नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सभी राज्यों से यह गारंटी लेने की बात कही गई थी, जिनमें शिक्षकों को किसी भी गैर-शैक्षणिक कार्य में न लगाया जाए शामिल था पर यह मात्र घोषणा बनकर रह गई ।दूसरी ओर शिक्षा मंत्रालय के निर्देशों का खुला उल्लंघन कर कुकुरमुत्ते की तरह खुले कोचिंग संस्थान 16 वर्ष से कम के बच्चों की पढ़ाई दिन में करा रहे हैं।

# रेड़मा व सदिक चौक पर सघन वाहन जांच



- शराब पीकर वाहन चलाने पर मोटरसाइकिल को किया गया सीज

**मेदिनीनगर।** नगर क्षेत्र के रेडमा चौक एवं सादिक चौक के पास सोमवार को पुलिस और जिला प्रशासन की ओर से सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की कागजातों की जांच की गई। साथ ही, ब्रेथ एनालाइज़र मशीन से कई वाहन चालकों के शराब सेवन की भी जांच की गई। जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल चालक शराब पीकर वाहन चलाते हुए पाया गया। संबंधित मोटरसाइकिल को तत्काल सीज कर शहर थाना परिसर में सुरक्षित रूप से रखा गया है। यातायात प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि सीज की गई मोटरसाइकिल से संबंधित मामला मंगलवार को जिला परिवहन कार्यालय, पलामू में प्रस्तुत किया जाएगा, जहां विधिसम्मत चालान और जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने यह भी कहा कि नगर क्षेत्र में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर निरंतर निगरानी और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## एक नजर

### जल-जमाव की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड दो और तीन में लगातार हो रही बारिश के कारण जल-जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। नाली जाम हो जाने से सड़कों पर पानी बहने लगा था और स्थानीय लोगों का चलना मुश्किल हो गया था। जल-जमाव की खबर मिलते ही नगर पंचायत हुसैनाबाद के कार्यपालक पदाधिकारी तरनीश कुमार हंस ने सफाई कर्मियों की टीम को तुरंत मौके पर भेजा और नालियों की वैकल्पिक निकासी की व्यवस्था करवाई। सफाई कर्मियों ने नाली से पानी निकालने का त्वरित कार्य किया जिससे लोगों को राहत मिली। कार्यपालक पदाधिकारी ने मौके का निरीक्षण करने के बाद जल निकासी व्यवस्था को सुधारने और सड़कों पर बने गड्ढों को तुरंत भरने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा ताकि लोगों को आने-जाने में किसी तरह की परेशानी न हो। नगर पंचायत के इस त्वरित कदम की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

### नशा मुक्त समाज के लिए महिलाओं की बढ़ती भागीदारी

**मोहम्मदगंज।** नशा मुक्त समाज निर्माण की दिशा में ग्रामीण इलाकों में महिलाओं की जागरूकता उल्लेखनीय रूप से बढ़ रही है। पंसा पंचायत के अधौरा गांव की जलसहिया शारदा देवी, पूजा देवी, जेंडर सीआरपी अमिता देवी, रीता देवी, अनीता देवी समेत दर्जनों महिलाओं ने अपने स्तर से नशा उन्मूलन अभियान को नई गति दी है। महिलाएं गांव-गांव रैली निकालकर, बैठक आयोजित कर और प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करा रही हैं। वे मादक पदार्थों के सेवन को न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए, बल्कि पूरे परिवार और समाज के लिए घातक बता रही हैं। महिलाओं का कहना है कि नशे की लत समाज को दीमक की तरह खा रही है, इसे मिलकर जड़ से खत्म करना होगा। इस दौरान जागरूकता कार्यक्रमों में प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है और सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई जा रही है। ग्राम जल स्वच्छता समिति और जेएसएलपीएस के महिला समूह इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। गांव की महिलाएं अब खुलकर नशे के खिलाफ खड़ी हो रही हैं और समाज को जागरूक करने में जुटी हैं।

### रफीक अंसारी की पहल पर हटाया गया सड़क से विशाल पेड़



**पांकी।** बकोरिया मुख्य पथ के चंद्रपुर गांव में बीते चार दिनों से गिरा विशाल पीपल का पेड़ ग्रामीणों की परेशानी का कारण बना हुआ था। इस दौरान ग्रामीणों को वैकल्पिक कच्चे रास्ते से गुजरने में काफी कठिनाई हो रही थी। प्रशासन द्वारा कोई पहल न होते देख समाजसेवी सह मुखिया पति रफीक अंसारी ने निजी प्रयास से सोमवार को पेड़ को कटवाकर रास्ता साफ कराया। स्थानीय लोगों ने रफीक अंसारी की तत्परता की सराहना की और प्रशासन से भविष्य में इस तरह की समस्याओं के समय पर समाधान की मांग की।

# अमानत नदी में नहाने के दौरान दो नाबालिग डूबे, एक का शव मिला, दूसरे की तलाश जारी

**पांकी प्रखंड की दो अलग-अलग घटनाएं, परिजनों में कोहराम**



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** रविवार की शाम पांकी प्रखंड के दो अलग-अलग पंचायतों में अमानत नदी में नहाने के दौरान दो नाबालिग बच्चों के डूबने की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। पहली घटना पकरिया पंचायत के लालिमाटी गांव की है, जहां साबिर अंसारी का 13 वर्षीय पुत्र समीर अंसारी अन्य बच्चों के साथ नदी में नहाने गया था। नहाने के दौरान समीर गहरे पानी में चला गया और डूब गया। सूचना मिलते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और रातभर उसकी तलाश की, लेकिन सोमवार दोपहर तक कोई सुराग नहीं मिला। उसकी खोज अब भी जारी है। दूसरी घटना ढुब पंचायत के उकसु गांव की है, जहां चिंतामणि राम का 17 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार नहाते समय डूब गया। ग्रामीणों द्वारा लगातार खोजबीन के बाद सोमवार सुबह उसका शव घटनास्थल से कुछ दूरी पर मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा। घटना से दोनों गांवों में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजन प्रशासन से दूसरे नाबालिग की तत्काल तलाश की मांग कर रहे हैं। प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि मिन्टी वर्मा, समाजसेवी विपिन सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों ने संवेदना व्यक्त की और प्रशासन से कार्रवाई की मांग की।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, एक गंभीर घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** बेलौदर मोड़ के समीप एनएच-139 पर रविवार की रात लगभग 9:30 बजे सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक राजकुमार साव बिहार के औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के बहेरा गांव का निवासी था। घायल व्यक्ति राजू साव भी कुटुंबा का रहने वाला है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे राजकुमार साव की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल राजू साव को हरिहरगंज सीएचसी पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## छतरपुर पुलिस ने 13 साल से फरार तीन वारंटी को पकड़ा



**छतरपुर।** थाना पुलिस ने मनहु गांव के तीन फरार लाल वारंटधारी अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में सतेंद्र यादव, कैलाश यादव और जनेश्वर यादव शामिल हैं। तीनों आरोपी पिछले 13 वर्षों से फरार चल रहे थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली, जिसके बाद विशेष छापेमारी कर इन्हें पकड़ा गया। तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## हुसैनाबाद पुलिस ने निकाली नशा मुक्ति प्रभात फेरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सोमवार को हुसैनाबाद पुलिस द्वारा नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाली गई। रैली हुसैनाबाद थाना परिसर से शुरू होकर अंबेडकर चौक, मुख्य बाजार, जेपी चौक, पटेल चौक होते हुए पुनः थाना परिसर में समाप्त हुई। इस अभियान का नेतृत्व हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने किया। प्रभात फेरी में बक्शी उच्च विद्यालय के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान 'नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो', 'नशा से बबार्दी होती है'जैसे नारे गूंजते रहे। थाना प्रभारी ने कहा कि नशा की लत बच्चों तक पहुंच रही है, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने समाजसेवियों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों से नशा मुक्ति अभियान को जन आंदोलन बनाने की अपील की। पुलिस ने मादक पदार्थ बेचने वालों की सूचना तत्काल देने की भी अपील की। इस मौके पर देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, एसआई वीरेंद्र मेहता, मुकेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मो. अली समेत कई पुलिसकर्मी और स्कूली बच्चे शामिल थे।

### चेतना परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष के निधन पर शोक

**हुसैनाबाद।** सोमवार को जपला स्थित व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा के आवास पर आंबेडकर चेतना परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत शिक्षक धनपत रजक के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। बताया गया कि स्व. रजक का निधन ब्रेन हैमरेज के कारण हुआ। वे छतरपुर प्रखंड के हरैया ताड़ गांव निवासी थे। कृष्णा बैठा ने बताया कि रजक साहब एक प्रखर समाजसेवी, शिक्षाविद और सच्चे बौद्ध अनुयायी थे। वे हमेशा अंधविश्वास और पाखंड का विरोध करते रहे। श्रद्धांजलि सभा में अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रतिनिधि, समाजसेवी, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## राशनकार्ड के लिए 15 माह से परेशान लकड़हारा परिवार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के राजनडीह गांव में रहने वाली सुनीता देवी के परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। परिवार के मुखिया भूताली रजवार लकड़ी बेचकर आठ सदस्यीय परिवार का पालन कर रहे हैं, लेकिन 15 माह पूर्व किए गए राशनकार्ड आवेदन के बावजूद अब तक उनका राशनकार्ड नहीं बना है। परिवार का कहना है कि उन्होंने मार्च 2024 में ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन पांच बच्चों का आधार नहीं होने के कारण तीन सदस्यों के नाम से ही आवेदन किया गया था। इसके बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा। परिवार को खुले बाजार से महंगे दामों पर अनाज खरीदना पड़ रहा है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट और गहराता जा रहा है। यह लापरवाही प्रशासन की संवेदनहीनता का बड़ा उदाहरण बन गया है। ग्रामीणों ने इस मामले की जांच कर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

**आवेदन के बाद भी नहीं बनी सरकारी सहायता की पात्रता**

## मौसम बदलते ही खेलों में बच्चों की बढ़ी रुचि



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** बरसात शुरू होते ही हैदरनगर के बच्चों में खेलों के प्रति जबरदस्त उत्साह देखने को मिला है। सोमवार को मौसम सुहाना होते ही हैदरनगर हाईस्कूल मैदान में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सामूहिक रूप से फुटबॉल खेला। शिक्षकों ने बच्चों को खुले में खेलने और शारीरिक विकास पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। उत्क्रमित हाईस्कूल पांती और पतरिया के शिक्षक उपेन्द्र राम और मो. नुरुल अंसारी ने कहा कि बच्चों में गर्मी के बाद खेलों के प्रति नई ऊर्जा दिख रही है। उत्क्रमित प्राथमिक स्कूल सोबा और बहेरा के प्रधानाध्यापक चक्रवर्ती कुमार सिंह और संजय राम के नेतृत्व में खेल आयोजन सफलतापूर्वक कराया गया। सुबह से लेकर दोपहर तक बच्चे पूरे जोश के साथ मैदान में उछल-कूद करते रहे। इस आयोजन में आसपास के गांवों के बच्चे भी शामिल हुए। शिक्षकों का कहना है कि बच्चों का खेल के प्रति रुझान बढ़ाना जरूरी है ताकि वे मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बन सकें।

# पीएम श्री हाई स्कूल में साइकिल रैली का आयोजन

**खेलों और प्रतिभाओं को बढ़ावा देने का संकल्प**



**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा।** पीएम श्री हाई स्कूल में सोमवार को छात्रों द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रोहित कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि सरकार द्वारा साइकिल रैली, कबड्डी, खो-खो जैसे खेलों को बढ़ावा देना सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राएं अब राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं, जरूरत केवल उन्हें सही अवसर देने की है। आयोजन प्रहरी क्लब के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक चंद्रमा मेहता, शंकर प्रजापति, सुनील पाठक, शर्मा कुमार, राजीव रंजन समेत कई शिक्षक उपस्थित थे।

## मुख्य नहर में पानी छोड़ने में देरी से चिंतित किसान

**कार्यपालक अभियंता ने वेपकोस को पत्र लिख मशीन हटाने का दिया निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** उत्तर कोयल परियोजना के दायीं मुख्य नहर में लाइनिंग कार्य जारी रहने से खरीफ फसल की बोआई प्रभावित होती दिख रही है। किसानों ने आशंका जताई है कि यदि जल्द नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो इस बार भी फसल का नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसान रामजन्म राम, रामबचन बैठा, नर्वदेश्वर सिंह, मनोज कुमार सिंह, शुभम सिंह, रामरेखा मेहता समेत कई किसानों ने भीमबराज से जल्द मुख्य नहर में पानी छोड़े जाने की मांग की है। इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए उत्तर कोयल बांध एवं बराज प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने नहर में काम कर रही एजेंसी वेपकोस के प्रोजेक्ट मैनेजर को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि लगातार बारिश के कारण अब लाइनिंग कार्य जारी रखना संभव नहीं दिखता, इसलिए नहर में रखी गई मशीनों को तुरंत हटाया जाए। पत्र में स्पष्ट किया गया कि झारखंड राज्य की सीमा तक जलप्रवाह शुरू करना अब अत्यंत आवश्यक हो गया है ताकि खरीफ फसलों के लिए समय पर सिंचाई संभव हो सके। अधिकारियों ने बताया कि कोयल नदी का जलस्तर फिलहाल नियंत्रित है और भीमबराज में पर्याप्त जल भंडारण मौजूद है। जैसे ही नहर हस्तगत की जाएगी, पानी छोड़ा जाएगा। वेपकोस द्वारा नहर को शीघ्र उपलब्ध कराने पर ही किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल सकेगी। किसान इस मुद्दे को लेकर प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

## जल सहियाओं को मिला एसएसजी एप का प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड सभागार, हैदरनगर में सोमवार को जल सहियाओं को स्वच्छता सर्वेक्षण (ग्रामीण) 2025 के लिए एसएसजी एप का प्रशिक्षण दिया गया। वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि ने एप के संचालन और नागरिक फीडबैक लेने की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एप के माध्यम से गांवों में ठोस व तरल कचरा प्रबंधन, जल स्वच्छता समिति की बैठक, स्वच्छता के मानकों का नियमित फीडबैक देना और डेटा अपलोड करना अनिवार्य होगा। जल सहियाओं को नागरिकों से अधिक से अधिक फीडबैक एकत्र करने की जिम्मेदारी दी गई है। मुखिया सुदर्शन राम ने जल सहियाओं से अपने क्षेत्रों को खुले में शौच से मुक्त रखने और शौचालयों की मरम्मत की रिपोर्ट शीघ्र देने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण में जल सहिया सरिता देवी, रुपा देवी, संजू देवी, सबिना खातून, मंजू देवी, सुनैना देवी, आरती देवी समेत दर्जनों जल सहियाओं ने भाग लिया और समयबद्ध कार्य पूरा करने का संकल्प लिया।

## हर साल बरसात में जल-जमाव, स्थायी समाधान नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** हैदरनगर मुख्य बाजार में हर साल बरसात में जल-जमाव की समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है। जपला-हैदरनगर मुख्य पथ से बस स्टैंड के समीप प्रवेश करते ही बाजार की सड़कों पर जल-जमाव और गंदगी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय व्यवसायी सुदर्शन लाल, प्रतीक कुमार, हर्ष कुमार, अनूप कुमार सिंह समेत कई लोगों ने बताया कि यह समस्या वर्षों पुरानी है। पंचायत प्रतिनिधियों और प्रशासन को लगातार जानकारी दी जाती रही है, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका। लोगों ने कहा कि केवल अस्थायी मरम्मत से इस समस्या का हल नहीं निकल सकता। बाजार क्षेत्र में बड़े ढक्कनयुक्त नाले का निर्माण और सभी गलियों की जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करना ही स्थायी समाधान हो सकता है। स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब मुख्य बाजार का यह हाल है, तो गांवों में विकास की कल्पना करना बेमानी है। उन्होंने स्थायी समाधान की मांग करते हुए प्रशासन से शीघ्र ठोस कदम उठाने का आग्रह किया है।

## दो दिवसीय ऑस्टियोआर्थराइटिस शिविर में 170 मरीजों का इलाज

**बीडीओ व चिकित्सकों ने शिविर का किया उद्घाटन**




**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** प्रखंड परिसर में सोमवार को पलामू जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार दो दिवसीय ऑस्टियोआर्थराइटिस एवं मस्कुलोस्केलेटल से ग्रसित मरीजों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अशिष कुमार साहू, अनुमंडलीय चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेश अग्रवाल, एसएचओ डॉ. संतोष कुमार रवि, 20 सूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह, अमित कुमार सिंह और प्रधान सहायक नवाब खां ने संयुक्त रूप से किया। इस शिविर में लगभग 170 मरीजों का जांच और इलाज किया गया। चिकित्सक डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि शिविर में सबसे अधिक जोड़ों के दर्द, शुगर और बीपी से संबंधित मरीज आए। मरीजों को आवश्यक दवाएं दी गईं और बीमारी से बचाव की जानकारी भी प्रदान की गई।

**पुण्यतिथि**

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत 2047 का संकल्प लिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह के आवासीय परिसर सह भाजपा कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। भाजपा कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता अजय प्रसाद गुप्ता ने की। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान देश की एकता और अखंडता के लिए अमूल्य था। वक्ताओं ने कहा कि उनके आदर्शों को अपनाकर ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है। इस अवसर पर भारत माता की जय और विकसित भारत 2047 का संकल्प दोहराया गया। कार्यकताओं को जागरूक नागरिकों से संकल्प पत्र भरवाने और हस्ताक्षर कराने का दायित्व भी सौंपा गया। कार्यक्रम का समापन भाजपा नेता योगेंद्र सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित थे।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर बलिदान दिवस मनाया गया सांसद ने कहा- श्यामा प्रसाद महामानव थे



**सतबरवा।** प्रखंड के खाम्डीह गांव में सोमवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सांसद ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि वे महामानव थे, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इसके बाद सांसद एनएचआई द्वारा अधिग्रहित की जा रही भूमि का निरीक्षण करने रैयतों के बीच पहुंचे और उन्हें आश्वस्त किया कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सांसद ने मौके पर एनएचआई के अधिकारियों को बुलाने का वादा किया। इस अवसर पर समाजसेवी आशिष कुमार सिन्हा, स्मिता दीदी, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा, संयोजक महेश्वर सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### हैदरनगर में किसानों के बीच मड़ुवा बीज का वितरण



**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एटिक सेंटर, हैदरनगर में मंगलवार को 30 किसानों के बीच मड़ुवा (रागी) बीज का वितरण किया गया। यह वितरण बीस सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में सहायक तकनीकी प्रबंधक परवीन जहां ने कहा कि विभागीय गाइडलाइन के अनुसार समय से बीज उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि किसान लाभान्वित हो सकें। पंचायत के उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, मुखिया जितेंद्र सिंह, कुसुम देवी, उपमुखिया सुधीर सिंह की उपस्थिति में वितरण पारदर्शी ढंग से किया गया। मौके पर किसानों को मड़ुवा की खेती के लाभ और इसकी पौष्टिकता के बारे में बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि मड़ुवा कुपोषण से लड़ने में कारगर है और यह मोटे अनाजों में एक प्रमुख विकल्प बन सकता है। किसानों को इसके उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करते हुए बताया गया कि इससे उनकी आय में वृद्धि और क्षेत्र में पोषण सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

### नशा मुक्त समाज के लिए छात्रों ने जगाई अलख



**सतबरवा।** गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन तथा स्कूली शिक्षा विभाग झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार सोमवार को राजकीयकृत सर्वोदय +2 उच्च विद्यालय सतबरवा में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत प्रभात फेरी और साइकिल रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम का नेतृत्व नवयुवक अभिषेक तिवारी ने किया। प्रभात फेरी विद्यालय से प्रारंभ होकर मेला टांड़, रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंची और पुनः विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने 'नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो', 'स्वस्थ समाज, उज्ज्वल भविष्य' जैसे नारों के साथ पूरे इलाके को जागरूक किया। निषिद्ध मादक पदार्थ के जिला प्रशिक्षक अभिषेक तिवारी और दिलीप कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि नशा समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने छात्रों से नशा मुक्ति का संदेश अपने परिवार और समाज में फैलाने की अपील की। व्यावसायिक शिक्षक सुबोध कुमार ने कहा कि यह अभियान सतबरवा को नशा मुक्त बनाने की दिशा में सार्थक पहल है। कार्यक्रम में सत्य प्रकाश शर्मा, नरेंद्र राम, सदाम हुसैन, विश्वजीत पासवान, संदीप कुमार, रवि रंजन कुमार, भीम यादव, मेघा कुमारी, प्रद्युम्न कुमार समेत कई शिक्षक उपस्थित थे।

### कारगिल शहीद युगंबर दीक्षित की मनाई गई 26वीं शहादत दिवस



**नीलांबर-पीतांबरपुर।** जगतपुरवा मोड़ पर सोमवार को कारगिल शहीद अमर युगंबर दीक्षित की 26वीं शहादत दिवस मनाई गई। कार्यक्रम में शहीद की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। लोगों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, युगंबर दीक्षित अमर रहे, जब तक सूरज-चांद रहेगा युगंबर दीक्षित तेरा नाम रहेगा जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गुंजा दिया। शहीद युगंबर दीक्षित पलामू जिले के भदूमा गांव के निवासी थे। 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान दुश्मनों से लोहा लेते हुए भारत माता के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। इस अवसर पर शिक्षक संत कुमार तिवारी, राम प्रकाश तिवारी, चंदन दुबे, पवन तिवारी, ओम प्रकाश दुबे, मुखिया प्रतिनिधि ओम प्रकाश शुक्ला, अजय तिवारी समेत कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनीष पांडेय ने किया।

## शादी की सालगिरह पर गौ सेवा का संकल्प, नई परंपरा की शुरुआत

**मेदिनीनगर।** आनंद अरुणा शंकर ने अपने वैवाहिक जीवन की सालगिरह को खास अंदाज में मनाने का निर्णय लेते हुए एक प्रेरणादायक पहल की है। उन्होंने कहा कि हम सब आज एक नई परंपरा की शुरुआत करते हुए अपनी शादी की सालगिरह के अवसर पर बायपास रोड स्थित गौशाला में शाम 6:30 बजे गौ माता की सेवा कर उनका आशीर्वाद लेंगे।

उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों और सनातन परंपराओं के प्रति सम्मान का प्रतीक है। इस अवसर पर उन्होंने सभी परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों को सादर आमंत्रित किया है।

यह पहल समाज में धार्मिक भावना, सेवा संस्कार और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को भी संदेश देती है। आनंद अरुणा शंकर की यह सोच उन लोगों के लिए भी प्रेरणा है जो अपने विशेष अवसरों को सामाजिक और आध्यात्मिक रूप से सार्थक बनाना चाहते हैं।

# पलामू में मई माह में 29 सड़क दुर्घटनाएं, 28 की मौत

- उपायुक्त ने दुर्घटनास्थलों पर सुरक्षा उपायों को तेज करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में मई महीने में सड़क हादसों की स्थिति चिंताजनक रही। जिले में 29 सड़क दुर्घटनाओं में 28 लोगों की मौत हो गई और 25 लोग घायल हुए। ये आंकड़े सोमवार को उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में प्रस्तुत किए गए।

उपायुक्त ने ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर रंबल स्ट्रिप और रिफ्लेक्टर लगाने, अतिक्रमण हटाने और जागरूकता कार्यक्रम तेज करने के निर्देश दिए। गुड सेमेरिटन योजना के प्रचार-प्रसार पर भी बल दिया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने नवाबाजार के कंडा घाटी और सतबरवा बाजार में तत्काल रिफ्लेक्टर एवं रंबल स्ट्रिप लगाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि इन स्थानों पर सड़क हादसों की संख्या ज्यादा है।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित निर्देशों का समय पर पालन हो, ताकि जानमाल की हानि रोकी जा सके। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, तीनों एसडीओ और सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## नशा उन्मूलन को लेकर बच्चों की जागरूकता रैली निकली

- थाना प्रभारी ने नशे के दुष्परिणाम बताए, बच्चों ने लिया नशा से दूर रहने का संकल्प

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सोमवार को सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में राजकीय उत्क्रमित बालिका उच्च विद्यालय चियाकी की छात्राओं के साथ नशा उन्मूलन के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में छात्राएं हाथों में नशा मुक्ति के संदेश लिखे तख्तियां लिए तथा साइकिल पर पोस्टर लगाकर पूरे गांव में नशा के खिलाफ जागरूकता फैलाती रहीं।

थाना प्रभारी ने रैली के दौरान बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने समझाया कि नशा सिर्फ व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को नुकसान पहुंचाता है। नशा के कारण कई युवा पढ़ाई, करियर और जीवन की दिशा खो बैठते हैं।

कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं ने नशा से दूर रहने और समाज को भी इसके खिलाफ जागरूक करने की शपथ ली। इस रैली का मुख्य उद्देश्य बच्चों के माध्यम से समाज में नशा के खिलाफ सकारात्मक संदेश फैलाना था। थाना प्रभारी ने अभिभावकों और शिक्षकों से भी आग्रह किया कि वे बच्चों को नशे से बचाने के लिए सतर्क रहें।

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कचहरी चौक पर वाहनों की जांच



- 12 बाइक जब्त, 24 हजार से अधिक का जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के कचहरी चौक पर सोमवार को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर परिवहन विभाग व पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से वाहनों की जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की कड़ाई से जांच की गई। जांच के क्रम में कई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट और बगैर ड्राइविंग लाइसेंस के पाए गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले ऐसे 12 दोपहिया वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। जब्त की गई सभी गाड़ियों से संबंधित कार्रवाई हेतु उन्हें जिला परिवहन कार्यालय, पलामू भेजा गया। परिवहन विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 23 जून 2025 को भेजे गए वाहनों का चालान और फाइन की प्रक्रिया पूरी की गई। जांच में पकड़ी गई 12 दोपहिया गाड़ियों पर कुल 12,150 रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया है। इसके अलावा दो ई-रिक्शा सवारी वाहनों पर 2,300 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं, एक ई-रिक्शा चालक को शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा गया, जिसके विरुद्ध गंभीर कार्रवाई करते हुए 10,170 रुपये का चालान काटा गया है। कुल मिलाकर जांच अभियान के तहत 24,620 रुपये का चालान फाइन संबंधित दस्तावेजों के साथ प्राप्त हुआ है।

यह अभियान सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया था। अधिकारियों ने कहा है कि आगे भी इस तरह की जांच नियमित रूप से की जाएगी ताकि आमजन को नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया जा सके और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। यातायात प्रभारी समाल अहमद ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे हेलमेट पहनकर, ड्राइविंग लाइसेंस एवं वाहन के सभी वैध कागजातों के साथ ही सड़क पर निकलें, ताकि न केवल स्वयं की सुरक्षा हो, बल्कि दूसरों की जान भी सुरक्षित रह सके।

### समाज कल्याण विभाग की राज्य स्तरीय टीम पहुंची पलामू

# वन स्टॉप सेंटर व वृद्धाश्रम का निरीक्षण, योजनाओं की गहन समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** समाज कल्याण निदेशक के निर्देश पर गठित राज्य स्तरीय टीम मंगलवार को पलामू पहुंची और जिले में संचालित समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। टीम में पोषण अभियान 2.0 से जुड़े अधिकारी अमित कुमार सिंह और परियोजना सहायक सुशील कुमार शामिल थे।

टीम ने सबसे पहले सखी वन स्टॉप सेंटर और पलामू में संचालित वृद्धाश्रम (ओल्ड ऐज होम) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई जरूरी सुधार बिंदुओं को चिन्हित किया गया और तत्काल सुधार करने का निर्देश दिया गया।

इसके बाद समाहरणालय के नये सभागार में आयोजित बैठक में पोषण अभियान अंतर्गत चेहरा प्रमाणीकरण, होम विजिट, माप दक्षता, आंगनबाड़ी केंद्रों की दैनिक निगरानी एवं लंबित मामलों की गहन समीक्षा की गई।

जिला अंतर्गत कई बाल विकास परियोजनाओं में एफ आर एस की प्रविष्टि संतोषजनक नहीं पाई गई। महिला पर्यवेक्षिकाओं ने एफ आर एस अपडेट करने में आ रही समस्याओं से टीम को अवगत कराया। इस पर इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के जिला प्रबंधक अमित तिवारी ने पंचायत स्तर पर विशेष कैंप लगाकर लाभार्थियों की सूची अपडेट करने में सहयोग का भरोसा दिया।

समीक्षा में समर ऐप पर बच्चों की प्रविष्टि जल्द पूरी करने का निर्देश दिया गया। सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को मानकों के अनुरूप डाटा प्रविष्टि के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया।

टीम ने बताया कि 25 व 26 जून को जिले में समाज कल्याण विभाग की सभी योजनाओं और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा और सुधार के निर्देश दिए जाएंगे। टीम का यह दौरा योजनाओं को प्रभावी, पारदर्शी और लाभकारी बनाने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर दौड़ व खेल प्रतियोगिता का आयोजन

### 300 खिलाड़ियों ने लिया भाग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला ओलंपिक संघ एवं जिला खेल कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर जीएलए एथलेटिक्स स्टेडियम में विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8:00 बजे हुई, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस मौके पर सीनियर वर्ग के लिए 1600 मीटर दौड़ और शॉट पुट थ्रो, जूनियर और सब-जूनियर वर्गों के लिए 60 मीटर, 600 मीटर दौड़ एवं शॉट पुट थ्रो प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। साथ ही कबड्डी और खो-खो की बालक एवं बालिका टीमों के बीच मुकाबले भी हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी थे। विशिष्ट अतिथियों में जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर पांडे, खेल समन्वयक निधि उपाध्याय, योग संघ सचिव अनिल पांडे, उड़ बॉल अध्यक्ष सुनील उपाध्याय, अभिलाष चंचल सहित अन्य लोग शामिल रहे। अतिथियों ने 600 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को ओलंपिक आंदोलन, खेल भावना और अनुशासन के महत्व के बारे में बताया। ओलंपिक संघ के सचिव संजय त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों को ऐसे ही खेलों में भाग दिलाया जाना चाहिए जो ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त हों। कार्यक्रम का संचालन वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे के मार्गदर्शन में कोच मोनू कुमार, प्रीति कुमारी, निरंजन कुमार, उपेंद्र कुमार, सुनील कुमार, दीपू कुमार व चंदन कुमार ने किया।

विभिन्न आयु वर्गों में दौड़, शॉट पुट, बॉल थ्रो, कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही 2024-25 में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित पलामू के खिलाड़ियों — रोशन कुमार, जीत तिवारी, अनामिका मेहता, अग्रिया प्रियदर्शी, रितिक राज तिवारी, आकाश प्रताप, काजल कुमारी, ऋषि राज डांगी, उमंग दुबे, आर्यन पांडे, प्रियांशु कुमार, अंकित कुमार सिंह व राजेश कुमार को शॉल व बुक देकर विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

## विहिप पलामू व पूर्व सैनिक परिषद ने उपायुक्त से की मुलाकात

- डीसी का पुष्प गुच्छ व गीता देकर किया स्वागत, सेवा कार्यों की दी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल पलामू के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त समीरा एस से औपचारिक मुलाकात कर पुष्प गुच्छ और श्रीमद्भागवत गीता भेंट की। परिषद के सदस्यों ने डीसी को संगठन के सेवा कार्यों और सामाजिक गतिविधियों की जानकारी दी और आगामी योजनाओं में प्रशासन का सहयोग मांगा। प्रतिनिधिमंडल में जिला पालक दामोदर मिश्र, जिला मंत्री अमित तिवारी, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप गुप्ता, प्रचार प्रमुख सुरेश वर्मा सहित कई लोग शामिल थे। इसी क्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पलामू के प्रतिनिधियों ने भी डीसी से मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट किया और परिषद की गतिविधियों से अवगत कराया। डीसी ने उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## डालसा सचिव ने किया केंद्रीय कारा मेदिनीनगर का औचक निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के सचिव राकेश रंजन ने सोमवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला एवं पुरुष वार्डों का भ्रमण कर बंदियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। डालसा सचिव ने महिला बंदियों से बातचीत के क्रम में कारा में रह रहे छोटे बच्चों की स्थिति की जानकारी ली और उनकी माताओं से दूध, पोषण एवं देखभाल संबंधी सुविधाओं के बारे में विस्तार से पूछा। उन्होंने जेल में नियुक्त शिक्षक से मुलाकात कर बंदियों की पढ़ाई-लिखाई की स्थिति की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान राकेश रंजन ने बंदियों को विधिक सलाह देते हुए कहा कि वे जमानत, अपील और रिवीजन जैसे कानूनी विकल्पों का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि कोई भी बंदी बिना वकील के न रहे, इसके लिए डालसा द्वारा मुफ्त अधिवक्ता की व्यवस्था की गई है। "लीगल एड डिफेंस काउंसिल" के अधिवक्ता प्रतिदिन जेल में उपस्थित रहते हैं और बंदियों की कानूनी समस्याओं पर चर्चा करते हैं, उन्होंने यह भी जोड़ा।

## वर्षों बाद खुला दीनदयाल मार्ग, प्रथम महापौर ने मंत्री राधाकृष्ण किशोर को दी बधाई

- चैनपुर-नेवरा मार्ग की मरम्मत की मांग, स्थानीय लोगों ने महापौर का किया सम्मान

**मेदिनीनगर।** शहर के अंबेडकर पार्क (बड़ा तालाब) के बीचोंबीच वर्षों से बंद पड़े दीनदयाल मार्ग को आखिरकार पुनः खोल दिया गया। इस पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने राज्य के योजना एवं विकास मंत्री राधाकृष्ण किशोर को बधाई दी और इसे एक बड़ी जनसुविधा की बहाली बताया। अरुणा शंकर ने कहा कि मैं हमेशा से चाहती थी कि यह रास्ता खुलवाया जाए, परंतु तकनीकी कारणों से यह संभव नहीं हो पाया। चुन्नू भैया के मंत्री बनने के बाद मैंने लगातार आग्रह किया, और आज यह मार्ग पुनः चालू हो गया। यह खुशी मेरी नहीं, बल्कि जेलहाता से आने-जाने वाले हजारों लोगों की है, जो अब सुगम आवागमन का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस मार्ग के खुलने से आसपास के व्यापारियों को भी आर्थिक लाभ मिल रहा है। शुक्रवार को उन्होंने स्वयं मार्ग का भ्रमण किया और आम लोगों तथा व्यापारियों से मुलाकात की। वहां के उत्साहित चेहरे देखकर उन्होंने कहा कि मैं इसे पहले नहीं खुलवा पाई, इसके लिए क्षमा प्रार्थी हूं। यह कार्य मंत्री जी के सहयोग से ही संभव हो सका।"

इस अवसर पर अरुणा शंकर ने मंत्री से चैनपुर-नेवरा मार्ग की मरम्मत की भी मांग की। उन्होंने कहा कि यह मार्ग काफी जर्जर है, और वहां सबसे अधिक खनिज परिवहन होता है। यदि निर्माण में देरी हो रही है तो डीएमएफटी फंड से उसकी मरम्मत कराई जाए। उन्होंने बताया कि इस रास्ते के किनारे बसे लोग धूल और गंदगी से परेशान हैं, बच्चे बरसात में स्कूल नहीं जा पाते यह प्रशासन के लिए गहरी चिंता का विषय है। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने प्रथम महापौर अरुणा शंकर का बुके भेंट कर अभिनंदन किया और आग्रह किया कि मंत्री राधाकृष्ण किशोर जब अगली बार शहर आएं तो उन्हें चैनपुर-नेवरा मार्ग पर लाया जाए, ताकि जनता उनका स्वागत कर सके।

**सराहनीय कार्य** पहल ट्रस्ट की नई पहल के संकल्प ने रचा सामाजिक बदलाव का उदाहरण

# विधवा विवाह का प्रेरणादायक आयोजन, पवन-पूजा का जीवन बना नई उम्मीद की कहानी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में पहल ट्रस्ट की ओर से अंतरराष्ट्रीय विधवा दिवस के अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में एक ऐसा विवाह संपन्न हुआ जिसने समाज की रूढ़ सोच को चुनौती दे दी। यह विवाह न केवल दो जीवनों का संगम था, बल्कि सामाजिक बदलाव की ओर एक ठोस कदम भी।

गढ़वा जिले के सोनेहारा गांव की विधवा पूजा देवी और पोलपोल के अविवाहित युवक पवन कुमार ने पहल ट्रस्ट की प्रेरणा से विवाह कर एक मिसाल कायम की। पूजा देवी के पति का निधन वर्ष 2020 में हो गया था। जीवन संघर्षों से जूझ रही पूजा को पहल ट्रस्ट का साथ मिला और पवन कुमार ने समाज की परंपराओं से ऊपर उठकर उनका हाथ थाम लिया।

कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईएएस हिमांशु, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान और संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा विधवा विवाह को प्रोत्साहित करने के लिए दो लाख रुपये की राशि दी जाती है। वर्ष 2025 में जिले में ऐसे पांच विवाहों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

कार्यक्रम में कई विधवा महिलाओं ने अपने जीवन की पीड़ा साझा की। चैनपुर की एक महिला ने कहा कि पति की मृत्यु के बाद समाज उन्हें दोषी मानता है, बेटों से वंचित करता है और सहायता से मुंह मोड़ लेता है। ऐसे में पहल ट्रस्ट का यह प्रयास उन महिलाओं के लिए नई उम्मीद का द्वार खोलता है।

पहल ट्रस्ट के इस कदम ने यह साबित कर दिया कि यदि समाज का एक हिस्सा आगे बढ़कर संकल्प ले, तो बदलाव संभव है। यह विवाह सिर्फ एक संस्कार नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायक शुरुआत है।

### विधवा विवाह को सामाजिक समर्थन दिलाना हमारी जिम्मेदारी : अविनाश देव

इस आयोजन की प्रमुख भूमिका में रहे झारखंड सरकार के माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य एवं पहल ट्रस्ट के प्रतिनिधि अविनाश देव, जिन्होंने न सिर्फ विवाह की व्यवस्था करवाई बल्कि समाज में विधवा विवाह को स्वीकृति दिलाने के लिए लंबे समय से सक्रिय हैं। उन्होंने कार्यक्रम में कहा कि विधवा विवाह को सामाजिक समर्थन दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। पहल ट्रस्ट इसी उद्देश्य से आगे बढ़ रहा है, और जो भी व्यक्ति विधवा विवाह करना चाहता है, उसे हम हरसंभव सहायता देने को तैयार हैं।

## विद्यालय स्वास्थ्य व कल्याण कार्यक्रम में आरोग्य दूतों का प्रशिक्षण शुरू



- किशोरावस्था तनाव का समय, बच्चों को सही मार्गदर्शन जरूरी : प्राचार्या

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान में सोमवार से सीएम उत्कृष्ट विद्यालय (केजी गर्ल्स स्कूल) मेदिनीनगर में आरोग्य दूतों का पांच दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण शुरू हुआ।

प्रशिक्षण का उद्घाटन डायट प्राचार्या अमृता सिंह, प्रभारी प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सिंह एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्या ने कहा कि किशोरावस्था तनाव और संघर्ष की अवस्था होती है। इस समय बच्चों को सही स्वास्थ्य जानकारी और भावनात्मक सहयोग देना आवश्यक है।

प्रशिक्षण में जिले के तीन प्रखंडों के चयनित शिक्षक-शिक्षिकाएं भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षक जेसीईआरटी से आए डीआरजी हैं, जो इन आरोग्य दूतों को विद्यालय स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के लिए तैयार कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. धीरेंद्र सिंह ने किया।

## वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत, चार घायल



**मेराल।** बाना गांव में सोमवार दोपहर वज्रपात की चपेट में आकर अशर्फी प्रजापति की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। सभी मजदूर मनरेगा के तहत सिंचाई कूप निर्माण कार्य में लगे थे। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेराल में किया गया। प्रशासन ने मृतक के परिजनों को चार लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है।

# निर्माण स्थलों की सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, एसपी ने संवेदकों को दी सख्त चेतावनी

**सीसीटीवी लगाएं, थाना से संपर्क में रहें, नहीं तो खुद होंगे जिम्मेदार: एसपी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार (भा.पु.से.) ने सोमवार को निर्माण कार्यों से जुड़े संवेदकों के साथ कड़ी बैठक की। बैठक में उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि निर्माण स्थलों पर आपराधिक घटनाओं की अनदेखी अब नहीं चलेगी। सुरक्षा में लापरवाही बरतने वालों की जवाबदेही तय की जाएगी। एसपी ने संवेदकों को दो टूक हिदायत दी कि निर्माण कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि होने पर फौरन गढ़वा पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 6201261084 या 06561-222314 पर सूचना दें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सूचना देने में देरी या चुप्पी संवेदक को खुद महंगी पड़ सकती है। पुलिस प्रशासन हर हाल में निर्माण स्थलों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्पर है, लेकिन इसके लिए संवेदकों का सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने निर्देश दिया कि हर निर्माण साइट पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। खासतौर पर ऐसे इलाकों में जहां बड़े प्रोजेक्ट चल रहे हैं, वहां से गुजरने वाली सड़कों तक कैमरों की निगरानी होनी चाहिए। निर्माण में लगे मजदूरों व स्टाफ को अपने निकटवर्ती थाने से संपर्क में रहना होगा और उनका मोबाइल नंबर थाने को देना अनिवार्य होगा। एसपी ने कहा कि गढ़वा पुलिस निर्माण कार्यों को भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने के लिए पूरी तरह गंभीर है, लेकिन यदि कोई संवेदक सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरतता है तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब से किसी भी घटना की सूचना समय पर नहीं देने वालों पर पुलिस सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी।

## रमना में 20 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप, ग्रामीण बेहाल



**वज्रपात से भागोडीह ग्रिड का ब्रेकर क्षतिग्रस्त, मरम्मत कार्य जारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** सोमवार को वज्रपात की चपेट में आने से भागोडीह सुपर पावर ग्रिड का ब्रेकर क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे पूरे प्रखंड में ब्लैक आउट की स्थिति बनी हुई है। 20 घंटे से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। बिजली नहीं रहने से ग्रामीणों को गर्मी और अंधेरे में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पुराने लालटेन और ढिबरी अब आम उपयोग में नहीं हैं और सौर उपकरण भी बरसात के मौसम में बेकार साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात में जहरीले जीव-जंतुओं के निकलने का खतरा भी बढ़ जाता है। विद्युत विभाग के कर्मी ब्रेकर मरम्मत में जुटे हुए हैं, लेकिन समाचार लिखे जाने तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी।

## भवनाथपुर में छात्राओं ने निकाली नशा मुक्ति साइकिल रैली

**भवनाथपुर।** परियोजना बालिका उच्च विद्यालय भवनाथपुर में सोमवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशा विरोधी नारे लगाए। मुख्य अतिथि मुखिया बेबी देवी और विशिष्ट अतिथि सीता राम पाठक ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश यादव ने कहा कि युवाओं को शिक्षा और नैतिक मूल्यों की ओर अग्रसर करना समय की आवश्यकता है।

## थाना का निरीक्षण कर दागियों पर सख्त निगरानी का निर्देश



**एसपी अमन कुमार ने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन की दी सख्त हिदायत**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने रमना थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना में संधारित सभी पंजीयों की बारीकी से जांच की गई। इस क्रम में एसपी अमन कुमार ने थाना प्रभारी आकाश कुमार से थाना क्षेत्र के दागियों की जानकारी ली और उन पर सख्त निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने जेल से छूटे अपराधियों का सत्यापन कर उन पर विशेष निगरानी रखने का भी आदेश दिया। एसपी ने थाना में लंबित केसों का अनुसंधान शीघ्र पूरा करने और अपराध नियंत्रण को प्राथमिकता देने का स्पष्ट निर्देश दिया। साथ ही, आम जनता द्वारा प्राप्त आवेदनों की त्वरित जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेंद्र नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक रत्न कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल उपस्थित थे।

## धुरकी में भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का धरना 24 जून को



**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** भाजपा मंडल इकाई ने सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया। भाजपा नेताओं ने इस अवसर पर 24 जून को धुरकी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार और मनरेगा में धांधली के खिलाफ एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन की घोषणा की। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रखंड कार्यालय में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता और फर्जी मजदूरों के नाम से मजदूरी भुगतान हो रहा है। प्रदर्शन के दौरान बीडीओ को राज्यपाल के नाम मांगपत्र सौंपा जाएगा।

## नशा मुक्ति के लिए राजी विद्यालय के छात्रों ने निकाली साइकिल रैली




**नशा छोड़ो, जीवन संवारो का दिया संदेश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** सोमवार को स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय, राजी द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार के नेतृत्व में निकली इस रैली में छात्रों ने 'नशा छोड़ो, जीवन संवारो' और 'नशा मुक्त हो हिंदुस्तान' जैसे नारे लगाए। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने कहा कि नशा युवाओं को खोखला कर रहा है, इससे दूर रहकर ही समाज का विकास संभव है। रैली में शिक्षकों और ग्रामीणों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। इस पहल से नशा विरोधी चेतना को बल मिला है।

### बीएलओ और पर्यवेक्षकों को मिला तकनीकी प्रशिक्षण

खरौंधी। सोमवार को खरौंधी प्रखंड कार्यालय में बीएलओ और उनके पर्यवेक्षकों के लिए तकनीकी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मतदान केंद्रों के नजरी नक्शा, की मैप और जियो फेंसिंग पर विस्तार से जानकारी दी गई। बीडीओ रवींद्र कुमार ने सभी कर्मियों से आगामी निर्वाचन कार्य समयबद्ध और त्रुटिहीन रूप से संपन्न करने की अपील की।

सड़क निर्माण में अनियमितता जिप सदस्य ने लगाई फटकार

### घटिया निर्माण को लेकर उपायुक्त से शिकायत करने की चेतावनी



**केतार।** खोनहर गांव में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रही सड़क में अनियमितता की शिकायत पर जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान घटिया सामग्री और गलत तकनीक का प्रयोग पाया गया। कनीय अभियंता की अनुपस्थिति में अनधिकृत व्यक्ति से कार्य कराया जा रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण में उपयोग हो रहे पत्थर भी अवैध रूप से जंगल से लाए जा रहे हैं। जिप सदस्य ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि मामले की शिकायत उपायुक्त से की जाएगी और जांच कराई जाएगी।

### भाजपा ने मनाया श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



**मेराल।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई। मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने मुखर्जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश की एकता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। भाजपा नेताओं ने धारा 370 के विरोध में मुखर्जी के संघर्ष को प्रेरणास्त्रोत बताया।

### श्री बंशीधर नगर में 26 जून को मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह

**श्री बंशीधर नगर।** सरस्वती विद्या मंदिर में 26 जून को मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूल के बेहतरीन परीक्षा परिणाम और राज्य स्तर पर टॉप करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

समारोह में विधायक अनंत प्रताप देव मुख्य अतिथि होंगे। विद्यालय के शिक्षक अविनाश कुमार ने यह जानकारी दी।

### वज्रपात से दो मवेशियों की मौत, चरवाहा घायल

**केतार।** बांसडीह गांव में सोमवार को वज्रपात की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत हो गई जबकि चरवाहा जयप्रकाश पासवान घायल हो गया। परिजनों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी स्थिति सामान्य बताई गई है। मृत मवेशियों के मालिक शंभू पासवान और हृदयानंद पासवान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। घटना से ग्रामीणों में दुख का माहौल है।

### चिनिया में साइबर अपराध और नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान



**चिनिया।** चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार ने सोमवार को उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में साइबर क्राइम और नशा मुक्ति को लेकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। एएसआई राधेश्याम कुमार ने छात्रों को ठऊढर एक्ट और नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। छात्रों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और खुद को सतर्क रहने का संकल्प लिया।

## सरस्वती विद्या मंदिर में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह 26 जून को

**जैक परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले छात्रों को किया जाएगा सम्मानित**

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में 26 जून को मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए शिक्षक अविनाश कुमार ने बताया कि जैक द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा में स्कूल का प्रदर्शन शानदार रहा था। स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा और स्कूल के दो छात्रों ने राज्य स्तर पर टॉप-10 में जगह बनाई थी। वहीं, जिले के टॉप-10 में स्कूल के नौ छात्र शामिल हुए थे। शिक्षक अविनाश कुमार ने बताया कि समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा एवं प्रदेश मंत्री ब्रजेश कुमार कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### तेज रफ्तार कार पलटी, दो युवक घायल

**भवनाथपुर।** श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ पर अनियंत्रित कार पलटने से दो युवक घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवक नशे में धुत थे। सूचना मिलते ही पुलिस ने कार को जब्त कर थाना ले गई है। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया।

### सोनी जायसवाल को मिला अंबेडकर आवास स्वीकृति पत्र, गरीब परिवार के लिए बरसात के दिनों में राहत



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** बीडीओ रवींद्र कुमार ने सोमवार को सोनी जायसवाल को अंबेडकर आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति पत्र सौंपा। सोनी अपने परिवार के साथ जर्जर झोपड़ीनुमा घर में रहती थीं। बीडीओ ने बताया कि शीघ्र ही आवास की पहली किस्त लाभुक के खाते में भेज दी जाएगी। इस अवसर पर कई अधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे। प्रशासन की यह पहल गरीबों को सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

**कार्यालय:- कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू।**
**योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू – 822101**
Office Email Id. Jppodtg2020@gmail.com

**सामयिक सूचना अंक–02/2025–26**
**–:: आवश्यक सूचना ::–**

पलामू जिला अन्तर्गत सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना 2024–25 अंतर्गत फसल में लगने वाले कीट/व्याधि के उपचार हेतु शत प्रतिशत अनुदान पर सभी पौधा संरक्षण केन्द्रों में कीटनाशी/फफुंदनाशी उपलब्ध है। किसान बंधु अपने–अपने प्रखण्ड से संबंधित पौधा संरक्षण केन्द्रों मे जाकर फसल में लगने वाले कीट/व्याधि के रोकथाम हेतु शत प्रतिशत अनुदान पर अनुसंशित कीटनाशी/फफुंदनाशी प्राप्त कर सकते है।

**पौधा संरक्षण केन्द्र एवं उससे संबंधित प्रखण्ड :–**

| क्र0सं0 | पौधा संरक्षण केन्द्र का नाम/पता | केन्द्र प्रभारी/ATM/BTM का नाम/मो0नं0 |
|---|---|---|
| 1. | पौधा संरक्षण केन्द्र, मेदिनीनगर पता–कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी का कार्यालय, योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू | श्री वंशीधर महतो, कामदार मोबाईल नं0– 7739535182 |
| 2. | पौधा संरक्षण केन्द्र, जपला पता– ATIC Centre प्रखण्ड परिसर हुसैनाबाद | श्री विरेन्द्र प्रसाद (क्षे0परिचालक) मोबाईल नं0– 9097541910 जय गोविन्द यादव, ATM मोबाईल नं0– 9934657435 |
| 3. | पौधा संरक्षण केन्द्र, नीलाम्बर पीताम्बरपुर पता– ATIC Centre प्रखण्ड परिसर नीलाम्बर पीताम्बरपुर | श्री वंशीधर महतो मोबाईल नं0– 7739535182 अनिल कुमार मेहता, ATM मोबाईल नं0– 7488156142 |
| 4. | पौधा संरक्षण केन्द्र, पाटन पता– ATIC Centre प्रखण्ड परिसर पाटन | श्री वंशीधर महतो मोबाईल नं0– 7739535182 प्रकाश रंजन सिंह, ATM मोबाईल नं0– 7903591908 |
| 5. | पौधा संरक्षण केन्द्र, छत्तरपुर पता– ATIC Centre प्रखण्ड परिसर छत्तरपुर | श्री विरेन्द्र प्रसाद (क्षे0परिचालक) मोबाईल नं0– 9097541910 संजय कुमार, BTM मोबाईल नं0– 8789297027 |

**पौधा संरक्षण केन्द्रों पर उपलब्ध कीटनाशियों/फफुंदनाशियों का नाम :–**

1. कार्बनडाजिम 50% WP
2. मैनकोजेब 75% WP
3. हेक्साकोनाजोल 5% EC
4. मेटालेक्सिल 8% + मैनकोजेब 64%
5. कार्बनडाजिम 12% + मैनकोजेब 63%
6. पेंडीमेथालीन 30% EC
7. एट्राजीन 50% WP
8. क्लोरपायरीफॉस 20% EC
9. इमिडाक्लोप्रिड 17.8% SL
10. एजाडिरेक्टिन 1500 PPM
11. एन.पी.भी. हेलीकोवर्पाआर्मिजेरा 2.0% AS
12. ट्रायकोडर्मा हर्जियानम
13. ट्रायकोडर्मा विराइड
14. ब्यूवेरिया बसियाना 1-15% WP
15. फेरोमोन ट्रैप 04 पीस ल्योर (दलहन फली छेदक हेतु)
16. क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5%
17. ट्राइफलोक्सीस्ट्रोबीन 25% WG+ टेबुकोनाजोल 50%
18. क्विनालफॉस 25% EC

नोट :– किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि कीटनाशी/फफुंदनाशी प्राप्त करने के समय अपने साथ अक्रांत फसल का फोटोग्राफ, आधार न0, प्लॉट न0 एंव मो0 नं0 से संबंधित विवरणी केन्द्र में उपलब्ध पंजी में दर्ज करायेगें तथा उपचारित रकबा का विभागीय दर पर निर्धारित छिड़काव शुल्क जमा करेगें।

PR.NO.355727 District(25-26):D

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू।

**समाहरणालय, गढ़वा।**
**(जिला विकास शाखा)**

**नीलामी सूचना संख्या–219/2025**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि समाहरणालय, गढ़वा की नीलामी हेतु चिन्हित वाहनों को जो अंतिम रूप से जो जहाँ जिस स्थिति में है के आधार पर कबाड़ वाहनों की नीलामी खुली डाक द्वारा उपायुक्त, गढ़वा की अध्यक्षता में की जायेगी।

1. नीलामी में भाग लेने हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि–10.07.2025 को–02:00 बजे अपराह्न तक।
2. नीलामी आयोजन की तिथि–10.07.2025 को–03:00 बजे अपराह्न।
3. जमानत की राशि प्रति वाहन मो0–5,000.00 (पाँच हजार) रूपये मात्र प्रत्यर्पणीय।
5. आवेदन जमा करने का स्थान – जिला विकास शाखा, गढ़वा।

उक्त के संबंध में विस्तृत विवरणी गढ़वा जिला के अधिकृत वेब साइट www.garhwa.nic.in पर नीलामी की सूचना प्राप्त किया जा सकता है।

आदेशानुसार,
उपायुक्त, गढ़वा

PR.NO.355734 District(25-26):D

**पलामू समाहरणालय**
**प्रपत्र VI 'क'**
**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय)**
**या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या :–601A/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–17.06.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम–पोटो, थाना सं0–526, थाना–मोहम्मदगंज, अंचल–मोहम्मदगंज, जिला–पलामू** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **भजनिया मोहम्मदगंज से हैदरनगर (मोहम्मदगंज से दंगवार) पथ भाया कोलहुवा, बरडीहा, पन्सा, अधौड़ी तथा रानीदेवा पथ** निर्माण हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **ग्राम–पोटो, थाना सं0–526, थाना–मोहम्मदगंज, अंचल–मोहम्मदगंज, जिला–पलामू** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **1.7645 एकड़** यानि **0.7140** हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**ग्राम–पोटो, थाना सं0–526, कुल रकबा–1.7645 एकड**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | भूमि का किस्म | भूमि स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भुखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 67 | 13 | टांड दो | रैयती | 0.1272 | सुवेदार मेहता वो जमिदार मेहता पिता गनेशि मेहता अंश समान जाति कोईरी निवासी निज ग्राम भजनीया पोस्ट मोहम्मदगंज | | | | |
| 2 | 35 | 14 | टांड दो | रैयती | 0.3423 | विनदेश्वरी दुसाध पिता रामदेनी दुसाध जाति दुसाध निवासी निज ग्राम भजनीया पोस्ट मोहम्मदगंज | | | | |
| 3 | 47 | 55 | धान दो | रैयती | 0.2759 | मोनाफ धोबी पिता परसाद धोबी जाति धोबी निवासी निज ग्राम भजनीय पोस्ट महोम्मदगंज | | | | |
| 4 | 3 | 59 | धान दो | रैयती | 0.3044 | अनील कुमार मेहता वो सुनिल कुमार मेहता वो अरविन्द्र कुमार मेहता पिता मुखदेव मेहता अंश समान जाति कोईरी निवासी निज ग्राम भजनीया पोस्ट महोम्मदगंज | | | | |
| 5 | 3 | 63 | टांड दो | रैयती | 0.0041 | अनील कुमार मेहता वो सुनिल कुमार मेहता वो अरविन्द्र कुमार मेहता पिता मुखदेव मेहता अंश समान जाति कोईरी निवासी निज ग्राम भजनीया पोस्ट महोम्मदगंज | | | | |
| 6 | 60 | 64 | टांड दो | रैयती | 0.0515 | ननकु महतो पिता रामपति महतो एक अंश समान जाति कोईरी निवासी निज ग्राम वो शिवनारायन महतो पिता जगेश्वर महतो एक अंश समान जाति कोईरी निवासी निज ग्राम | | | | |
| 7 | 35 | 65 | टांड दो | रैयती | 0.3687 | विनदेश्वरी दुसाध पिता रामदेनी दुसाध जाति दुसाध निवासी निज ग्राम भजनीया पोस्ट मोहम्मदगंज | | | | |
| 8 | 49 | 124 | टांड दो | रैयती | 0.0672 | रक्षीया महतो वो रामवृक्ष महतो पिता तपेश्वर महतो अंश समान जाति कोईरी निवासी निज ग्राम भजनिया | | | | |
| 9 | 35 | 125 | टांड दो | रैयती | 0.055 | विनदेश्वरी दुसाध पिता रामदेनी दुसाध जाति दुसाध निवासी निज ग्राम भजनीया पोस्ट मोहम्मदगंज | | | | |
| 10 | 49 | 126 | टांड दो | रैयती | 0.1004 | रक्षीया महतो वो रामवृक्ष महतो पिता तपेश्वर महतो अंश समान जाति कोईरी निवासी निज ग्राम भजनिया | | | | |
| 11 | 72 | 12 | टांड दो | गै0मा0 | 0.0678 | अनावाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| | | | | कुल :– | 1.7645 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR 355725 (Palamu) 25-26 (D)

## नवविवाहिता ने खाया जहर, मौत

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के खुटेर गांव में नवविवाहिता ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की शादी एक माह पूर्व ही धर्मेंद्र साव के पुत्र राजा से हुई थी। कुंदा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## एसजेएमएम उग्रवादी सूरज लोहरा गिरफ्तार

**चंदवा।** लातेहार पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एसजेएमएम उग्रवादी सूरज लोहरा को हिसरी गांव से गिरफ्तार किया। सूरज लोहरा लंबे समय से फरार था और चंदवा थाना कांड संख्या 26/25 में वांछित था। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि सूरज 27 जनवरी को बारी, सेरक क्षेत्र में ईंट भट्ठा से लेवी वसूली के दौरान गोलीबारी व मारपीट की घटना में शामिल था। उस समय दो उग्रवादी गिरफ्तार किए गए थे, जबकि सूरज मौके से भाग गया था। सूरज को मंडल कारा भेज दिया गया है।

## बारिश के थमने के बाद बीज दुकानों में किसानों की भीड़

**चंदवा।** क्षेत्र में बारिश थमने के बाद किसानों ने खेतों में काम शुरू कर दिया है। किसान कुदाल व हल-बैल के साथ खेतों में धान की बुआई की तैयारी में जुट गए हैं। बीज दुकानों पर किसानों की भारी भीड़ देखी जा रही है। किसानों ने बताया कि इस बार समय पर अच्छी बारिश की उम्मीद है और मौसम अनुकूल रहा तो फसल अच्छी होगी। दुकानदार किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज देने का आश्वासन दे रहे हैं।

## भाजपा का आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन आज

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मंगलवार को चंदवा प्रखंड मुख्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार विधायक प्रकाश राम उपस्थित रहेंगे। मंडल अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से 11 बजे पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में एकत्र होने और प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

## विद्यार्थियों के बीच खनन सुरक्षा पर प्रतियोगिता का आयोजन




**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना के निर्देश पर सोमवार को एसएस हाई स्कूल टंडवा में खनन सुरक्षा विषय पर निबंध व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। सीएसआर अधिकारी मोहसिन रजा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य खनन क्षेत्र में सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कुछ दिनों से परियोजना क्षेत्र में प्रचार वाहन के माध्यम से भी सुरक्षा संदेश दिए जा रहे हैं।

## कुंदा पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान चलाया दिलाई नशा से दूर रहने की शपथ

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह के नेतृत्व में सोमवार को कुंदा पुलिस द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों को नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई गई और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। लोगों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया और कहा कि इस प्रकार के अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाएंगे।

## नेतरहाट में लोक लेखा समिति की समीक्षा बैठक योजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश

**लातेहार।** झारखंड विधानसभा लोक लेखा समिति के सभापति मनोज कुमार यादव की अध्यक्षता में सोमवार को नेतरहाट के अरुणोदय गेस्ट हाउस में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरकारी योजनाओं की प्रगति, खर्च और गुणवत्ता की समीक्षा की गई। मनोज यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वित्तीय मामलों में लापरवाही न बरतें और सभी योजनाएं समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरी करें। उन्होंने कहा कि समिति क्षेत्र भ्रमण कर रिपोर्ट तैयार कर रही है जिसे राज्य सरकार को सौंपा जाएगा। बैठक में लोक लेखा समिति के सदस्य आलोक कुमार चौरसिया, अमित कुमार यादव, जगत मांझी, सुखराम उरांव, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव समेत सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता परिषद ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

**लातेहार।** सोमवार को व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित बार काउंसिल कार्यालय में अधिवक्ता परिषद की ओर से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिवक्ता परिषद के सदस्यों ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया। बार काउंसिल अध्यक्ष राजमणि प्रसाद ने कहा कि डॉ. मुखर्जी एक सच्चे राष्ट्रवादी और भारत माता के महान सपूत थे। अधिवक्ता राजीव रंजन पांडेय ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने अनुच्छेद 370 का विरोध करते हुए अखंड भारत की बात कही थी और इसके लिए उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे दी। मौके पर अधिवक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी की देशभक्ति आज भी प्रेरणास्रोत है।

## बेतला में पीसीसी पथ निर्माण में घोर अनियमितता, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत के कुटमू गांव में पीसीसी पथ निर्माण में घोर अनियमितता का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने बताया कि दुलार भुईयां के घर से कमेश बैठा के घर तक सड़क बननी थी, लेकिन सड़क नागेश्वर साव के घर से बना दी गई। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना बिना ग्रामसभा के पारित की गई और योजना बोर्ड को भी जानबूझकर हटा दिया गया ताकि अनियमितता उजागर न हो। ग्रामीणों ने बताया कि मुखिया के करीबी अमित रजक ने बिना सूचना के प्रखंड कार्यालय में दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिया। अध्यक्ष गिरवर बैठा ने बताया कि उन्हें पूरे मामले की जानकारी नहीं दी गई। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने और अधूरी सड़क निर्माण को पूरा कराने की मांग की है।

## मालहन में आयोजित शिविर में ग्रामीणों ने दर्ज कराए सैकड़ों आवेदन

**चंदवा।** सोमवार को मालहन पंचायत के लोहरसी गांव में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक एवं मुखिया जतरु कुमार मुंडा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र, मातृ वंदना योजना, पेंशन, मनरेगा और पीएम जनधन योजना से संबंधित कुल 142 आवेदन जमा किए गए। मौके पर 65 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। सीओ पाठक ने ग्रामीणों से अपील की कि अधिक से अधिक लोग शिविर का लाभ लें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण व प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## एक वर्ष बाद भी जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सके सांसद

**मयूरहंड (चतरा)।** वर्ष 2024 में चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के स्थानीय उम्मीदवार कालीचरण सिंह को जनता ने भारी मतों से जीत दिलाई थी। लेकिन एक वर्ष बीतने के बाद भी जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। जनता का कहना है कि सांसद भोज-भंडारों में तो लगातार भाग ले रहे हैं, लेकिन विकास के नाम पर कोई ठोस पहल नहीं हुई। चुनावी वादे अब जुमले लगने लगे हैं। मयूरहंड प्रखंड में वर्षों से बनकर तैयार एफसीआई गोदाम का उद्घाटन तक नहीं हुआ है। क्षेत्र के लोग अब खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।

# राज्यपाल दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे नेतरहाट, विधायक ने किया स्वागत

- नेतरहाट पर्यटन स्थलों के विकास पर हुई चर्चा
- राज्यपाल ने किया नाशपाती बगान का अवलोकन

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़ (नेतरहाट)।** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार रविवार और सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर नेतरहाट पहुंचे। उनके स्वागत में मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर अगवानी की। सोमवार को राज्यपाल, विधायक और लातेहार उपायुक्त ने नाशपाती बगान का निरीक्षण किया।

विधायक ने राज्यपाल को बेतला नेशनल पार्क, लोध जलप्रपात, सुग्गा बांध, पहाड़ी मंदिर समेत मनिका क्षेत्र के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों के भ्रमण का आमंत्रण दिया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन द्वारा राज्यपाल और विधायक को स्मृति चिह्न, नाशपाती फल एवं पौधे भेंट किए गए। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद, लातेहार पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## खरवार लोक सेवक संघ ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**लातेहार।** खरवार लोक सेवक संघ, झारखंड द्वारा 10वीं और 12वीं में सफल मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन होटल कार्निवाल्स में हुआ, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि दुमका के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खरवार उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे ले जाने की कुंजी है। संघ का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, शिक्षक केदार सिंह और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

## झामुमो जिला इकाई की नई टीम का ससम्मान स्वागत

# जिला अध्यक्ष व केंद्रीय उपाध्यक्ष बैद्यनाथ राम ने किया सम्मानित, नई टीम से बड़ी उम्मीदें

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की जिला इकाई की नई टीम की घोषणा पार्टी की केंद्रीय टीम द्वारा कर दी गई है। इस अवसर पर सोमवार को सर्किट हाउस लातेहार के सभागार में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक बैद्यनाथ राम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर सम्मान किया गया। जिलाध्यक्ष शाहदेव ने कहा कि नई टीम पूरी तरह ऊर्जावान है और मुझे विश्वास है कि यह टीम जिले में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। वहीं, बैद्यनाथ राम ने भी समारोह को संबोधित करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और उन्हें जोश व जुनून के साथ काम करने का आह्वान किया। मौके पर बड़ी संख्या में झामुमो के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम में बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, जिला सचिव बुद्धेश्वर उरांव, केंद्रीय समिति के सदस्य ममता सिंह, दीपक कुमार, चंदन कुमार सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

**नवनियुक्त जिला कमिटी के पदाधिकारी इस प्रकार हैं :** शितमोहन मुंडा उपाध्यक्ष, गोपाल सिंह, मो. परवेज (महुआडंड), प्रभात कुमार संगठन सचिव, अशोक पांडेय, ईश्वर उरांव, रामवृक्ष गंझु, सुरेश उरांव (चंदवा) सह सचिव और शमशेर खान (चंदवा), सुशील यादव प्रवक्ता नियुक्त किए गए हैं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों का निरीक्षण शुरू

- मुखिया व हल्का कर्मचारी ने किया डोर-टू-डोर सर्वे, गुणवत्तापूर्ण निर्माण पर जोर

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** बालूमाथ पंचायत में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभुकों का डोर-टू-डोर निरीक्षण शुरू किया गया। पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा और हल्का कर्मचारी बीरेंद्र टोप्पो ने संयुक्त रूप से निरीक्षण करते हुए योजना के तहत चयनित लाभुकों के घरों का भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान मुखिया और हल्का कर्मचारी ने लाभुकों से बातचीत कर निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और योजना के पालन की स्थिति का जायजा लिया। लाभुकों ने शिकायत की कि उन्हें अभी तक अंतिम किश्त प्राप्त नहीं हुई है, जिस कारण कई घरों का निर्माण अधूरा है। इस पर मुखिया ने आश्वस्त किया कि योग्य लाभुकों को जल्द ही शेष राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं व सुझाव मुखिया और अधिकारियों के समक्ष रखे, जिस पर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया। निरीक्षण के दौरान शिवनाथ ठाकुर, अशफाक आलम, सोनू खान, मो. अलीम समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे। मुखिया नरेश लोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य हर गरीब परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराना है और इसके लिए पंचायत स्तर पर नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है ताकि योजनाओं का लाभ सही पात्रों तक पहुंचे और निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे हों।

## नारी जागृति मंच ने निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली

# डीएसपी को सौंपा आवेदन, नशा कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड में सोमवार को नारी जागृति मंच के बैनर तले महिलाओं ने बड़े स्तर पर नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली। इस रैली में प्रखंड के विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। महिलाएं 'शराब बनाना, बेचना बंद करो', 'नशा मुक्त भारत बनाना है', 'जो करेगा नशा, उसका होगा बर्बादी' जैसे नारे लिखे तख्तियां हाथों में लेकर पूरे जोश के साथ रैली में शामिल हुईं।

रैली की शुरुआत शहीद चौक से हुई, जो अंबेडकर चौक, रामपुर, बिरसा चौक होते हुए शास्त्री चौक पहुंचकर एक जनसभा में तब्दील हो गई। सभा का संचालन मंच की कोषाध्यक्ष निर्मला टोप्पो ने किया। उन्होंने कहा कि इस रैली का उद्देश्य प्रखंड एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों के प्रति जन जागरूकता फैलाना है।

सभा को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया ने कहा कि महुआडांड़ क्षेत्र में युवा पीढ़ी तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रही है। नशे की वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं, झगड़े और चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। आदिवासी कांग्रेस नेता अजीत पाल कुजूर ने कहा कि नशा युवाओं को बर्बादी की ओर ले जाता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की और नशे के खिलाफ समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। महिला अध्यक्ष अजिता तिर्की ने इस पहल को समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। सभा के अंत में नशा मुक्ति का संकल्प लिया गया। रैली के बाद महिला प्रतिनिधिमंडल ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया को ज्ञापन सौंपकर महुआडांड़ प्रखंड में शराब, गांजा और अन्य नशीले पदार्थों की खुलेआम बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। मौके पर मंच की सचिव ग्रेस तिग्गा, सदस्य फिरदा कुजूर, कान्ता एक्का समेत कई महिलाएं उपस्थित थीं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार

**अति-अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR-10/2025-26 (1st Call) दिनांक 21.06.2026

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र विक्री की अंतिम तिथि | :– | 01.07.2026 अपराह्न 03.00 बजे तक। |
| 03 | परिमाण विपत्र विकी का स्थान | | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार। |
| 04 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :– | 02.07.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| 05 | निविदा जमा करने का स्थान | :– | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 02.07.2026 अपराह्न 04.00 बजे। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 6201242103 |

**Detail of work:-**

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction for Toilet for Anganbari centre in Govt. Building of Different Blocks of Latehar district for F.Y 2025-26 | CHN-01 | 28 | 991452 | 20000 | 1250 | 21 Days |
| 2 | | CHN-02 | 28 | 991452 | 20000 | 1250 | 21 Days |
| 3 | | BAL-01 | 25 | 885225 | 18000 | 1250 | 21 Days |
| 4 | | BAL-02 | 25 | 885225 | 18000 | 1250 | 21 Days |
| 5 | | BAL-03 | 25 | 885225 | 18000 | 1250 | 21 Days |
| 6 | | BAL-04 | 19 | 672771 | 14000 | 1250 | 21 Days |
| 7 | | GAR-01 | 26 | 920634 | 20000 | 1250 | 21 Days |
| 8 | | MAH-01 | 30 | 1062270 | 22000 | 2500 | 21 Days |
| 9 | | MAH-02 | 28 | 991452 | 20000 | 1250 | 21 Days |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on notice board of Office
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.
4. उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी, लातेहार का पत्रांक– 906 दि0– 29.08.2024 के आलोक में लातेहार जिले में निबंधित सम्वेदक को प्राथमिकता देते हुए कार्य आवंटित किया जाएगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लातेहार

PR 355741 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D


## न्यूज बॉक्स

### हेमंत सरकार के विरोध में भाजपा की आक्रोश रैली आज

**महुआडांड़।** हेमंत सरकार के खिलाफ भाजपा द्वारा मंगलवार को प्रखंड स्तर पर आक्रोश रैली निकाली जाएगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल के नेतृत्व में रैली बस स्टैंड स्थित भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर शास्त्री चौक, रामपुर चौक होते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचेगी, जहां जनसभा होगी। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि भ्रष्टाचार, बिजली-पानी की बदहाली, अवैध खनन और बेरोजगारी के मुद्दों को लेकर यह विरोध दर्ज कराया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरिकृष्ण सिंह भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं और आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### एक महीने में फिर जला ट्रांसफार्मर, ग्रामीण परेशान

**लातेहार (मनिका)।** एसबीआई रोड बेलवाटांड़ मोड़ पर बिजली विभाग द्वारा लगाया गया ट्रांसफार्मर सोमवार को जल गया, जिससे लगभग 150 घरों में अंधेरा छा गया है। यह ट्रांसफार्मर महज एक महीने पहले ही पुराने के स्थान पर लगाया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग मरम्मत किए गए पुराने ट्रांसफार्मर भेजता है, जो जल्दी खराब हो जाते हैं। बार-बार ट्रांसफार्मर बदलने में हजारों रुपये खर्च होते हैं, जिससे उपभोक्ता आर्थिक रूप से परेशान हैं। उमस भरी गर्मी में पानी और चार्जिंग की समस्या से लोग त्रस्त हैं। ग्रामीणों ने इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय विधायक और सांसद से हस्तक्षेप की मांग की है।

### नशा मुक्ति को लेकर नर्सिंग कॉलेज की जागरूकता रैली

**लातेहार।** लातेहार नर्सिंग कॉलेज, राजहर की ओर से सोमवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली कॉलेज परिसर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। छात्राओं ने "नशा छोड़ो, जीवन अपनाओ" जैसे नारे लगाए। जिला नोडल पदाधिकारी शोभना टोप्पो और परामर्शी नागेंद्र कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी की ऐसी सक्रिय भागीदारी से समाज को नशा मुक्त बनाने में सकारात्मक असर पड़ेगा। अंत में नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

### युवा कांग्रेस की जिला कमेटी भंग, ऑनलाइन होगी वोटिंग

**लातेहार।** युवा कांग्रेस की जिला कमेटी को भंग कर दिया गया है। अब सभी पदों पर चुनाव ऑनलाइन माध्यम से होंगे। यह जानकारी राष्ट्रीय चुनाव प्रभारी राजेश रेलिया ने सोमवार को प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि नामांकन 27 जून से 3 जुलाई तक लिया जाएगा और 4 जुलाई तक आपत्ति दर्ज की जा सकेगी। अंतिम सूची 9 जुलाई को जारी होगी। 15 जुलाई से 16 अगस्त तक वोटिंग चलेगी। चुनाव जिला, विधानसभा, प्रखंड और प्रदेश स्तर पर विभिन्न पदों के लिए होगा। प्रेस वार्ता में निवर्तमान अध्यक्ष अमित यादव, इमरान अंसारी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### महुआडांड़ में 24 घंटे से बिजली सेवा बाधित

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड में बिजली आपूर्ति की गंभीर समस्या ने आम जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। पूरे प्रखंड में पिछले 24 घंटे से बिजली पूरी तरह बाधित है। बिजली नहीं रहने से पीने के पानी की भी भारी किल्लत हो गई है। गांवों में अधिकांश लोगों के मोबाइल चार्ज न होने के कारण संपर्क भी पूरी तरह टूट गया है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि बिजली बंद रहने से घरों और दुकानों में लगाए गए इनवर्टर भी काम करना बंद कर चुके हैं, जिससे लोगों को रात में अंधेरे में रहना पड़ रहा है। दिन-रात बिजली के इंतजार में लोग परेशान हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद बिजली विभाग और प्रशासन से कोई ठोस पहल नहीं हो रही है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के अधिकारी बार-बार शिकायत करने के बावजूद गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। एक स्थानीय कर्मचारी ने जानकारी दी कि डुमरी-चैनपुर-गुमला-रायडीह सब-स्टेशन से बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है और रूट मरम्मत का कार्य चल रहा है। लोगों ने जिला प्रशासन और विद्युत निगम से तत्काल बिजली बहाल करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि बिजली आपूर्ति में जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे। लोगों ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में यदि बिजली आपूर्ति नियमित नहीं हुई तो स्थिति और भी विकट हो सकती है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05 RIII / 2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम : दिनांक–23.06.2025

| क्र0 सं0 | आइडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | EE/RWD/DALTONGANJ/17/2024-25 | जरका मोड़ मंदिर से गेरूआ भाया कांदु टोला तक पथ निर्माण । 2.00कि0मी0 | 214.650 | दो करोड़ चौदह लाख पैंसठ हजार रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 26.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 10.07.2025 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.07.2025 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।

PR 355757 Rural Development(25-26)D



## समादेष्टा का कार्यालय आई0आर0बी0-10, पलामू, कैम्प जी0एल0ए0 कॉलेज डालटनगंज
(ई मेल-co-irb10@jhpolice.gov.in)

**प्रेस विज्ञप्ति**

अप्रशिक्षु महिला आ0 408 स्नेहा कुमारी वाहिनी मुख्यालय आई0आर0बी0–10, पलामू से 180 (एक सौ अस्सी) दिनों का मातृत्व अवकाश दिनांक–11.03.2022 के अप्र0 से दिनांक–07.09.2022 के अप्र0 तक अवकाश उपभोग करने की अनुमति दी गई थी। तदनुसार आपकी उपस्थिति दिनांक–08.09.2022 के पूर्वा0 में वाहिनी मुख्यालय में थी। परंतु आप ससमय कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुई। और अवकाश विस्तार के संबंध में ई–मेल के माध्यम से आवेदन के साथ चिकित्सा प्रमाण–पत्र प्रेषित किये थे। जिसमें 120 (एक सौ बीस) दिनों का शिशु देखभाल अवकाश स्वीकृत करने का अनुरोध किये थे। जिसमें अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अनुरोध को अस्वीकृत किया गया। तत्पश्चात आप बिना अनुमति के मनमानेपूर्वक अवकाश से पिछड़ते रहे। अवकाश से पिछड़ने के कारण इस कार्यालय का बलादेश संख्या–293 / 2022 के द्वारा वेतन धारित करते हुए आपको अपने कार्य पर शीघ्र उपस्थित होने हेतू इस कार्यालय का ज्ञापांक–730 / र0का0, दिनांक–16.09.2022, ज्ञापांक–829 / र0का0, दिनांक–13.10.2022 एवं ज्ञापांक–917 / र0का0, दिनांक–18.11.2022, ज्ञापांक–988 / र0का0, दिनांक–06.12.2022 के द्वारा आपके गृह पते पर पत्र पेषित किया गया था। परंतु आप आदेश का अवहेलना करते हुए अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुई। तत्पश्चात आपके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संख्या–04 / 2023 प्रारंभ किया गया। पुनः इस कार्यालय का ज्ञापांक–59 / र0का0, दिनांक–24.01.2023 के द्वारा शीघ्र कार्य पर उपस्थित होते हुए विभागीय कार्यवाही के विरूद्ध आपसे स्पष्टीकरण की माँग की गई थी। परंतु आप अपने कार्य पर उपस्थित नहीं हुई और न ही आपके द्वारा कोई स्पष्टीकरण समर्पित किया गया। पुनः आपसे इस कार्यालय का ज्ञापांक–183 / र0का0, दिनांक–02.03.2023 के द्वारा आपके गृह पते पर अंतिम स्मार पत्र भेजा गया। परंतु आप आदेश का अवहेलना करते हुए दिनांक–08.09.2022 के पूर्वा0 से मनमानीपूर्वक अवकाश से पिछड़ रही है। पुनः इस कार्यालय का ज्ञापांक–103 / गो0, दिनांक–04.12.2024 एवं ज्ञापांक–112 / गो0, दिनांक–17.12.2024 के द्वारा अविंलब कार्य पर उपस्थित होने हेतू आपके गृह पते पर विशेष दूत भी भेजा गया। परंतु आप अपने गृह पते पर उपस्थित नहीं थे। वर्तमान में भी आप अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुई है।

अतः आपको संसूचित के माध्यम से सूचित किया जाता है कि प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिनों के अंदर अपने कार्य पर उपस्थित हो अन्यथा आपको सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

समादेष्टा
आई0आर0बी0–10, पलामू

PR 355754 Police (25-26)_D

# न्यूज बॉक्स

## पेंशनरों के बीच असमानता अन्यायपूर्ण, भारत सरकार तत्काल वापस ले फैसला : महेश कुमार सिंह



**लोहरदगा।** अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, दिल्ली के निर्णय के आलोक में सोमवार को लोहरदगा जिला पेंशनर्स संघ की ओर से उपायुक्त डॉ. ताराचंद कुमार को एक मेघा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से पेंशनरों ने केंद्र सरकार द्वारा किए गए पेंशनरों के बंटवारे को अन्यायपूर्ण बताते हुए तत्काल निर्णय वापस लेने की मांग की। उपायुक्त डॉ. ताराचंद कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि ज्ञापन को शीघ्र उच्चाधिकारियों तक अग्रसारित किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वाले सामूहिक शिष्टमंडल में शामिल पेंशनरों ने विस्तारपूर्वक अपनी मांगों और समस्याओं को सामने रखा। प्रतिनिधिमंडल में जिला सचिव महेश कुमार सिंह, लाल मोहन प्रसाद, प्रताप नारायण सिंह, किशोर कुमार वर्मा, मोहन मिंज, हरिमोहन सिंह, जुमन अली, मोबीन अंसारी, वरदानी वेक, देवमनी कुमारी, मेझरेन कुजूर और तेरेसा तिर्की सहित कई पेंशनर शामिल थे। इस अवसर पर शिष्टमंडल में मौजूद सेवानिवृत्त शिक्षकों से आग्रह किया गया कि रिक्त पदों की भरपाई के लिए यदि वे फिर से शिक्षा कार्य में योगदान देना चाहें, तो प्रशासन की ओर से उन्हें लिखित स्वीकृति पत्र जारी किया जा सकता है। ज्ञापन कार्यक्रम के पश्चात पेंशनर भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता लाल मोहन प्रसाद ने की।

## भाजपाइयों ने डॉ. मुखर्जी की 72वीं पुण्यतिथि सभी शक्ति केंद्रो में मनाई



**कैरो।** सोमवार को कैरो प्रखंड भाजपा के द्वारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की 72वीं पुण्यतिथि प्रखंड के सभी शक्तिकेंद्रो में मनाई गई। प्रखंड के सढाबे शक्ति केंद्र में प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र महतो पूर्व प्रखंड अध्यक्ष लखन उरांव समेत उपस्थित सभी भाजपाइयों ने डॉ0 मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया तत्पश्चात उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने कहा कि भारतीय जनसंघ संस्थापक डा0श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक विख्यात वैरिस्टर, महान शिक्षाविद, कुशल राजनीतिज्ञ के साथ साथ राज्य और केंद्र सरकार के नेहरू मंत्रीमंडल में उद्योग मंत्री रहकर देश मे उद्योग धंधों का जाल बिछाया जिनमे झारखंड के सिंदरी में खाद कारखाना डॉ मुखर्जी की ही देन है। पूर्व प्रखंड अध्यक्ष लखन उरांव ने कहा कि डॉ मुखर्जी एक प्रखर राष्ट्रवाद के साथ ही एक देश मे दो विधान, दो प्रधान और दो निशान के सदा विरोधी रहे। आज ही के दिन 23 जून 1953 को कश्मीर में पुलिस अभिरक्षा में उनकी रहस्यमय मौत हुई जो उस समय के कांग्रेस नीत नेहरू नेतृत्व वाली सरकार ने उनकी मौत की जांच करवाना भी उचित नहीं समझा इस प्रकार डॉ मुखर्जी की मौत पर पर्दा आज भी करोड़ों देश वासियों के समक्ष एक प्रश्न चिन्ह बनकर रह गया है। मौके पर सुरेश यादव, सुपौल उरांव, रविंद्र यादव, तुलसी साहु, मोहन साहु, गोविंद महतो इत्यादि उपस्थित थे।

## कर्मियों की गैरहाजिरी से ग्रामीणों में आक्रोश



**सेन्हा (लोहरदगा)।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में प्रशासनिक लापरवाही खुलकर सामने आई। सोमवार को अलौदी पंचायत के आरा ग्राम और अरु पंचायत के जोगना ग्राम में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनता दरबार का आयोजन किया गया था, लेकिन संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी समय पर नहीं पहुंचे, जिससे ग्रामीणों में गहरी नाराजगी देखी गई। अरु पंचायत के जोगना विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण बड़ी उम्मीद लेकर पहुंचे थे, लेकिन प्रखंड स्तर से किसी भी विभागीय पदाधिकारी या कर्मचारी की उपस्थिति नहीं होने के कारण उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। वहीं, मौके की गंभीरता को देखते हुए पंचायत मुखिया द्वारा माइयां सम्मान योजना के अंतर्गत डीबीटी आवेदन एवं पीएम किसान योजना के फार्म तो एकत्र कर लिए गए, लेकिन अन्य योजनाओं से ग्रामीण वंचित रह गए। जनता दरबार की सूचना सुनकर दिव्यांग युवती देवंती कुमारी भी अपनी समस्या लेकर कार्यक्रम स्थल पहुंची थीं, लेकिन अधिकारियों की अनुपस्थिति से वह भी मायूस होकर लौट गई। इसके अतिरिक्त, सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुष, युवा एवं युवतियाँ अपनी समस्याओं का समाधान कराने पहुंचे थे, परंतु जनता दरबार के औपचारिक संचालन के अभाव में उन्हें बिना कोई लाभ प्राप्त किए वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस लापरवाही पर कड़ा आक्रोश जताया है और मांग की है कि भविष्य में ऐसे आयोजनों में कर्मियों की सुनिश्चित उपस्थिति हो, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ ज़रूरतमंदों तक समय पर पहुंच सके।

### अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर डीसी ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित, कहा-

# जिला प्रशासन खिलाड़ियों की सहायता के लिए तत्परता के साथ खड़ा है

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस 23 जून के अवसर पर उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जिले के राज्य,राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ियों को सम्मानित किया। समाहरणालय सभागार में हुए एक कार्यक्रम में खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोहरदगा जैसे जिले से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का होना पूरे जिले के लिए गर्व और सम्मान की बात है।इन खिलाड़ियों ने आधारभूत सुविधा और अपने कमजोर आर्थिक स्थिति को कभी भी अपने मार्ग में बाधा बनने नहीं दिया और बेहतरीन प्रदर्शन किया है। यही इनकी मेहनत, त्याग और लक्ष्य के प्रति जीवटता को दर्शाता है।उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि उनका प्रयास होगा कि वे जिले में खेल के लिए बेहतर माहौल बनाएंगे।खिलाड़ी और खेल के क्षेत्र में सहायता के लिए जिला प्रशासन सदैव तत्परता के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि खेल में जीवन के लिए कैरियर की असीम संभावनाएं हैं।लोग अपनी अपनी प्रतिभा को पहचाने और कठिन तप और मेहनत के साथ आगे बढ़ें,एक न एक दिन सफलता जरूर उनके कदम चूमेगी। उपायुक्त डॉ ताराचंद ने सभी खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों के साथ साथ उनके परिजनों को भी बहुत बहुत शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में और भी बेहतर करने के लिए उत्साहवर्धन किया। प्रशिक्षक जिन्हें सम्मानित किया गया उनमें अजय सुभाष तिर्की, नम्रता भगत, पूजा कुमारी, अमित कुमार, विकास कुमार महतो, दीपक हेंब्रम, महादेव उरांव शामिल हैं। कार्यक्रम में घुड़सवारी की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले अक्षिता खत्री, राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले नंदजीत मुंडू, हेमंत किस्कू, नवजीत हेम्ब्रम, साइकलिंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने वाली खिलाड़ी पुष्पा कुमारी, साइकलिंग के एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी विकास उरांव, रणजी क्रिकेट खिलाड़ी चैतन्य नारायण तिवारी, साइकलिंग एशियन चैंपियनशिप की प्रतिभागी सरिता कुमारी, कुश्ती वर्ल्ड एवं एशियन चैंपियनशिप के प्रतिभागी अमित कुमार गोप, एशियन चैंपियनशिप के तीरंदाज में कृष्ण चंद्र देव, अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी संजना कुमारी और पैरा खेल बोशिया के प्रतिभागी सुमन प्रजापति को सम्मानित किया गया।

## आवास योजना का कार्य को ससमय पूर्ण कराएं : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में बीडीओ संग्राम मुर्मू की अध्यक्षता में सोमवार को आवास योजना एवं मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुआ। बीडीओ ने पंचायत सचिव व जनसेवकों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुवा आवास योजना के लाभुकों से ससमय आवास निर्माण कार्य को पूर्ण करायें। जिस लाभुक का प्रथम क़िस्त अग्रिम जा चुका है उसका कार्य को प्रगति में लायें और जिसका आवास का अंतिम भुगतान हो चुका है। उन सभी लाभुकों का आवास पूर्ण करा कर गृह प्रवेश कराएं। अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास में कार्य करने वाले मजदूरों का सीघ्र मजदुरी भुगतान करायें तथा मनरेगा योजना के तहत बरसाती योजना को लें और अधिक से अधिक मजदुरों को काम दें। आम बागवानी का खरपतवार को साफ सफाई करायें। सिंचाई कूप कार्य को स्थगित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर सहायक अभियंता राजीव कुमार, सूरज राम, अंजू कुमारी, अजय कुमार वर्मा,आरती चेरमाको, नागमनी उरांव, ओमप्रकाश साहु, सुजीत उरांव, डॉली तिर्की, संगीता गाड़ी समेत सभी पंचायत सचिव और जनसेवक उपस्थित थे।

### जिप अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला परिषद की बैठक आयोजित

# वर्षा जनित समस्याओं व योजनाओं की समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला परिषद सभागार में सोमवार को जिप अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पूर्व के निदेशों के अनुपालन की समीक्षा के साथ-साथ जिले में लगातार हो रही बारिश से उत्पन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सभी प्रखंडों से आए जिला परिषद सदस्यों ने बारिश के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों, टूटी हुई पुलिया, बिजली आपूर्ति बाधित होने जैसी समस्याओं की जानकारी दी। किस्को प्रखंड स्थित आदिवासी अखड़ा के ध्वस्त होने के मामले में उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने जांच का निर्देश दिया। बैठक में यह निर्देश दिया गया कि जिन क्षेत्रों में बैंक ऊपरी मंजिल पर हैं, वहां वृद्धों और दिव्यांगों के लिए विशेष सुविधा सुनिश्चित की जाए। सभी प्रखंडों में डायवर्सन, नाली, पुल-पुलिया, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं कोल्ड स्टोरेज की मरम्मत शीघ्र कराने का निर्देश भी दिया गया। सेन्हा प्रखंड के पाखरटोली में नहर व सड़क धंसने, हनहट में पुल टूटने, कुडू में नाली एवं कोल्ड स्टोरेज की मरम्मती, तथा बेटहट पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में किचन व शौचालय की अनुपलब्धता जैसे मुद्दों पर विशेष चर्चा हुई। जिप सदस्यों ने कई पंचायतों में पेयजल संकट और वर्षा से प्रभावित गरीबों को मुआवजा देने की मांग उठाई। सदर अस्पताल में प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं एवं मृत्यु उपरांत शव को घर तक पहुंचाने के लिए हेल्पलाइन सेवा शुरू करने की अनुशंसा की गई। साथ ही अस्पताल में अधिक डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति की आवश्यकता जताई गई। बैठक में जिला परिषद की रिक्त पदों की शीघ्र नियुक्ति, सभी विकास योजनाओं की जानकारी जनप्रतिनिधियों को नियमित रूप से देने, एवं कार्यों में पारदर्शिता लाने की बात कही गई। बैठक में प्रमुख रूप से जिप उपाध्यक्ष विनोद उरांव, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद, विधायक प्रतिनिधि (लोहरदगा) निशीथ जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि (बिशुनपुर) अजहर इकबाल, जिप सदस्य सुखदेव उरांव, संदीप कुमार, राधा तिर्की, रूबी कुमारी, राजमनी देवी, गंगोत्री देवी, सभी प्रखंड प्रमुख एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कलावती बनी जोगना नवाटोली आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अंतर्गत हेसवे नवाटोली आंगनबाड़ी केंद्र को बाल विकास विभाग के निर्देश पर सुचारू ढंग से संचालित करने के लिए सेविका का चयन किया गया। पंचायत समिति सदस्य अनुपा लकड़ा की अध्यक्षता में बैठक ओजोत कर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के निर्देशानुसार प्राथमिक विद्यालय हेसवे नवाटोली में आंगनबाड़ी केंद्र को सुचारू ढंग से संचालित करने के लिए सेविका का चयन किया गया। जिसमे आरती टाना भगत, सरस्वती कुमारी, सुनीता कुमारी, सपोरा बखला, सुषमा कुजूर व कलावती कुमारी द्वारा सेविका पद का उम्मीदवार के लिये आवेदन दिया गया था। जिसमे नियमानुसार शैक्षणिक योग्यता के आधार पर सेविका पद में कलावती कुमारी का चयन किया गया। वही बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीलू रानी कच्छप ने बताया कि विभाग के निर्देश पर आंगनबाड़ी केंद्र को संचालित करने के लिए सेविका थी। जो सेवानिवृत्त हो गई। जिसे विभाग का आदेश मिलने पर आंगनबाड़ी केंद्र को पुनः सुचारू ढंग से संचालित करने के लिये पर सेविका का चयन किया गया।


## झारखण्ड सरकार, कारा निरीक्षणालय

कारा एवं सुधारात्मक सेवाएँ
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड
कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा
E-Mail ID:- dj-garhwa@jharkhandmail.gov.in
jailsuperintendent.garhwa@gmail.com

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना**
HJ AND DM/DJ GARHWA/Q-3/2025/936

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कारा का नाम | मंडल कारा, गढ़वा |
| 02 | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू, फल, एंव चीनी आपूर्ति के निमित्त ई0 निविदा का आमंत्रण। (1) तृतीय त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक–01.07.2025 से 30.09.2025 तक। |
| 03 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | ₹ 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 04 | बेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | दिनांक–28.06.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–04.07.2025 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 05 | निविदा Online Upload करने की तिथि। | दिनांक–28.06.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–04.07.2025 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 06 | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | दिनांक–05.07.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 07 | अग्रधन राशि (EMD)(₹ 2500/–. से अधिक होने पर जमा करने की तिथि) | दिनांक–05.07.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 08 | निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक–08.07.2025, समय–पूर्वाह्न 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखंड सरकार की बेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.- 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

विश्वासभाजन
काराधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा
PR 355783 District (25-26)_D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

**आवश्यक सूचना।**
**(नोटिस)**

नाम–(1) मृत्युंजय भुईयां, पिता–बाबूलाल भुईयां, सा0– नावाडीह, थाना–छीपादोहर, जिला–लातेहार, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप भण्डरिया थाना कांड सं0–103/2019, दिनांक–09.08.2019 धारा–17 CLA एक्ट एवं 10/38/39 UAP एक्ट के अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–12.06.2025 को आपके स्थाई पते के घर में इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने स्थाई पता से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।
PR.NO.355774 Police(25-26):D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

नाम–(1) राजू भुईयां, पिता–छोटे लाल भुईयां, सा0–लवाही, थाना–डंडई, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप भण्डरिया थाना कांड सं0–103/2019, दिनांक–09.08.2019 धारा–17 CLA एक्ट एवं 10/38/39 UAP एक्ट के अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक– 02.06.2025 को आपके स्थाई पते के घर में इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने स्थाई पता से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा
PR 355773 (Police)25-26*D



## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

जिला– लातेहार
विज्ञापन संख्या– 15/2025–26

**संविदा अधारित नियुक्ति**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वाथ्य मिशन, झारखण्ड सरकार, रांची के पत्रांक 328 (ADM) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में लातेहार जिले के चन्दनडीह सामुदायिक भवन में 15वें वित आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Ayushman Arogya Mandir के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 14.07.2025 को पूर्वाहन् 11:30 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in interviiew निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकितसकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र0 सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 01 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04 | मानदेय | रू0 63000/– (तिरसठ हजार रू0 मात्र) |
| 05 | कुल रिक्तियां | 01 (एक) |
| 06 | चयनित चिकित्सकों द्वार भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा) | |

दिनांक 14.07.2025 को पूर्वाहन् 11:30 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित होना होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।
PR 355758 (Urban Development) 25-26 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

**अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –**
**07RI/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है।

दिनांक–23.06.2025

1. कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | EE/RWD/DALTONGANJ/24/2024-25 | नौडीहा में पिपल पेड़ से सोनबरसा होते हुए तेतरियाडीह चौक तक पथ निर्माण कार्य।, 2.85कि0मी0 | 300.739 | तीन करोड़ तिहतर लाख नौ सौ रू0 मात्र | 12 माह | द्वितीय |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 26.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 10.07.2025 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.07.2025 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज
PR 355759 Rural Development(25-26)#D



## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू

दूरभाष (मो0) सं0-
(जिला भू-अर्जन शाखा)
Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
(3G Award के तहत् घोषित)
**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 **(Section-III)**
(पलामू जिला अन्तर्गत कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा–गाड़ीखास, थाना–पण्डवा, थाना नं0–200 पत्रांक–**585(D)**/भू0अ0, दिनांक–11.06.2025

| क्र0स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | गाड़ीखास | 267 | 1182 | रैयती | टाड़–1 | 0.1150 | 1 | मेघनाथ महतो, गुप्तेश्वर महतो वो शत्रुधन महतो, पिता स्व० रामलखन महतो | |
| 2 | | 208 | 1383 | रैयती | टाड़–1 | 0.0411 | 2 | सूर्यदेव महतो पिता स्व0 विश्वनाथ महतो | |
| | | | | | कुल | **0.1561** | | | |

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू।
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू।
PR 355720 Palamu (25-26)_D
अपर समाहर्त्ता पलामू।
उपायुक्त पलामू।

## न्यूज बॉक्स

### मनरेगा लोकपाल ने बरडीह पंचायत में मनरेगा योजनाओं का किया औचक निरीक्षण



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड की बरडीह पंचायत में मनरेगा के तहत चल रही विभिन्न विकास योजनाओं का सोमवार को लोकपाल शहबान शेख ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आम बागवानी, टीसीबी, और बिरसा कूप निर्माण सहित कई अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, लोकपाल शहबान शेख ने विशेष रूप से आम बागवानी की साफ-सफाई, घास की कटाई और दवा छिड़काव जैसे कार्यों का बारीकी से मुआयना किया। उन्होंने बिरसा कूप निर्माण में कूप की मेड़बंदी की गुणवत्ता और टीसीबी कार्यों का भी निरीक्षण किया।शहबान शेख ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यस्थलों पर योजना बोर्ड लगाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और आम जनता को योजनाओं की जानकारी मिल सके।इस निरीक्षण अभियान में बीपीओ कांति कुमारी, इंजीनियर सुमित खलखो, संजय उरांव,और रोजगार सेवक सहित कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। लोकपाल ने सभी अधिकारियों को मनरेगा कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### दिन दहाड़े घर में घुसकर धारदार हथियार से किया जानलेवा हमला

**सिसई (गुमला)।** धारदार हथियार लेकर दिन दहाड़े घर में घुसकर जानलेवा हमला करने और घर में बुरी तरह से तोड़ फोड़ करने को लेकर सिसई बांसटोली निवासी मनमोहन लोहरा ने सिसई थाना में रविवार को दोषियों पर कार्रवाई करते हुए परिवार के लोगों की जानमाल की सुरक्षा करने की गुहार लगाई है। दर्ज आवेदन में कहा है कि वो केनरा बैंक गुमला में पदस्थापित है और उनकी पत्नी बाल विकास परियोजना भरनो प्रखंड में कार्यरत है। मनमोहन लोहरा ने कहा कि रविवार की सुबह आठ बजे मेरे घर के पड़ोस में रहने वाले सिकन्दर उरांव, उसकी पत्नी वीणा देवी, भाई अनिल उरांव, अनिल का पुत्र होंडा उरांव,अनु कुमारी, सुखराम उरांव,मुनी देवी व स्व विरजी उरांव के पुत्र मेरे घर तेज धारदार हथियार लेकर अचानक घुसे और मेरे ऊपर जानलेवा हमला कर दिया, मेरे माथे में गंभीर चोट लगी, जिससे मैं बेहोश हो गया। मेरे पुत्र नवीन कुमार, प्रवीण कुमार और पुत्री पुजा कुमारी पर भी उन लोगों ने जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। आनन-फानन में सभी रेफरल अस्पताल पहुंचकर इलाज कराया, इस दौरान उपरोक्त सभी लोगों ने मेरे घर के सभी खिड़की -दरवाजे और घर में रखे सामान को तोड़ फोड़ दिया और घर के सामानों को घर से बाहर फेंक दिया। पुर्व में सिकन्दर उरांव से हमलोगों के खरीदी जमीन पर विवाद चल रहा था। सिकन्दर के भाई अनिल उरांव के द्वारा दिये गए पिटीशन को सिविल कोर्ट द्वारा खारिज कर दिया गया है, साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी गुमला द्वारा भी हमारे पक्ष में अनुमति प्रदान किया गया है। सिकन्दर के भाई अनिल उरांव एवं विजय उरांव, कुलदीप उरांव मर्डर केस की सजा काट चुके हैं।

### आंधी से सड़क पर गिरा पेड़, बाइक सवार ने मारी टक्कर हुई मौत

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के बसुआ के समीप बारिश व आधी से एक पेड़ सड़क पर ही गिर गया। बाइक सवार तेज रफ्तार युवक सड़क पर गिरे पेड़ को देख नहीं पाया और उसे जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक बसुआ पतरा टोली निवासी 18 वर्षीय युवक करमचंद उरांव अपने ससुराल खरका गांव गया था जहां से लौटने के क्रम में बसुआ के समीप सड़क पर ही एक पेड़ गिरा था। तेज रफ्तार के कारण युवक पेड़ को जोरदार टक्कर मार दिया लोगों ने बताया वर्षा और आंधी के कारण पेड़ जड़ से उखड़ कर सड़क पर ही गिर गया था। घटना के बाद ग्रामीण पेड़ को काटकर सड़क से हटाए बताया जाता है की युवक एक लड़की को ढूकु के रूप में अपने पास रखा था उसकी शादी नहीं हुई थी। सर और चेहरा में गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौत हो गई।

### लगातार बारिश से तीन मकान ध्वस्त बज्रपात से चार मवेशी की हुई मौत, मुआवजे की मांग

**गुमला।** जारी प्रखंड में लगातार बारिश से परसा गांव निवासी सेलीना कुजूर कमलपुर निवासी सुबोधिनी भगत और डूमर टोली निवासी मंजुला कुजूर का मिट्टी का मकान ध्वस्त हो गया परिजन किसी तरह जान बचाकर बाहर निकले और पड़ोसियों के घर में शरण लिए हुए हैं। घर के भीतर रखा सारा सामान मलवे में दब गया है। वहीं दूसरी ओर सीसी करम टोली पंचायत के जर्माना निवासी किसान निकोदिम तिर्की के चार मवेशी की वज्रपात की चपेट आने से मौत हो गई। बारिश में मवेशी बरगद के पेड़ के नीचे बच रहे थे। सभी ने प्रखंड प्रशासन से मोदी की मांग की है।

### पुलिस पर अंधाधुंध फायरिंग, आरोपियों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**गुमला।** गुमला पुलिस पर फायरिंग के दो आरोपियों खरका बंबू टोली निवासी करमचंद उरांव पिता बोलबा उरांव और प्रेमचंद उरांव पिता बिपता उरांव के घर गुमला थाना के एस आई सुमित कुमार ने सोमवार दिन के 2 बजे नोटिस चिपका कर सरेंडर की चेतावनी दी है। सुमित कुमार ने बताया मामला 2 जुलाई 2020 की शाम 6:00 बजे की है। गुमला थाना के पेट्रोलिंग पुलिस खरका बंबू टोली गांव से गुजर रही थी। तभी जलेश्वर केवट के घर के पास दो संदिग्ध लोग बैठे थे। पुलिस को देखते ही उन लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार हुई तब तक दोनों अपराधी फायरिंग करते हुए घटनास्थल से फरार हो गए। मामले को लेकर तत्कालीन पुलिस पदाधिकारी विमल कुमार ने गुमला थाना में उपरोक्त दोनों अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। इसके बाद से पुलिस दोनों की तलाश में जुट गई थी लेकिन आरोपी फरार हो गए। कोर्ट के निर्देश पर पूर्व में भी आरोपियों के घर सरेंडर करने की चेतावनी को लेकर इश्तेहार चिपकाया गया था लेकिन आरोपियों ने सरेंडर नहीं किया। अंतिम मौका देते हुए सोमवार को दोनों आरोपियों का घर पुलिस ने इस नोटिक चिपकाया। वही कहा कि यह अंतिम मौका है आरोपी कोर्ट में सरेंडर करें अन्यथा उनके घर की कुर्की जब्ति की जाएगी।

### भरनो में 30 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप



**भरनो (गुमला)।** भरनो मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में पिछले 30 घंटे से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी हुई है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। इस भीषण गर्मी और बरसात के बीच बिजली की अनियमित आपूर्ति ने ग्रामीणों को परेशान कर रखा है। मोबाइल उपभोक्ता चार्जिंग के लिए इधर-उधर भटकते नजर आ रहे हैं, वहीं छोटे दुकानदारों की आर्थिक गतिविधियां भी बाधित हो रही हैं। बिजली विभाग के कर्मी दिवाकर मिश्रा ने बताया कि सिसई से भरनो के बीच की फॉल्ट को ठीक कर लिया गया है, लेकिन गुमला से सिसई के बीच 11 हजार वोल्ट की लाइन में फॉल्ट की पहचान की गई है, जिसे युद्ध स्तर पर सुधारने का प्रयास जारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि देर रात तक बिजली आपूर्ति बहाल हो सकती है। वहीं ग्रामीण उपभोक्ताओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि बरसात की शुरुआत में ही बिजली व्यवस्था चरमरा गई है, जबकि अभी पूरा मानसून बाकी है। यदि जल्द बिजली आपूर्ति दुरुस्त नहीं हुई तो ग्रामीणों को मजबूरन विभाग के खिलाफ सड़क पर उतरना पड़ सकता है।

# सिसई-भरनो में खाद्य सुरक्षा व मादक पदार्थ विरोधी जांच अभियान, कई दुकानों पर जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त गुमला के निर्देशानुसार सिसई और भरनो प्रखंड में खाद्य सुरक्षा और मादक पदार्थ नियंत्रण को लेकर एक व्यापक जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में संबंधित प्रखंडों के अंचल अधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। सिसई प्रखंड में अंजलि स्वीट्स, होटल कृष्णा, शिव शक्ति स्वीट्स, न्यू भारत बेकरी, रानी किराना स्टोर, पूजा स्टोर, राहुल राम, राहुल कुमार सिंह, अनीता देवी, अमर होटल समेत अन्य प्रतिष्ठानों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान मानकों का उल्लंघन और साफ-सफाई में लापरवाही पाए जाने पर निम्नलिखित जुर्माने लगाए गए। अंजलि स्वीट्स – 10,000,न्यू भारत बेकरी – 10,000,होटल कृष्णा – 3,000,शिव शक्ति स्वीट्स – 2,000 साथ ही, विद्यालय से 100 मीटर की परिधि में तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने पर कोटपा अधिनियम के तहत रानी किराना स्टोर, राहुल राम एवं अनीता देवी पर 500-500 का जुर्माना किया गया। इसके अतिरिक्त, अंजलि स्वीट्स से रसगुल्ला, होटल कृष्णा से पनीर, शिव शक्ति स्वीट्स और अमर होटल से कलाकंद के नमूने लेकर प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजे गए हैं। भरनो प्रखंड में भी केसरी स्वीट्स, होटल सुमित, सुलेखा फास्ट फूड, राजधानी चाइनीज चाउमिन आदि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। होटल सुमित को स्वच्छता में कमी पाए जाने पर 4,000 का जुर्माना, सुलेखा फास्ट फूड को कोटपा उल्लंघन पर 500 का दंड, राजधानी चाइनीज चाउमिन को चेतावनी देकर छोड़ा गया। केसरी स्वीट्स से रसगुल्ला का सैंपल जांच के लिए लिया गया।

## तंबाकू उत्पाद जब्त कर किए गए नष्ट

**गुमला।** जिले में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री पर नियंत्रण और जनस्वास्थ्य की रक्षा को लेकर प्रशासन सख्त रुख अपना रहा है। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी गुमला के संयुक्त नेतृत्व में सोमवार को सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अकरामुल खान एवं एजाज खान के प्रतिष्ठानों में तंबाकू युक्त उत्पादों की अवैध बिक्री होते हुए पाई गई। मौके पर ही कोटपा अधिनियम (कोटपा) के तहत अर्थदंड लगाया गया एवं जब्त किए गए तंबाकू उत्पादों को विधिवत नष्ट किया गया।

### कार की टक्कर से स्कूली छात्र घायल

**गुमला।** शहर के सिसई रोड स्थित संत इग्नासियुस स्कूल के पास कार के टक्कर से पैदल स्कूल जा रहा है छात्र 13 वर्षीय सूरज किंडो गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसके सिर में काफी चोट लगी इसके बाद सिसई रोड नदी टोली निवासी अजय उरांव पूरे घटनाक्रम को देखा बाइक रोककर वह उसे उसी कार से लेकर सोमवार की सुबह 9 बजे सदर अस्पताल पहुंचा। जानकारी के मुताबिक छात्र संत इग्नासियुस स्कूल में सातवीं कक्षा का छात्र है अपने दो दोस्तों के साथ नदी टोली से स्कूल आ रहा था तभी पीछे से एक कार टक्कर मार दिया। कार हवाई अड्डा की ओर से शहर की ओर आ रहा था। घटना की जानकारी पर विद्यालय के दो शिक्षक सदर अस्पताल पहुंचे वहीं उसका इलाज कराया। छात्र घाघरा थाना क्षेत्र के तिल सिरी गेरे टोली गांव का रहने वाला है।

## वाहन जांच के दौरान चला सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

# 62 वाहन चालकों को दी गई रोड सेफ्टी काउंसलिंग

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप एवं सड़क सुरक्षा टीम द्वारा गुमला टोटो थाना के पास सोमवार को मोटरसाइकिल वाहन जांच अभियान के साथ-साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के दौरान 62 दोपहिया चालकों को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के संबंध में 'रोड सेफ्टी काउंसलिंग' दी गई। लोगों को बताया गया कि किस प्रकार से सड़क पर सुरक्षित वाहन संचालन द्वारा न केवल अपनी, बल्कि अन्य यात्रियों की जान की रक्षा की जा सकती है। इस अवसर पर उपस्थित छात्रों एवं युवाओं के बीच सड़क सुरक्षा पुस्तिका और पंपलेट का वितरण भी किया गया। साथ ही हिट एंड रन मामलों और गुड समेरिटन (गुड समेरिटन) योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद कर उसे गोल्डन ऑवर (पहले 1 घंटे) में अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 2,000 की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। यदि किसी अज्ञात वाहन द्वारा दुर्घटना घटित होती है, तो मृत्यु की स्थिति में 2,00,000,गंभीर रूप से घायल होने पर 50,000 की सहायता राशि का प्रावधान है। मददकर्ता को अस्पताल में अपना नाम पंजीकृत कराना आवश्यक है ताकि चिकित्सक यह प्रमाणित कर सकें कि किसने घायल व्यक्ति की सहायता की। कार्यक्रम में उपस्थित जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप ने लोगों से आग्रह किया कि वे सड़क सुरक्षा कानूनों का पालन करें, और सड़क हादसों को रोकने में एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। इस जागरूकता अभियान में प्रमुख रूप से सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, मंटू रवानी, अश्विनी कुमार एवं प्रिंस भी उपस्थित रहे।

# जलवायु अनुकूल से फसलों उपज होगी बेहतर, किसानों की आय में वृद्धि

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र, गुमला (विकास भारती बिशुनपुर) द्वारा राष्ट्रीय नवाचार परियोजना (निकरा) के अंतर्गत जलवायु अनुकूल फसल किस्मों का प्रत्यक्षण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जिले में लोचदार (रेसीलिट) कृषि को बढ़ावा देना है, ताकि बदलते मौसम की चुनौतियों के बीच भी किसानों को बेहतर उपज और आय मिल सके। प्रत्यक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत धान प्रभेद सीआर धान-320, स्वर्ण श्रेया, मड़ुवा बीएम-3, उड़द पीयू-31, तिल जीजे-9 और मूंगफली के-1812 जैसे फसल किस्मों को चुना गया है। ये सभी फसलें स्थानीय जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल हैं और विपरीत मौसम के प्रभाव को झेलने में सक्षम हैं। डॉ. संजय कुमार ने जानकारी दी कि ये फसलें न केवल उच्च उत्पादन देती हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को भी काफी हद तक झेल सकती हैं। इससे किसानों की आमदनी में वृद्धि हो रही है और बी-परिवर्तन दर में भी उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह परियोजना इस वर्ष शिवराजपुर, नवाटोली, सरना टोली एवं लूटो बरटोली गांवों में चलाई जा रही है। वर्ष 2011 से लगातार इस दिशा में हो रहे प्रयासों के कारण आज गुमला के कई किसान इन लोचदार किस्मों को अपना चुके हैं, जिससे उन्हें बेहतर उत्पादन और आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है। डॉ. संजय ने विश्वास जताया कि आने वाले दिनों में गुमला जिला कृषि उत्पादन के क्षेत्र में और अधिक सकारात्मक परिवर्तन की ओर अग्रसर होगा।

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर हुआ भव्य आयोजन

# 200 खिलाड़ियों ने लिया उत्साहपूर्ण भाग

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर गुमला जिला प्रशासन एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विविध खेल प्रतियोगिताओं एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस अवसर पर जिले के आवासीय केंद्रों, डे बोर्डिंग, क्रीड़ा किसलय, खेलो इंडिया केंद्रों एवं विभिन्न खेल अकादमियों के लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार ने किया। दिन की शुरुआत 11 किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ से हुई। बालक वर्ग में आकाशदीप किंडो ने पहला, बांधना संगा ने दूसरा, और सुदर्शन उरांव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में अनीशा उरांव, दीपिका सोरेन, एवं सुमन उरांव ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित हुई, जिसका उद्घाटन भरनो थाना प्रभारी ने स्वयं सर्विस कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन, समर्पण और मेहनत से आगे बढ़ने का संदेश दिया और विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए। संत इग्नसुस विद्यालय, गुमला में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में प्रशिक्षिका सुश्री बीना केरकेट्टा एवं अन्य प्रशिक्षकों की देखरेख में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। संत इग्नसुस जुबली स्टेडियम में अंडर-17 आवासीय सेंटर और अंडर-15 डे बोर्डिंग टीम के बीच फुटबॉल मुकाबला खेला गया, जिसमें डे बोर्डिंग टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर अंकित टोप्पो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही फुटबॉल प्रशिक्षक रिजवान अली और जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कामडारा डे बोर्डिंग गर्ल्स हॉकी ट्रेनिंग सेंटर में भी बालक एवं बालिका वर्ग के बीच फुटबॉल मैच आयोजित हुए बालकों में टीम बी ने टीम ए को 2-0 से हराया,बालिकाओं में टीम ए ने टीम बी को 1-0 से मात दी। इसके अलावा पेंटिंग, प्रश्नोत्तरी और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने ओलंपिक दिवस की थीम पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में डीएसपी मुख्यालय प्रवीण टोप्पो, प्रशिक्षक मनोज कुमार पाल, इमरान अली, महावीर राम लोहरा, मंत्री प्रतिनिधि सुनील उरांव सहित कई पदाधिकारी एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे। जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा की ओलंपिक दिवस केवल खेलों का आयोजन नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, समर्पण एवं सकारात्मक सोच को विकसित करने का पर्व है।" उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार**

शुद्धि–पत्र

निविदा सूचना PR No 355213 Drinking Water and Sanitation(25-26)_D के कंडिका सं०– 04 को गौण किया जाता है। निविदा की शेष सभी शर्ते यथावत है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार

PR 355747 Drinking Water and Sanitation(25-26).D

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(प्रधानमंत्री आवास योजना कोषांग)**

आवश्यक सूचना
(विज्ञापन संख्या–01/2025)

सरकार के प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची का अधिसूचना सं0–1016, दिनांक–01.03.2017 एवं ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक–2300(अनु0) राँची दिनांक–23.06.2022 के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत जिला स्तरीय लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रखण्ड स्तरीय प्रखण्ड समन्वयक तथा लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

आवेदक के द्वारा दिनांक 27.06.2025 से 12.07.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक वेबसाईट http:// apply rdd. jharkhand.gov.in पर केवल ऑनलाईन आवेदन स्वीकार किया जायेगा।

आवेदन पत्र का प्रारूप एवं रिक्त पदों के लिए वांछित योग्यता सहित अन्य विस्तृत जानकारी गढ़वा जिला के वेबसाईट garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

ह0/–
उपायुक्त, गढ़वा

PR.NO.355746 Rural Development(25-26):D

**कार्यालय,उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,पलामू**
दूरभाष (मो0) सं0– (जिला भू-अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

KHATIAN AND VALUATION STATEMENT
(3G Award के तहत् घोषित)
Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section-III)
(पलामू जिला अन्तर्गत कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा–लहलहे, थाना–सदर मेदिनीनगर, थाना नं0–239
पत्रांक–578 'A'/भू0अ0, दिनांक–10.06.2025

| क्र0स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | लहलहे | 53 | 237 | गै०मा० से रैयती मान्यता प्राप्त | टांड़–2 | 0.0380 | 1 | महिमानन्द तिवारी, पिता–लक्ष्मी तिवारी। | AR Case No.-34, 35, 36, 37, 38 of 55-56 के Form M में प्लॉट–237 का किस्म टांड़–2 दर्ज है। |
| | | | | | कुल | 0.0380 | | | |

PR 355722 Palamu(25-26).D
कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय,पलामू
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू
अपर समाहर्त्ता पलामू
उपायुक्त पलामू

**समादेष्टा का कार्यालय आई0आर0बी0–10,**
**पलामू कैम्प–जी0एल0ए0 कॉलेज डालटनगंज, पलामू।**
(ई मेल–co-irb10@jhpolice.gov.in)
दिनांक–....../..... /2025

प्रेष विज्ञप्ति

निलंबित महिला आरक्षी–403 रूबी रानी आई0आर0बी0–10, पलामू को दिनांक–17.11.2022 से दिनांक–25.11.2022 के अप्र0 तक अवकाश स्वीकृत करते हुए प्रस्थान कराया गया था। आपकी उपस्थिति दिनांक–26.11.2022 के पूर्वा0 में वाहिनी मुख्यालय में थी। परन्तु आप मनमानेपूर्वक अवकाश से पिछड़ने के कारण इस वाहिनी का बलादेश संख्या–368/2022, दिनांक–03.12.2022 के द्वारा वेतन धारित करते हुए आपको अपने कार्य पर उपस्थित होने हेतू इस कार्यालय का ज्ञापांक–16/र0का0, दिनांक–07.01.2023, ज्ञापांक–152/र0का0, दिनांक–22.02.2023, ज्ञापांक–261/र0का0, दिनांक–23.03.2023, ज्ञापांक–457/र0का0, दिनांक–17.05.2023, ज्ञापांक–560/र0का0, दिनांक–17.06.2023, ज्ञापांक–71/पु0उपा0, दिनांक–21.09.2023, ज्ञापांक–636/र0का0, दिनांक–06.05.2024 के द्वारा आपके गृह पते पर पत्र प्रेषित किया गया था। परन्तु फिर भी आप अपने कार्य पर उपस्थित नही हुए। तत्पश्चात आपके विरूद्व विभागीय कार्यवाही–06/2023 प्रारंभ किया गया। पुनः इस कार्यालय का ज्ञापांक–108/गो0, दिनांक–14.12.2024, ज्ञापांक–115/गो0, दिनांक–17.12.2024 के द्वारा अविलम्ब कार्य पर उपस्थित होने हेतू आपके गृह पते पर विशेष दूत भी भेजा गया, परन्तु आप अपने गृह पते पर उपस्थित नहीं थे। वर्तमान में भी आप अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुए है।

अतः आपको संसूचित के माध्यम से सूचित किया जाता है कि प्रकाशन तिथि से 07(सात) दिनों के अंदर अपने कर्तव्य पर उपस्थित हो अन्यथा आपको सेवा से बर्खास्त किया जाएगा।

समादेष्टा
आई0आर0बी0–10, पलामू।

PR 355753 Police(25-26)D

**जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद्, लातेहार**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 07 वर्ष 2025–26 D.M.F.T मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 01.07.2025 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 02.07.2025 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :02.07.2025 को 03:00 बजे अपराहन्,कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड लातेहार के पंचायत जालिमखूर्द के ग्राम जगलदगा में प्राथमिक विद्यालय में Shed, Toilet, Septic Tank, Electrification, Sanitary and water Supply का निर्माण। | 21,72,900 | 43,500 | 5,000 | 03 माह |
| 2 | प्रखण्ड लातेहार के पंचायत जालिमखूर्द के ग्राम जगलदगा में प्राथमिक विद्यालय का जिर्णोद्धार और चाहरदिवारी का निर्माण। | 23,97,900 | 48,000 | 5,000 | 03 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभिंयता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
11. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 355724 (Rural Development)25-26*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जानबूझकर आप जो भी करते हैं, उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि यदि आपकी इच्छा-शक्ति अत्यंत बलशाली न हुई, तो अवचेतन मन की आदतों को प्रभावित करने की शक्ति के कारण आपको विवशतापूर्वक वही कार्य बारंबार करना पड़ सकता है। - श्री श्री परमहंस योगदानंद

## संपादकीय

# पाकिस्तान किसी का सगा नही

घर फूंक तमाशा शैली में काम करते पाकिस्तान का इतिहास दगाबाजी फरेब के साथ अपने आवाम को बर्बाद करने का रहा है जिसमें अभी तेजी आई हुई है। ईरान-इस्राइल युद्ध के हालिया घटनाक्रम ने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान इस्लामी ईरान के खिलाफ यहूदी राष्ट्र इस्राइल का अप्रत्यक्ष रूप से साथ देगा। भारत के विभाजन पश्चात पाकिस्तान के जन्म लेने के बाद दावा किया गया था कि वह शरीयत प्रदत्त गणतंत्र के रूप में मुसलमानों की सांस्कृतिक, मजहबी और संवेदनशीलता का प्रतिनिधित्व करेगा। क्या ऐसा है? भारतीय उपमहाद्वीप में 55 करोड़ से अधिक मुसलमान बसते हैं। इस पृष्ठभूमि में विश्व के इस भूखंड में कितने मुसलमान इस्राइल का साथ देना और कितने इस्राइल-अमेरिका के हाथों ईरान को बर्बाद होते देखना पसंद करेंगे? आखिर पाकिस्तान किसका प्रतिनिधित्व कर रहा है इस्लाम या फिर औपनिवेशिक शक्तियों का? जब इस्राइल ने ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई को मौत के घाट उतारने की धमकी दी, तब अमेरिका ने इसका मौन समर्थन करते हुए ईरान पर 'बिना शर्त आत्मसमर्पण' का दबाव बढ़ा दिया। इसी कालखंड में 18 जून को पाकिस्तान के 'वास्तविक सत्ता-नियंता' सेना प्रमुख आसिम मुनीर वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ भोजन की मेज पर ईरान के खिलाफ आगे की कार्ययोजना तैयार कर रहे थे। ऐसा लगता है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका पाकिस्तान से सटी ईरान की लगभग एक हजार किलोमीटर लंबी सीमा का उपयोग किसी लॉन्चपैड के रूप में कर सकता है। वस्तुतः पाकिस्तान का यह दोहरा चरित्र उसकी बुनियाद में ही अंतर्निहित है। यह न तो किसी ऐतिहासिक अपरिहार्यता का प्रतिफल है, न ही किसी सांस्कृतिक निरंतरता और भूगोलजन्य आवश्यकता का परिणाम। यह एक विशुद्ध कृत्रिम राष्ट्र है, जिसका निर्माण ब्रितानियों ने मुस्लिम समाज में एक बड़े वर्ग, जोकि 'काफिर-कुफ्र' अवधारणा से उद्वेलित था - उनके और वामपंथियों के सहयोग से किया था। परंतु यह भी अकाट्य सच है कि पाकिस्तान का निर्माण ब्रिटिश साम्राज्य की दूरगामी भू-राजनीतिक रणनीति का हिस्सा भी था। प्रख्यात राजनयिक नरेंद्र सिंह सरीला द्वारा रचित 'विभाजन की असली कहानी' के अनुसार, अंग्रेजों ने पश्चिम एशिया और सोवियत संघ में अपनी सामरिक स्थिति को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से भारत का विभाजन कर पाकिस्तान का सृजन किया था। यह कोई औचक निर्णय नहीं था, अपितु एक लंबी योजना के अंतर्गत था। अंग्रेज अधिकारी सर जॉन स्ट्रेची (जो 1874–76 के बीच नॉर्थ-वेस्टर्न प्रोविंसेस के लेफ्टिनेंट-गवर्नर रहे थे, जिनके नाम पर एएमयू में स्ट्रेची हॉल भी है) ने 1894 में कहा था : '...मुसलमानों के उच्चवर्ग ब्रिटिश शासन के लिए शक्ति का स्रोत हैं, कमजोरी का नहीं। वे जनसंख्या का एक छोटा, लेकिन ऊर्जावान हिस्सा हैं, जिनके राजनीतिक हित ब्रिटिश हितों से मेल खाते हैं...।' क्या इस विचार को वर्तमान परिप्रेक्ष्य से जोड़कर देखा जा सकता है? बदलते समय के साथ ब्रिटेन औपनिवेशिक का स्थान काफी हद तक अमेरिका और वामपंथ शासित चीन ने ले लिया है, जो उसका अपने-अपने भू-राजनैतिक हितों (बढ़ते भारत का विरोध सहित) के एक मोहरे की तरह प्रयोग करते हैं। जिस भूक्षेत्र को आज पाकिस्तान कहते हैं, वह दुनिया के उस संवेदनशील भू-भागों में से एक पर स्थित है, जिसकी सीमाएं पांच प्रमुख सभ्यतागत क्षेत्रों - भारत, चीन, पश्चिम एशिया, फारस और अरब से मिलती हैं। इसलिए चाहे पाकिस्तान की आंतरिक स्थिति कितनी भी चरमराई हुई हो या आतंकवाद का बड़ा केंद्र ही क्यों न हो, वह वैश्विक महाशक्तियों का चाहते या न चाहते हुए भी निकटवर्ती बना रहेगा।

*ईरान-इस्राइल युद्ध के हालिया घटनाक्रम ने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान इस्लामी ईरान के खिलाफ यहूदी राष्ट्र इस्राइल का अप्रत्यक्ष रूप से साथ देगा।*

# योग से बदलता परिवार का परिदृश्य



चाहे वह बोर्डरूम हो या युद्धभूमि—मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त महिलाएँ ही बदलाव की वाहक होती हैं; महिलाओं के लिए अपनी वास्तविक शक्ति को पहचान कर उसे विकसित करना अत्यंत आवश्यक है, और योग इसकी कुंजी है। योग की जन्मस्थली भारत में आज भी इस प्राचीन जीवनशैली को केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के पोषण के लिए एक दार्शनिक पद्धति के रूप में स्वीकार किया जाता है। भगवद्गीता (अध्याय 2, श्लोक 50) में कहा गया है- "योगः कर्मसु कौशलम्", अर्थात् 'योग कर्मों में कौशल है।' भगवान श्रीकृष्ण का स्पष्ट संदेश है कि- सच्चा योग शारीरिक आसन या ध्यान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इस बात में परिलक्षित होता है कि हम अपने दैनिक कर्तव्यों को कितनी कुशलता और ध्यानपूर्वक निभाते हैं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में, मेरा दृढ़ विश्वास है कि योग में परिवर्तनकारी क्षमता है, विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने और बच्चों के पोषण में, जो हमारे समाज की नींव हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में योग ने वैश्विक मंच पर एक कल्याणकारी और सामाजिक परिवर्तन के साधन के रूप में पहचान प्राप्त की है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2014 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया, जो भारत की महान आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक मान्यता सिद्ध करता है। इस वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम, "एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग" है। जो कि योग की सर्वसमावेशी और सार्वभौमिक अपील को रेखांकित करती है। प्रधानमंत्री ने भी इस बात पर जोर दिया है कि "योग किसी कॉपीराइट, पेटेंट या रॉयल्टी से मुक्त है। यह लचीला है—आप इसे अकेले, समूह में, गुरु से या स्वयं भी सीख सकते हैं।" जैसे-जैसे हमारा राष्ट्र विकसित भारत बनने की दिशा में अग्रसर हो रहा है, यह आवश्यक हो जाता है कि योग को महिलाओं और बच्चों के जीवन का अभिन्न अंग बनाया जाए। भारत की कुल आबादी में महिलाओं और बच्चों की संख्या लगभग दो-तिहाई है, और वे स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों के प्रति बेहद संवेदनशील होते हैं। अतः उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना हम सबका कर्तव्य है, और योग की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। योग महिलाओं के लिए मानसिक और शारीरिक दोनों दृष्टि से अनेक लाभ प्रदान करता है। यह हार्मोनल संतुलन को बेहतर बनाता है, मानसिक तनाव को कम करता है, और मांसपेशियों एवं हड्डियों को मजबूत बनाता है। विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं की विशिष्ट शारीरिक आवश्यकताओं के अनुसार योग एक समग्र और प्रभावी समाधान प्रदान करता है। योग को अपनाकर महिलाएँ गर्भावस्था से पूर्व और बाद के परिवर्तनशील समय की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में सक्षम बनती हैं। प्रसव पूर्व योग, अपने विशेष आसनों और ध्यान तकनीकों के साथ, गर्भावस्था की परेशानियों को कम करता है, दर्द प्रबंधन में सहायता करता है, और ऊर्जा को बढ़ाता है। यह गर्भवती माताओं को शारीरिक और भावनात्मक रूप से प्रसव के लिए तैयार करता है। प्रसवोत्तर योग, स्तनपान कराने वाली माताओं को उनकी रिकवरी, भावनात्मक सहायता, स्तनपान को बढ़ावा देने और माँ-बच्चे के रिश्ते को मजबूत करने में मदद करता है। महिलाओं में योग के अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए, भारत में 25 लाख से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का एक सशक्त नेटवर्क है, जो योग को महिलाओं और बच्चों के दैनिक जीवन में अपनाने के लिए जानकारी, प्रशिक्षण और सहायता प्रदान कर रहा हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की वकालत की है। वे कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का सक्रिय रूप से समर्थन करते हैं, जो किसी भी अर्थव्यवस्था के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। विश्व बैंक का यह अनुमान है कि महिला श्रम बल की भागीदारी में वृद्धि से भारत के औद्योगिक उत्पादन में 9% तक की वृद्धि हो सकती है और 2047 तक हम एक उच्च आय वाले विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। यह सब तभी हासिल किया जा सकता है जब हमारे पास शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ महिला कार्यबल हो। आज की तेजी से बदलती दुनिया में, बच्चे भी जीवनशैली संबंधी विकारों, स्क्रीन पर निर्भरता और शैक्षणिक दबावों से तेजी से प्रभावित हो रहे हैं। योग इन चुनौतियों के लिए साक्ष्य-आधारित, समयबद्ध और सांस्कृतिक रूप से निहित प्रतिक्रिया प्रदान करता है। यह एकाग्रता, याददाश्त बढ़ाने, भावनात्मक विनियमन, नींद की गुणवत्ता और तनाव के प्रबंधन को बेहतर करता है - जो समग्र बचपन के विकास के प्रमुख घटक हैं। मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के माध्यम से, हमारा मंत्रालय योग को बच्चों की प्रारंभिक देखभाल और विकास में शामिल कर रहा है, जो आजीवन स्वास्थ्यवर्धक आदतों की नींव रख रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक बहुआयामी रणनीति के अंतर्गत योग को महिलाओं और बच्चों के जीवन के अभिन्न अंग के रूप में अपनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। हमारी प्रमुख योजनाएँ, जैसे- आंगनवाड़ी केंद्र, वन स्टॉप सेंटर और बाल देखभाल संस्थान आदि न केवल पोषण और कल्याण सम्बन्धी सेवाएँ प्रदान करते हैं, बल्कि योग से जुड़ी विशेष गतिविधियों एवं प्रशिक्षण के माध्यम से लाभार्थियों के जीवन को भी प्रभावित करते हैं। इन केंद्रों में आयुष मंत्रालय के सहयोग से तैयार विशेष योग मॉड्यूल्स लागू किए जा रहे हैं, जो विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों पर केंद्रित हैं। वैश्विक व्यवस्था के बदलते विमर्श में, महिलाएँ हर मोर्चे पर अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। आईटी से लेकर अंतरिक्ष तक और नीति निर्माण से लेकर सामरिक रक्षा तक, महिलाएँ नई अग्रिम पंक्ति की योद्धा हैं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह का नेतृत्व इसका जीवंत उदाहरण हैं। यह स्पष्ट है कि मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त महिलाएँ असाधारण परिवर्तनकारी शक्ति बन सकती हैं-और योग उनकी इस अपार क्षमता का आधार है। योग के माध्यम से समावेशी विकास को बढ़ावा देना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। महिला और बाल विकास की अपनी नीतियों में योग को सक्रिय रूप से शामिल करके, हम अपनी सांस्कृतिक संप्रभुता पर जोर दे रहे हैं। योग को केवल एक अभ्यास के रूप में नहीं बल्कि स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक सहभागी अभियान, एक जन-आंदोलन के रूप में देखा जाना चाहिए और हमारी सरकार इस मुहिम को देश के हर हिस्से में ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। विकसित भारत@2047 की ओर हमारी यात्रा में, योग एक संवेदनशील, सशक्त और लचीला समाज गढ़ने की दृष्टि प्रदान करता है। आइए, हम सभी मिलकर 'स्वस्थ भारत' की प्रतिबद्धता के लिए व्यक्तिगत स्वास्थ्य और राष्ट्रीय समृद्धि में योग को अपनाने की दिशा में एकजुट हों।

आज की बात



**अन्नपूर्णा देवी**
केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री

## छवि चिंतन

मेरे सामने एक छवि लगी है, मेरा मन उस पर टंगा है। छवि में लाल रंग के वस्त्र ऊपर पहने एक युवा लाल रंग के कंदुक से हरी घास पर खेलता दीखता है। उसके सामने हरे रंग का ऊपरी वस्त्र पहने दूसरा युवा उसे और उसके कंदुक को कौतुहल से देख रहा है। लाल ऊपरी वस्त्र पहने युवा ने आधुनिकता और कंदुक क्रीड़ा के प्रतीक हल्के नीले रंग की छोटी पैंट पहन रखी है। वहीं हरे ऊपरी वस्त्र वाले युवा ने इस परम्परा का निर्वहन नहीं किया है। उसने इसके विपरीत पूरे पैर ढँकते हुए गहरे नीले रंग की पैंट पहन रखी है। उसके पास कोई कंदुक नहीं है। मेरा आशंकित मन संदेह करता है कि हो न हो ऊपरी लाल वस्त्र वाले, जिसे हम आगे क कहेंगे, ने ऊपरी हरे वस्त्र वाले, जिसे हम अब ख कहेंगे, से छीन तो नहीं लिया? परम्परावादी अब पश्चिमी सभ्यता से पराजित जो होने लगे! मेरा मन पूछता है कि क ने लाल रंग का ही चयन क्यों किया? कई अन्य रंगों का विकल्प था।सम्भव है कि वह सनातनी हो, क्योंकि सनातनी पुरुष गेरुआ अथवा लाल वस्त्र धारण करना पसंद करते हैं। लेकिन एक शंका आ गयी। सच्चा सनातनी होता तो अपनी पहचान रखता। युवा ने न तो यज्ञोपवीत (जनेऊ) पहना है, टीकी दिख नहीं रही और तो और चंदन तिलक तक नहीं है। पक्का सनातनी होता तो दूसरे युवा को कंदुक दे देता। हो न हो यह लाल रंग वामपंथ का हो। तभी इसके कंदुक छीनने का सिद्धांत प्रतिपादित होगा। वामपंथ छीनता है, सनातन देता है! अब छवि दूसरे युवा का परीक्षण करते हैं। इसने हरे रंग के ऊपरी वस्त्र का चयन क्यों किया? हमारे भारतवर्ष ही क्या विश्व में हरा रंग एक समुदाय विशेष से जोड़कर देखा जाता है। यह कंदुक लेने में पिछड़ गया है। क्या पता यह कंदुक छीनने के लिए कहीं हिंसा का प्रयोग न कर बैठे। इस सिद्धांत से वह प्रतिशोध की ज्वाला में जल रहा है। एक अन्य भारतीय राजनीति के दृष्टिकोण से यह भी कहा जा सकता है कि समुदाय विशेष का वामपंथ गठबंधन से विश्वास हट गया है क्योंकि इसे अब पता चल गया है कि वे हमेशा से अवसर मिलते ही भय दिखाकर, उनका उपयोग कर, वंचित रख नीचे धकलते रहे हैं। अब राजनीति से मुझे क्या? अभी इजराइल-ईरान युद्ध चरम पर है। ईरान इस्लामिक राष्ट्र है और इस दृष्टिकोण से दूसरा बिना कंदुक वाला युवा ईरान समर्थक लगता है। मेरी सोच आजकल की पीढ़ी के गणित से सही दिशा में जा रही लगती है। पर अपने तो इससे पुरानी पीढ़ी के हैं। हमें न युवा पीढ़ी समझ पायी न हम उन्हें! बाकि पाठक अपनी कल्पना अपने अनुभव के अनुसार करने को स्वतंत्र हैं!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**डॉ प्रशान्त करण**

# संसद में अलग झारखंड की मांग करने वाले स्वतंत्रता सेनानी बाबू राम नारायण सिंह

पुण्यतिथि आज



24 जून 1964 को 5 या 6 वर्षों का रहा हूंगा जब दादाजी का निधन हुआ था अपने पिताजी से सुनकर, कुछ स्वतंत्रता इतिहास की गाथाओं को पढ़कर राष्ट्रपिता गांधी, स्वर्गीय नेहरू तथा देश रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के पत्रों को देख समझा कि दादाजी वास्तव में एक महान राजनीतिक संत थे। पूर्वज रायबरेली से आकर हजारीबाग जिले में बस गए थे और वर्तमान चतरा जिले के तेतरिया गांव में 19 दिसंबर 1885 को मेरे दादाजी राम नारायण सिंह का जन्म काफी गरीब घर में होने के बावजूद उन्होंने अपने बूते कोलकाता के सेंट जेवियर्स कॉलेज और रिपन कॉलेज के बाद पटना लॉ कॉलेज से वकालत की डिग्री 1916 ईस्वी में प्राप्त की और पटना हाई कोर्ट में वकालत शुरू किया था। इसके पहले ब्रिटिश शासन में असिस्टेंट सर्विस सेटलमेंट अफसर हुए लेकिन उन्होंने त्यागपत्र दे दिया। लेकिन बापू की पुकार पर सब कुछ छोड़कर असहयोग आंदोलन में कूद पड़ । 1920-21 में उन्हें 2 वर्ष के लिए शासन कारावास की सजा दी गई। फिर तो जेल ही इनका घर बन गया था। 1930 से 44 तक इन्हें सश्रम कारावास की सजा भुगतान पड़ी थी। सन 1927 में कांग्रेस पार्टी की तरफ से केंद्रीय विधान सभा का सदस्य चुना गया। छोटानागपुर क्षेत्र का इन्होंने प्रतिनिधित्व किया था।बहुत कम लोगों को मालूम है कि 1940 में रामगढ़ में कांग्रेस का 53 वां अधिवेशन उनके अथक प्रयास से हो पाया था। स्वयं वर्धा गए थे और बापू से मिलकर अपना पक्ष रखा था जिसे बापू ने स्वीकार कर लिया था। मेरे दादाजी की प्रकाशित डायरी में इन घटनाओं का जिक्र है। इस बात की पुष्टि डॉ राजेंद्र प्रसाद ने अपनी आत्मकथा में की है। बिहारविभूति अनुग्रह नारायण सिंह के द्वारा लिखी गई पुस्तक मेरे संस्मरण में भी इसकी चर्चा की गई है। बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी दादाजी ने 1956 में भारतीय संस्कृति पर आधारित अमेरीकी फिल्म निर्माता सिकंदर मार्की की टेलीफिल्म सन ऑफ इंडस में भी काम किया था। 1946 में जब संविधान सभा बनी तब इन्होंने निर्भीकता से पंचायती राज की जोरदार वकालत करते कहा था कि सबसे अधिक शक्ति पंचायत को उसके बाद प्रदेशों को और सबसे कम केंद्रीय सत्ता को मिलनी चाहिए। इसका जिक्र अमेरिकी लेखक ग्रीन विले ऑस्टिन ने अपनी पुस्तक द कॉर्नरस्टोन आफ इंडियन कॉन्स्टिट्यूशन में किया है। संविधान सभा में बहस में कहा था यह कैसी विडंबना है कि देश की जनता जो मालिक है वह झोपड़ी में निवास करती है और जनता के सेवक नौकरशाह महलों में रहते हैं। इनकी निर्भीकता का पूरा सदन कायल रहता था। महात्मा गांधी के आह्वान पर वर्ष 1951 में जेबी कृपलानी जैसे बड़े नेताओं संग कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया । दलीय राजनीति के मुखर विरोधी थे। 1952 में जब प्रथम आम चुनाव हुआ तब निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सांसद निर्वाचित होकर कांग्रेस के उम्मीदवार को पराजित किया था। संसद में प्रधानमंत्री तक को प्रभावित करते थे। पहले सांसद थे जिन्होंने अलग झारखंड राज्य की पुरजोर वकालत की थी। दादाजी का विचार था की गांधी जी की इच्छानुसार कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए पर सत्ता का स्वाद चखने के बाद कांग्रेसी नेताओं ने ऐसा नहीं किया। 1957 के बाद सक्रिय राजनीति से पूरी तरह अपने आप को अलग कर लिया और दिल्ली में योग आश्रम के प्रधान बने। 1963 तक योग प्रसार समिति के प्रधान के रूप में अपनी सेवाएं दी और योग विद्या को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। उन्होंने संसद में 1954 योग विश्वविद्यालय की स्थापना की भी मांग की थी। 1963 में गांव दंतार आ गए। खेती बागवानी और पशुपालन उनका शौक था। 23 जून 1964 को मित्र सारंगधर सिंह वाइस चांसलर संग चतरा में बनवा रहे कॉलेज के काम से वे रांची जाने के क्रम में जीप दुर्घटनाग्रस्त में बुरी तरह घायल हो गए। दूसरे दिन दादाजी की शोक सभा में मुख्यमंत्री कृष्ण वल्लभ सहाय, राजा रामगढ़ कामाख्या नारायण सिंह जैसे लोग उपस्थित हुए थे। प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, केंद्रीय रेल मंत्री डॉ राम सुभग सिंह ने संवेदना संदेश दिए। प्रखर साहित्यकार शंकर दयाल सिंह ने माया की फरवरी 82 के अंक में दादा जी के संसद में निर्भीक भाषणों का वर्णन किया है। दादाजी की पुस्तक स्वराज लुट गया आज भी भारतीय राजनीतिक व्यवस्था का दर्पण है जिसे जयप्रकाश नारायण ने भारतीय राजनीति का सुगम दर्शन कहा था।

**(लेखक राम नारायण सिंह के पोते हैं।)**

देश की बात



**प्रमोद कुमार**
सेवा निवृत प्रध्यापक

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

प्रगति दिखाई देश ने, चली रेत में नाव।
'अंगद' जैसा रख दिया, पुनः देश ने पांव।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# "डायन की परावैज्ञानिक शक्तियां और हमारी सामाजिक समरसता"

मनुष्य के पूरे जीवन चक्र को समेट कर रखने वाले संस्कृति के अपने तर्क होते हैं। संस्कृति के इन तर्कों के कारण ही हमारा जीवन निर्धारित, निर्देशित, नियंत्रित व विकसित होता रहता है। विकास की इसी धारणा में से हमारा साक्षात्कार डायन जैसे किसी शब्द से होता है और इस एक शब्द के नाम पर काला जादू, अंधविश्वास, काल्पनिकता और नकारात्मकता की जैसी व्यवस्था निकलकर सामने आने लगती है। डायन जैसी नकारात्मक बातों को लेकर खींचे गए तस्वीर में से झारखंडी संस्कृति की बातें करें तो हमें इसमें भी सरलता, सहजता, सहयोग, सकारात्मकता, समर्पण जैसी बातें देखने को मिल जाती है। यह अपने आप में एक विलक्षण तथ्य है क्योंकि झारखंड के सरल सहज पठार से सामाजिक समरसता को बनाए रखने वाले "डकई रानी" के चमत्कारों के किस्से सुनने को मिलते रहते हैं। इन बातों की मानें तो यह एक ऐसी विद्या है जो घर की किसी बुजुर्ग महिला से बेटी या बहू तक अनादि काल से चला आ रहा है। इस विद्या के लिए सबसे पहले भूत बुलाने व उसे अपने वश में करने के लिए मंत्रों की साधना की जाती है। मंत्रसिद्धि के बल पर जब तथाकथित भूत पालतू बन जाता है तब भूत विद्या से भय भगाने के उद्यम किए जाते हैं। इसके लिए सिद्ध भूत को बाघ बनाकर उसकी सवारी का आनंद लिया जाता है ताकि डायन साधक के मन से मृत्यु का भय समाप्त होता चला जाए। संदर्भवश नजर चलाने, विष थोपने, वाण मारने, काली बिल्ली बनने, अदृश्य हो जाने, आदमी को खा जाने आदि कल्पनातीत विद्या वाले साधना पारंगत होते ही किसी बड़े वृक्ष पर वाण मारने के परिक्षण व वाण मारते ही तथाकथित वृक्ष के सुख जाने संबंधी लंबे विधानों की खुब चर्चाएं होती है। इन बातों को लेकर कहीं कोई प्रमाण नहीं मिलते फिर भी यह मानने वालों की कोई कमी नहीं है कि अपनी अलौकिक शक्ति के द्वारा एक डायन गुरुदक्षिणा में अपने पति या पुत्र जैसे किसी घनिष्ठ परिजन के कलेजे के साथ भोज का आयोजन करके ही पूर्ण सिद्धि प्राप्त कर पाता है। संदर्भवश रोगंटे खड़े कर देने वाले इस अवधारणा में डाकिन रानी की पूरी साधना का लक्ष्य सिर्फ इतना होता कि अपने उद्देश्य की पूर्ति में एक डायन खुद के शरीर तक को तुच्छ माना करती है। बुजुर्गों की मानें तो शिक्षा के प्रसार के कारण डायन का काला जादू आज भले ही काल्पनिक व अवैज्ञानिक बन चुका है परन्तु एक लंबे कालखंड तक इस रहस्यमयी शक्ति को समाज में अनुशासन का महत्वपूर्ण सूत्र माना जाता रहा। यह सूत्र तब भी कारगर बना रहा जब आम लोगों के व्यक्तिगत जीवन में डर, भय, आशंका आदि के बीच यह उस महिला के लिए आजीवन सामाजिक घृणा का कारण बना रहा जो किसी डाह, ईर्ष्या या उपेक्षा के कारण डायन की उपाधि से आजीवन प्रताड़ित होती रही। यहां शुकून भरी बात यह है कि आज वैज्ञानिक शिक्षा व चिकित्सा सुविधा का पर्याप्त विस्तार हुआ है और डायन संबंधी रहस्यमयी व अलौकिक विद्या की अवधारणा लगभग विलुप्ति के कगार पर है। इसी तरह डायन के साथ चलने वाले मती, गुणी, ओझा व तांत्रिकों की प्रासांगिकता व अस्तित्व पर भी गंभीर व तार्किक सवाल उठ खड़े हो रहे हैं। इन सवालों के बीच इस पूरे संदर्भ की इनसाइड स्टोरी देखें तो हैरानी इस बात को लेकर होती है कि आज जब डायन पर से वर्तमान का भरोसा उठ गया है तब सहज सरल झारखंड में पनप रहे सामाजिक उच्छृंखलता पर लगाम लगाने वाले डायन के परावैज्ञानिक क्षमता के क्षरण से हमारे समाजशास्त्री भी चिंता में हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**केदार नाथ दास**



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 24 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के एक सरकारी स्कूल में 24 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आठवीं से दसवीं कक्षा की छात्राओं ने स्कूल के प्राचार्य से उत्पीड़न की शिकायत की थी जिसके बाद स्कूल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी और शिक्षक को गिरफ्तार किया गया। स्कूल प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार को 24 छात्राओं ने प्राचार्य को लिखित शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया गया था कि शिक्षक ने उन्हें गलत तरीके से छुआ है। स्कूल प्रशासन ने बताया कि शिकायत को स्कूल की यौन उत्पीड़न रोधी समिति को भेज दिया गया था। उन्होंने बताया कि शनिवार को छात्राओं के अभिभावकों को बैठक के लिए बुलाया गया और पाया गया कि उनमें से अधिकतर को अपनी बच्ची के उत्पीड़न के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 75 (यौन उत्पीड़न) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत

# भारतीय सेना सटीक हमलों के लिए खरीदे 450 नागास्त्र 'आत्मघाती ड्रोन'

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना 450 नागास्त्र-1आर लोइटरिंग युद्ध सामग्री का ऑर्डर देकर अपनी सटीक हमला क्षमताओं को बढ़ा रही है। जीपीएस से लैस इन स्वदेशी 'आत्मघाती ड्रोन' में सटीकता के साथ हमले करने की क्षमता, उच्च ऊंचाई पर संचालन और दिन-रात निगरानी की सुविधा है। दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमलों के लिए डिजाइन किया गया यह हथियार देश के सैन्य ढांचे को और मजबूत करेगा। इस सिस्टम का परीक्षण लद्दाख और उत्तर प्रदेश में झांसी के पास बबीना हित विभिन्न स्थानों पर किया गया है। आने वाले समय में ऐसे और भी अत्याधुनिक स्वदेशी हथियार सेना को मिल सकते हैं। नागपुर की सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड में निर्मित अत्याधुनिक लोइटरिंग म्यूनिशन नागास्त्र-1आर की पहली खेप हासिल करने के बाद भारतीय सेना ने उपयोग किया है। इस हथियार की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए अब सेना ने अपनी सटीक हमला क्षमताओं को बढ़ाने, अपनी पैदल सेना को आधुनिक बनाने के लिए 450 नागास्त्र-1आर लोइटरिंग युद्ध सामग्री का ऑर्डर दिया है। यह एक किफायती सिस्टम है, जिसमें लॉन्चर सिस्टम की पूरी तरह से दोबारा इस्तेमाल की जा सकने वाली खूबियां हैं। इस सिस्टम में 360 डिग्री का जिम्बल कैमरा लगा है और रात में ऑपरेशन करने के लिए थर्मल कैमरा लगाने का विकल्प भी है। सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड में निर्मित लोइटरिंग म्यूनिशन सिस्टम में 80 फीसदी से ज्यादा स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल हुआ है। इसे आम भाषा में 'घूमकर हमला करने वाला हथियार' कहा जा सकता है, क्योंकि यह एक तरह से हवाई एंबुश यानी घात लगाकर हमला करता है। दुश्मन के इलाके में उड़कर पहुंचने के बाद यह लक्ष्य के ऊपर हवा में मंडराता है और जैसे ही सही मौका मिलता है, यह सटीक निशाना लगाकर दुश्मन को खत्म कर सकता है। खास बात यह है कि अगर हमला रद्द करना हो तो इसे वापस भी बुलाया जा सकता है, जिससे यह दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है।

- लोइ टरिंग म्यूनिशन सिस्टम में 80 फीसदी से ज्यादा **स्वदेशी सामग्री** का इस्तेमाल हुआ
- लोइट रिंग म्यूनिशन सिस्टम में 80 फीसदी से ज्यादा **स्वदेशी सामग्री** का इस्तेमाल हुआ




- **80 फीसदी** से ज्यादा स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल हुआ है।
- **360 डिग्री** का जिम्बल कैमरा लगा है
- **जीपीएस से** लैस इन स्वदेशी 'आत्मघाती ड्रोन' में सटीकता के साथ हमले करने की क्षमता
- इसे **आम भाषा** में 'घूमकर हमला करने वाला हथियार' कहा जा सकता है

## 'लिव इन' में रह रही युवती की हत्या का आरोपी युवक गोंडा से गिरफ्तार



**लुधियाना।** पंजाब पुलिस ने लुधियाना में 'लिव-इन' में रह रही एक युवती की हत्या के सिलसिले में उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले से आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस आरोपी को 'ट्रांजिट रिमांड' पर रविवार को पंजाब लेकर रवाना हो गई। लुधियाना पुलिस का नेतृत्व कर रहे निरीक्षक आदित्य शर्मा ने बताया कि पकड़ा गया युवक सुनील कुमार धानेपुर क्षेत्र के ख्वाजाजोत गांव का निवासी है और वह कामकाज के सिलसिले में लुधियाना गया था, जहां उसकी मुलाकात एक फैक्टरी में काम करने वाली राधिका (20) नाम की युवती से हुई। उन्होंने बताया कि दोनों पिछले छह महीने से फतेहगंज इलाके में किराये के मकान में 'लिव-इन' में रह रहे थे और ऐसा दावा किया जा रहा है कि उन्होंने मंदिर में शादी कर ली थी। शर्मा के अनुसार, पुलिस जांच में सामने आया कि राधिका पहले से शादीशुदा थी लेकिन उसने यह बात सुनील से छिपाई थी। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले सुनील को राधिका के अतीत की जानकारी मिली, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हो गई और आठ जून की रात यह विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी युवक ने युवती की गला घोंटकर हत्या कर दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद गोंडा आ गया। शर्मा ने बताया कि इस मामले में राधिका के भाई राहुल की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। लुधियाना पुलिस ने सर्विलांस की मदद से आरोपी का पता लगाया गया और स्थानीय पुलिस के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## आईएसआईएस से संबंध के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार

**कोलकाता।** दक्षिण कोलकाता के कस्बा इलाके में किराए के एक फ्लैट से तीन युवकों को आतंकी संगठन आईएसआईएस से कथित संबंध के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। केंद्रीय खुफिया एजेंसी ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए इन्हें रविवार देर रात गिरफ्तार किया। दिन के समय इन्हें हिरासत में लिया गया था और पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। तीनों को गहन पूछताछ के लिए दिल्ली ले जाया गया है। सूत्रों के अनुसार, खुफिया एजेंसियों को जानकारी मिली थी कि आईएसआईएस के कुछ संदिग्ध सदस्य कोलकाता में छिपे हुए हैं और वे सीधे सीरिया से संपर्क बनाए हुए हैं। इसी आधार पर दिल्ली से आई एक टीम ने कस्बा के राजडांगा इलाके में स्थित फ्लैट पर छापेमारी की। वहां रहने वाले तीन युवकों ने खुद को आईटी पेशेवर बताया था, लेकिन जांच में शक बढ़ता गया। फ्लैट की तलाशी के दौरान एजेंसियों को दो लैपटॉप मिले, जिनमें कई संदिग्ध इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज पाए गए। पूछताछ में तीनों युवक बार-बार भटकाने वाले और असंगत उत्तर दे रहे थे। इसके बाद उन्हें दिल्ली ले जाकर विस्तार से पूछताछ करने का फैसला लिया गया।

# बीजापुर में विस्फोटक के साथ पांच नक्सली गिरफ्तार

**एजेंसी। बीजापुर**




जिले में नक्सलियों के द्वारा बीते एक सप्ताह में एक नाबालिग छात्र सहित पांच ग्रामीण युवकों की हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद जिले में सघन नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत तीन थाना क्षेत्रों मद्देड़, गंगालूर और जांगला में की गई कार्रवाई में कुल पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। इन नक्सलियों के कब्जे से विस्फोटक सामग्री, नक्सली वर्दी, पिट्ठू, नक्सल साहित्य एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है। गिरफ्तार सभी पांच नक्सलियों के खिलाफ थाना मद्देड़, गंगालूर और जांगला में कार्रवाई उपरांत सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया है।

थाना मद्देड़ पुलिस ने दुधेड़ा और दम्पाया के बीच जंगल से एक नक्सली संजय मरपल्ली (36 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से विस्फोटक सामग्री, नक्सली वर्दी, पिट्ठू और अन्य आवश्यक सामग्री बरामद किया गया है।

डीआरजी बीजापुर और गंगालूर थाना की संयुक्त टीम ने गश्त और सर्चिंग के दौरान नक्सल प्रभावित मुतवेंडी क्षेत्र से तीन नक्सली मिलिशिया सदस्यों कमलू ऊर्फ कलमू पूनेम (30 वर्ष) निवासी मुनगा मातापारा, कोसा भोगाम (45 वर्ष) निवासी मुनगा नयापारा एवं कोसा तामो (45 वर्ष) निवासी गमपुर माड़वीपारा को गिरप्तार किया है। यह तीनों आरोपित 27 जुलाई, 2024 को मुतवेंडी के कच्चे रास्ते पर लगाए गए आईईडी विस्फोट की वारदात में शामिल थे। इसमें एक मासूम ईरमा कवासी गंभीर रूप से घायल हुआ था और उसे अपना पैर गंवाना पड़ा था। उनके कब्जे से कार्डेक्स वायर, इलेक्ट्रिक वायर, बैटरी आदि विस्फोटक उपकरण बरामद किए गए।

जांगला थाना की पुलिस ने एरिया डॉमिनेशन अभियान के दौरान छोटे तुमनार नयापारा जंगल से एक नक्सली मिलिशिया सदस्य सोनाधर पोड़ियाम (45 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक टिफिन बम, स्विच और पेंसिल सेल बरामद किया गया है।

## उड़ान भरने से पहले इंडिगो के 140 यात्रियों वाले विमान में तकनीकी खराबी का पता चला




**भोपाल।** इंडिगो एयरलाइंस की इंदौर-भुवनेश्वर उड़ान सोमवार को तकनीकी खराबी के चलते अपने तय वक्त के मुकाबले करीब एक घंटे की देरी से गंतव्य के लिए रवाना हो सकी जिसमें 140 यात्री सवार थे। शहर के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हवाई अड्डे के निदेशक विपिनकांत सेठ ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 6332 में तकनीकी खराबी का अहसास पायलट को तब हुआ, जब यह विमान उड़ान भरने के लिए रन-वे की ओर जा रहा था। उन्होंने बताया कि हवाई जहाज को वापस एप्रन पर लाया गया और इंजीनियरों द्वारा 'मामूली तकनीकी खराबी' में सुधार किए जाने के बाद विमान को गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। एप्रन , हवाई अड्डे का वह हिस्सा होता है जहां विमानों को खड़ा किया जाता है, यात्रियों को चढ़ाया या उतारा जाता है, ईंधन भरा जाता है और रख-रखाव किया जाता है। सेठ ने तकनीकी खराबी का विशिष्ट ब्योरा दिए बगैर बताया, ''सुधार कार्य के दौरान यात्रियों को विमान से नहीं उतारा गया।'' हवाई अड्डे के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि तय कार्यक्रम के मुताबिक इंडिगो की इंदौर-भुवनेश्वर उड़ान को सोमवार सुबह नौ बजे निकलना था, लेकिन तकनीकी मरम्मत के कारण यह सुबह 10:16 बजे गंतव्य के लिए रवाना हो सकी। अधिकारी ने बताया कि विमान में 140 यात्री सवार थे।

## भारी बारिश के कारण वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के नए मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन हो गया जिसके कारण बैटरी कार सेवा को स्थगित करना पड़ा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रा अब पुराने मार्ग से संचालित की जा रही है और बिना किसी व्यवधान के जारी है। अधिकारियों ने बताया कि हिमकोटी मार्ग पर 'सत्या व्यू प्वाइंट' के पास जिस समय भूस्खलन हुआ तब वहां श्रद्धालुओं की आवाजाही नहीं थी। उन्होंने बताया कि श्राइन बोर्ड ने तुरंत अपने कर्मियों और मशीनों को 30 फुट से अधिक क्षेत्र में फैले मलबे को साफ करने के काम में लगा दिया।

# इसरो की वैज्ञानिक बनकर देश सेवा में लगी किसान की बेटी

**एजेंसी**




**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक किसान की बेटी ने इतिहास रचा है। लगातार मेहनत, समर्पण और आत्मविश्वास के साथ सुजाता अब इसरो की वैज्ञानिक बन गई हैं। सुजाता ठाणे जिले से इसरो में चयनित होने वाली पहली महिला हैं। क्षेत्र के लोग गर्व महसूस कर रहे हैं और परिवार भी जश्न में सराबोर है। रामचंद्र मडके न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहते हैं, "मेरी बेटी का इसरो में वैज्ञानिक के तौर पर सिलेक्शन हुआ है। ये हमारे लिए खुशी की बात है। पूरे क्षेत्र में ये चर्चा का विषय बन चुका है। गांव समाज में जिस तरह चर्चाएं हो रही हैं, उससे खुशी है।" सुजाता रामचंद्र मडके ठाणे जिले की शहापुर तहसील के छोटे से गांव शिरगांव की रहने वाली हैं। उन्होंने इसरो की कठिन चयन प्रक्रिया को पार किया और विज्ञान एवं अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में कदम रख दिया। हालांकि इसरो वैज्ञानिक के तौर पर नौकरी की शुरुआत के लिए उन्होंने एक असाधारण निर्णय लिया। वो इसलिए क्योंकि सुजाता पहले से आरटीओ अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। फिलहाल वैज्ञानिक बनने के बाद उन्होंने सुरक्षित नौकरी छोड़ दी है। अब वो देश की अग्रणी अंतरिक्ष एजेंसी इसरो की वैज्ञानिक बन गई हैं। साधारण ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली सुजाता की शिक्षा जिला परिषद स्कूल से शुरू हुई। प्रारंभिक शिक्षा गांव में पूरी करने के बाद उन्होंने शहापुर से हाईस्कूल की पढ़ाई पूरी की। बाद में दूसरे स्कूल 12वीं की शिक्षा पूरी की। वो स्कूल के समय से ही एक अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनने के सपने देख रही थीं। स्नातक के बाद सुजाता ने महाराष्ट्र परिवहन विभाग की परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्हें ठाणे क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में सहायक मोटर वाहन निरीक्षक के पद पर नियुक्ति मिली। अपने सपनों की उड़ान भरनी नहीं छोड़ी। वो लगातार इसरो में वैज्ञानिक बनने की तैयारी करती रहीं। सफलता मिली और आज बेटी की इस सफलता पर परिवार, खासकर पिता रामचंद्र मडके की खुशी का ठिकाना नहीं है।

## जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति को नहीं मिली जमानत

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की कोर्ट ने हिरासत अवधि 14 दिन और बढ़ा दी है। सोमवार को पूर्व की हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद ज्योति मल्होत्रा की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेशी हुई। कोर्ट ने ज्योति की हिरासत अवधि 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। अब इस मामले की सुनवाई 7 जुलाई को होगी है। दरअसल, पुलिस ने जासूसी के आरोप में 16 मई को ज्योति को उसके घर से गिरफ्तार किया था। ज्योति 9 दिन तक पुलिस रिमांड पर रही और उसके बाद वह लगातार न्यायिक हिरासत में हैं। कोर्ट उसकी जमानत याचिका पहले ही खारिज कर चुकी है। ज्योति के वकील कुमार मुकेश का कहना है कि वे अब सेशन कोर्ट में जमानत याचिका दायर की जाएगी।

## प्रतिबंधित संगठन के चार उग्रवादी गिरफ्तार



**इम्फाल।** मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले में प्रतिबंधित संगठन प्रेपक (पीआरओ) के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से हथियार एवं गोलाबारूद का जखीरा जब्त किया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान थिंगबैजम फिलिप सिंह, लौरेम्बम कुमार मेइती, लैशराम हरिदास और युमनाम आकाश सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि उग्रवादियों को रविवार को जिले के अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उग्रवादियों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर जिले के कालिका की तलहटी में तलाश अभियान चलाया गया।

**समादेष्टा का कार्यालय आई०आर०बी०-10, पलामू,**
**कैम्प जी०एल०ए० कॉलेज डालटनगंज**
**(ई मेल–co-irb10@jhpolice.gov.in)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

अप्रशिक्षु महिला आ0 303 चाँदनी गुप्ता आई0आर0बी0–10, पलामू को 02(दो) दिनों का आकास्मिक अवकाश एवं 02(दो) दिनों का अनुमति अवकाश कुल 04(चार) दिनों का अवकाश दिनांक–30.04.2022 के अप0 से दिनांक–04.05.2022 के अप0 तक उपभोग करने की अनुमति दी गई थी। तदनुसार आपकी उपस्थिति दिनांक–05.05.2022 के पूर्वा0 में वाहिनी मुख्यालय में थी। परंतु आप ससमय कर्तव्य पर उपस्थित नही हुई और अवकाश विस्तार के संबंध में ई–मेल के माध्यम से आवेदन के साथ चिकित्सा प्रमाण–पत्र प्रेषित किये थे। जिसमें 120 (एक सौ बीस) दिनों का शिशु देखभाल अवकाश स्वीकृत करने का अनुरोध किये थे। जिसमें अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अनुरोध को अस्वीकृत किया गया। तत्पश्चात आप बिना अनुमति के मनमानेपूर्वक अवकाश से पिछड़ते रहे। अवकाश से पिछड़ने के कारण इस कार्यालय का बलादेश संख्या–293/2022 के द्वारा वेतन धारित करते हुए आपको अपने कार्य पर शीघ्र उपस्थित होने हेतू इस कार्यालय का ज्ञापांक–730/र0का0, दिनांक–16.09.2022, ज्ञापांक–829/र0का0, दिनांक–13.10.2022 एवं ज्ञापांक–917/र0का0, दिनांक–18.11.2022, ज्ञापांक–988/र0का0, दिनांक–06.12.2022 के द्वारा आपके गृह पते पर पत्र पेषित किया गया था। परंतु आप आदेश का अवहेलना करते हुए अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुई। तत्पश्चात आपके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संख्या–02/2023 प्रारंभ किया गया। पुनः इस कार्यालय का ज्ञापांक–59/र0का0, दिनांक–24.01.2023 के द्वारा शीघ्र कार्य पर उपस्थित होते हुए विभागीय कार्यवाही के विरूद्ध आपसे स्पष्टीकरण की माँग की गई थी। परंतु आप अपने कार्य पर उपस्थित नहीं हुई और न ही आपके द्वारा कोई स्पष्टीकरण समर्पित किया गया। पुनः आपसे इस कार्यालय का ज्ञापांक–183/र0का0, दिनांक–02.03.2023 के द्वारा आपके गृह पते पर अंतिम स्मार पत्र भेजा गया। परंतु आप आदेश का अवहेलना करते हुए दिनांक–08.09.2022 के पूर्वा0 से मनमानीपूर्वक अवकाश से पिछड़ रही है। पुनः इस कार्यालय का ज्ञापांक–103/गो0, दिनांक–04.12.2024 एवं ज्ञापांक–112/गो0, दिनांक–17.12.2024 के द्वारा अविंलब कार्य पर उपस्थित होने हेतू आपके गृह पते पर विशेष दूत भी भेजा गया। परंतु आप अपने गृह पते पर उपस्थित नहीं थे। वर्तमान में भी आप अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुई है।

अतः आपको संसूचित के माध्यम से सूचित किया जाता है कि प्रकाशन की तिथि से **07 (सात)** दिनों के अंदर अपने कार्य पर उपस्थित हो अन्यथा आपको सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

समादेष्टा
आई0आर0बी0–10, पलामू

PR 355751 Police(25-26).D

**'जनता दर्शन'** 'स्कूल जाना चाहती हूं, आप मेरा एडमिशन करवा दीजिए'

# सीएम योगी का बच्ची संग बातचीत का वीडियो वायरल

**एजेंसी। लखनऊ**



यूं तो हर दौरे, निरीक्षण, कार्यक्रम में बच्चों को देख उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री उनसे मिलते, हालचाल जानते, पढ़ाई के बारे में पूछते, फिर चॉकलेट देते है, लेकिन सोमवार को एक अलग ही नजारा देखने को मिला। दरअसल सोमवार एक बच्ची ने सीएम योगी से स्कूल में एडमिशन कराने की गुहार लगाई। जिसके बाद सीएम योगी बच्ची की बात सुनकर मुस्कुरा जाते है।

इतना ही नहीं बच्ची से मुख्यमंत्री के संवाद को देख सभी ने योगी के बालमन की तारीफ की तो सीएम बच्ची की हाजिर जवाबी पर मुस्कुरा उठे। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान मुरादाबाद से वाची नाम की नन्ही बच्ची अपनी बात लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास पहुंची। हर एक फरियादी के पास पहुंच रहे मुख्यमंत्री जब इस बच्ची के पास पहुंचे तो उसे देख सबसे पहले हालचाल पूछा, फिर उसका भी प्रार्थना पत्र लिया और पढ़ा।

इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाची से पूछा कि तुम, स्कूल नहीं जाना चाहती है। इस पर बच्ची बोली- "नहीं, मैं स्कूल जाना चाहती हूं। मैं यह कह रही थी कि आप स्कूल में मेरा एडमिशन करा दो।" मुख्यमंत्री ने पूछा, "किस क्लास में। 10वीं या 11वीं में", बच्ची ने फिर उत्तर दिया- "अरे, मुझे नाम नहीं पता।" इस पर मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद को प्रार्थना पत्र सौंपा और कहा कि इस बच्ची का एडमिशन हर हाल में कराओ। सोशल मीडिया पर सीएम योगी का बच्ची संग इस बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मुख्यमंत्री का यह रूप देख 'जनता दर्शन' में आए फरियादी भी एक मिनट के लिए अपनी पीड़ा भूल मुस्कुरा उठे। मुरादाबाद से आई वाची से पूछा गया कि किससे मिलकर आई हैं, उन्होंने कहा कि मैं योगी जी से मिलकर आई।

मैंने उनसे कहा कि मेरा स्कूल में एडमिशन करवा दें। जिस पर उन्होंने कहा कि मैं करवा दूंगा। मुख्यमंत्री से मिलकर प्रफुल्लित वाची ने बताया कि सीएम योगी मुझे बिस्कुट और चॉकलेट भी दी।

### एयर इंडिया कनिष्क बम विस्फोट की 40वीं बरसी पर बोले केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी

# आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को एकजुट होने की जरूरत

**कॉर्क (आयरलैंड) (आईएएनएस)**

भारत ने आयरलैंड और कनाडा के साथ मिलकर एयर इंडिया कनिष्क बम विस्फोट की 40वीं बरसी पर पीड़ितों को याद किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकता की अपील की। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आयरलैंड के कॉर्क में स्थित अहाकिस्ता में एयर इंडिया फ्लाइट 182 (कनिष्क) बम विस्फोट की 40वीं बरसी के अवसर पर बोलते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, दुनिया को एकजुट होने की जरूरत है, न केवल इस तरह की शोक सभाओं में, बल्कि आतंकवाद से लड़ने के लिए सामूहिक और सक्रिय प्रयासों में भी।

23 जून 1985 की त्रासदी को याद करते हुए पुरी ने कहा कि यह कोई दुर्घटना नहीं थी, बल्कि भारत को विभाजित करने की कोशिश करने वाले कट्टरपंथी तत्वों की ओर से जानबूझकर किया गया जघन्य कृत्य था। ज्ञात हो कि कनाडा में रहने वाले आतंकवादियों द्वारा लगाए गए बम से एयर इंडिया फ्लाइट सं-182 हवा में ब्लास्ट हो गई थी, जिसमें 80 से अधिक बच्चों सहित 329 लोग मारे गए थे। 23 जून 1985 को एयर इंडिया की फ्लाइट लंदन और दिल्ली होते हुए मुंबई जा रही थी, तभी अटलांटिक महासागर के ऊपर बोइंग 747 में बम विस्फोट हो गया।

केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद और उग्रवाद केवल अतीत की समस्याएं नहीं हैं, बल्कि आज भी निर्दोष लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा, भारत दशकों से आतंकवाद से पीड़ित है। जम्मू-कश्मीर से लेकर पंजाब और मुंबई तक, बार-बार हमारे लोगों ने बम विस्फोटों, हत्याओं और अत्याचारों को सहा है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2024 में वैश्विक आतंकवाद से संबंधित मौतों में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पुरी ने कनाडा सरकार से इस साझा खतरे का मुकाबला करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया और कहा, कनाडा हमारा मूल्यवान साझेदार और मित्र है।

हम दोनों देश सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों से जुड़े हैं और लोकतांत्रिक परंपराओं से बंधे हैं। उन्होंने खुफिया जानकारी साझा करने, कट्टरपंथी विरोधी प्रयासों और आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने के लिए दोनों देशों के बीच गहरे सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा, हमारी सुरक्षा एजेंसियां, खुफिया तंत्र और कूटनीतिक चैनल ऐसी त्रासदियों को दोबारा रोकने के लिए दुनिया के साथ साझेदारी करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

मंत्री हरदीप पुरी ने 1985 की त्रासदी के बाद अहाकिस्ता के लोगों और आयरिश सरकार की करुणा के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, उन्होंने शोकग्रस्त परिवारों के लिए अपने घर और दिल खोले, यह मानवता का एक ऐसा कार्य है जो आज भी प्रेरित करता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस आपदा के बाद भारत और आयरलैंड के बीच बनी अनूठी दोस्ती मजबूत द्विपक्षीय संबंधों में बदल गई है, जिसमें वर्ष 2023 में व्यापार लगभग 16 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। इस समारोह में आयरलैंड के प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन, कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री गैरी आनंदसांगरी, स्थानीय आयरिश अधिकारी और पीड़ितों के परिवार शामिल हुए।

**याद किए गए पीड़ित, भारत-कनाडा और आयरलैंड ने दी श्रद्धांजलि**



## विदेश मंत्री जयशंकर ने कनिष्क बम विस्फोट की बरसी पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को 1985 के एयर इंडिया 'कनिष्क' बम विस्फोट में मारे गए 329 लोगों को श्रद्धांजलि दी। यह इतिहास के सबसे घातक आतंकी हमलों में से एक था, जिसकी आज 40वीं बरसी है। उन्होंने आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर कठोर रुख अपनाने की जरूरत पर जोर दिया। विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, एयर इंडिया 182 कनिष्क बम विस्फोट की 40वीं बरसी पर हम 329 जिंदगियों को श्रद्धांजलि देते हैं। यह इस बात की स्पष्ट याद दिलाता है कि दुनिया को आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता क्यों दिखानी चाहिए।



**नफरत व आतंक फैलाने वाले मानवता पर हावी नहीं हो सकते :** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए भारत के दृढ़ संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा, आज का यह स्मरण समारोह एक संयुक्त संदेश हो, जो लोग नफरत और आतंक फैलाते हैं, वे कभी भी मानवता, लोकतंत्र और दोस्ती पर हावी नहीं हो सकते।

### सैटेलाइट तस्वीरों का जिक्र करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा

# ईरान के परमाणु स्थलों को हुआ भारी नुकसान

**वांशिगटन (आईएएनएस)**

अमेरिका का बी-2 बॉम्बर ईरान में तबाही मचाकर लौट चुका है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस हमले को सटीक बता रहे हैं और उन्होंने ईरान को हुए नुकसान का आकलन भी कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कुछ सैटेलाइट तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा है कि ईरान में सभी परमाणु स्थलों को भारी क्षति हुई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कुछ घंटे पहले सोशल साइट 'ट्रुथ' पर एक पोस्ट में लिखा, सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि ईरान के सभी परमाणु स्थलों को भारी नुकसान पहुंचाया गया है। 'नष्ट करना' एक सटीक शब्द है। जो सफेद ढांचा दिखाई दे रहा है, वह चट्टान के भीतर गहराई से समाया हुआ है। इसकी छत भी जमीन के नीचे है। सबसे बड़ा नुकसान जमीन के नीचे गहराई में हुआ है। इसके पहले डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर अटैक के बाद अपने बी2 बॉम्बर के वापस लौटने का वीडियो शेयर किया। पोस्ट में ट्रंप ने लिखा, महान बी-2 पायलट अभी-अभी मिसौरी में सुरक्षित रूप से उतरे हैं। सटीक काम के लिए धन्यवाद। इस वीडियो में ट्रंप का एक पोस्ट भी दिख रहा था, जिसमें उन्होंने लिखा था, ईरान में परमाणु स्थलों को भारी क्षति पहुंची है। हमले बहुत ही सटीक और जोरदार थे। हमारी सेना ने बहुत ही कुशलता दिखाई। वहीं, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि उनका देश ईरान के साथ युद्ध नहीं कर रहा है, बल्कि सिर्फ उसके परमाणु कार्यक्रम के साथ युद्ध कर रहा है। इस बीच उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने संकेत दिया कि वाशिंगटन अभी भी तेहरान के साथ कूटनीतिक रास्ता अपनाना चाहता है।



**बोले ट्रंप**

- **हमले बहुत ही सटीक और जोरदार थे**
- **हमारी सेना ने बहुत ही कुशलता दिखाई**

## ईरान में नेतृत्व परिवर्तन की संभावना से **डोनाल्ड ट्रंप** ने नहीं किया इनकार

- **ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने कहा, इजराइल ने एक गंभीर गलती की**

**वाशिंगटन (हि.स.)**

ईरान ने अब तक यह नहीं साफ किया है कि अमेरिका के लड़ाकू विमानों ने उसे किन-किन परमाणु सुविधा केंद्र को नष्ट किया है। अमेरिका के सीधे लड़ाई में कूदने से वह एक कोने में घिरा नजर आ रहा है। इस बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नेतृत्व में बदलाव का समर्थन करने से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि इस समय अधिकारी परमाणु स्थलों पर हमलों का आकलन कर रहे हैं। ज्ञात हो कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान को ऑपरेशन 'मिडनाइट हैमर' नाम दिया। अमेरिका ने बी2 स्टील्थ बॉम्बर को ईरान पर हमले के लिए भेजा, जिसने आसमान से बम बरसाए। ईरान के तीन मुख्य एटमी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिनमें नतांज, इस्फाहान और फोर्डो शामिल हैं।

द वॉल स्ट्रीट जनरल अखबार ने इस घटनाक्रम का विश्लेषण किया है। इसमें कहा कि अमेरिका के ईरान के सबसे मजबूत परमाणु स्थलों पर हमला करने के बाद अब शासन के मौलवी नेताओं के सामने एक खतरनाक विकल्प है। मौलवी नेता अमेरिका पर पलटवार करें और दो दुश्मनों (इजराइल और अमेरिका) के साथ युद्ध को बढ़ाने का जोखिम उठाएं। या परमाणु वार्ता पर वापस लौटें। अखबार का कहना है कि परमाणु वार्ता पर वापस लौटने का मतलब यह होगा कि उन्हें संभवतः परमाणु संवर्धन और उनके बैलिस्टिक-मिसाइल शस्त्रागार पर रियायतें देनी होंगी। यही देश की संप्रभुता के दो स्तंभ हैं। इधर, ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने अमेरिकी हमले के बाद अपनी पहली टिप्पणी में अमेरिका का उल्लेख कहीं भी नहीं किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इजराइल पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि इजराइल ने एक गंभीर गलती की और इसकी उसे अभी सजा मिल रही है। इजराइल ने ईरान के सैन्य ढांचे के खिलाफ और हमलों की घोषणा की है। ईरान ने इजराइल की ओर एक और मिसाइल हमला किया है। वहीं, यूरोप के नेताओं ने ईरान से इस तरह से जवाब न देने का आग्रह किया, जिससे क्षेत्र में अस्थिरता पैदा हो।

# ट्रंप भारत का मुंह बंद कर, बांह मरोड़ कर टैरिफ लादना चाहते हैं

- भारत चाहता है टेक्सटाइल, चमड़े के सामान जैसे उत्पादों पर कोई टैक्स न लगे
- अमेरिका जेनेटिकली मॉडिफाइड खाद्य पदार्थ भी भारत में सप्लाई करने पर आमादा है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** ट्रंप के दादागिरी के कारण भारत व अमेरिका के बीच ट्रेड डील लटक रहा है। वह भारत का मुँह बंद करते हुए बाँह मरोड़ कर अपना मनमानी टैरिफ़ लादना चाहते हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत मक्का और सोयाबीन जैसे कृषि उत्पादों पर टैरिफ बहुत ही कम करे। और अमेरिका जेनेटिकली मॉडिफाइड खाद्य पदार्थ भारत में सप्लाई करने पर आमादा है। और वह इसी तरह 9 जुलाई तक दबाते हुए चलने पर आमादा है , ताकि तब तक कोई समझौता नहीं होता है, तो भारतीय उद्योगों को अमेरिका में 26% तक टैक्स देना पड़े। जबकि भारत आग्रह कर रहा है कि ट्रंप प्रशासन का 10% का बेसलाइन टैरिफ कम किया जाए। क्योंकि यह 10% टैरिफ तो सभी देशों के लिए है। बातचीत शुरू होने पर भारत सरकार चाहती थी कि टेक्सटाइल, चमड़े के सामान, दवाओं व कुछ इंजीनियरिंग के सामान तथा ऑटो पार्ट्स जैसे उत्पादों पर कोई टैक्स न लगे। लेकिन अमेरिकी अधिकारी चाहते हैं कि भारत जल्दी से ट्रम्प टैरिफ को मान ले। इसके लिए कहे कि ट्रंप प्रशासन तुरंत जीरो टैरिफ पर नहीं जा सकता। भारत चाहता है कि एक बार समझौता होने के बाद अमेरिका भविष्य में कोई नया टैक्स न लगाए। अमेरिका चाहता है कि समझौते में कृषि उत्पादों को ज़रूर शामिल किया जाए।अमेरिका के जेनेटिकली मोडिफाइड मक्का, सोयाबीन व अन्य इलाज से लगायत सेव तक को भारत आयात करे।अमेरिका के ज्यादातर कृषि उपज जेनेटिकली मोडिफाइड हैं, जिन्हें भारतीय नियमों के तहत अनुमति नहीं है।और हालत यह भी है कि अमेरिका अपने उत्पादों को नो जीएम का सर्टिफिकेट देने को भी तैयार नहीं है। इसके बजाय कह रहा है कि कुछ मक्के को इथेनॉल में प्रोसेस करके ब्लेंडिंग प्रोग्राम में इस्तेमाल किया जा सकता है। लेकिन यह संभव नहीं है क्योंकि ब्लेंडिंग की सीमा पहले ही पूरी हो चुकी है। इसी तरह अमेरिका का सोयाबीन के मामले में सुझाव है कि इसे तेल में प्रोसेस किया जाए। लेकिन यह काम भारत में ही करना होगा , लेकिन इससे तो अमेरिकी जीएम उत्पाद भारतीय बाजार में आ सकते हैं। इसके अलावा, अमेरिका चाहता है कि उसकी कई अन्य उत्पादों जैसे गाड़ियों को कम टैरिफ पर आयात करने की अनुमति दी जाए।इन हालात में ट्रंप 9 जुलाई को रेसिप्रोकल टैरिफ सस्पेंशन खत्म करने का फैसला करते हैं, तो भारतीय उद्योगों के लिए मुश्किलें बढ़ जाएंगी। कारण यह यह है कि अमेरिका भारत के लिए सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। वैसे तो ब्रिटेन व यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते होने से कुछ अन्य बाजार भी खुलेंगे, लेकिन निर्यातकों को आने वाले महीनों में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा, सरकार भी इस बात को मानती है।लेकिन इन सबके बीच सरकार यह भी नहीं चाहती की ट्रम्प नाराज़ हों।और केवल खून ही नहीं बल्कि सब कुछ में धंधा वाले घमंडी व अराजक ट्रम्प इसी का फायदा उठाना चाहते हैं।वह (ट्रंप) भारत का मुंह बंद कर बाँह मरोड़ कर टैरिफ़ लादने पर आमादा हैं

### पाकिस्तान ने दिया ट्रंप को झटका, ईरान मुद्दे पर चीन-रूस के साथ दिखाई एकजुटता

**संयुक्त राष्ट्र** । पाकिस्तान ने ईरान के मुद्दे पर अमेरिका को बड़ा झटका दे दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हाल ही में पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख आसिम मुनीर की मुलाकात हुई थी। ये मानते हुए कि पाकिस्तान में वास्तविक सत्ता सेना के पास है, डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को मुनीर की व्हाइट हाउस में मेजबानी की। वाशिंगटन में असीम मुनीर के लिए जबरदस्त बंदोबस्त किए गए थे। इससे इस्लामाबाद और वाशिंगटन के बीच नजदीकियां बढ़ने की अटकलें लगाई जाने लगीं। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद ने रविवार को ईरान पर हुई आपात बैठक में कहा कि इस्लामाबाद "ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिका की ओर से किए गए हमलों की कड़ी निंदा करता है।

## ईरान परमाणु एजेंसी से सभी आधिकारिक संबंध तोड़ सकता है

**तेहरान (आईएएनएस)**

ईरान की संसद ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ सहयोग को निलंबित करने के लिए एक विधेयक लाने की योजना बनाई है। यह जानकारी सोमवार को ईरानी सरकारी मीडिया रिपोर्टों में दी गई। संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर कलीबाफ ने संसद सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान का कोई गैर-शांतिपूर्ण परमाणु गतिविधि का इरादा नहीं है, लेकिन पूरी दुनिया ने देखा है कि आईएईए ने अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में विफलता दिखाई है और वह अब एक "राजनीतिक उपकरण" बन चुका है। उन्होंने आगे ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई द्वारा परमाणु हथियारों के खिलाफ जारी धार्मिक आदेश (फतवा) का हवाला दिया और कहा कि ईरान का रुख पूरी तरह शांतिपूर्ण है। कलीबाफ ने कहा, "जब तक आईएईए के पेशेवर आचरण को लेकर ईरान को ठोस और भरोसेमंद गारंटी नहीं दी जाती, संसद आईएईए से सहयोग निलंबित करने वाला विधेयक पारित करने पर विचार कर रही है। संसद अध्यक्ष ने अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए हालिया हमलों की भी तीखी आलोचना की और इसे ईरान-इजरायल संघर्ष में अमेरिका की "सीधी सैन्य भागीदारी" बताया। उन्होंने कहा, "हम इस हमले को इजरायली शासन की रणनीतिक विफलता का परिणाम मानते हैं, लेकिन हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।



### हवाई खतरों से निपटने के लिए भारत-फ्रांस की सेनाएं कर रही हैं अभ्यास

**नई दिल्ली** । भारत और फ्रांस की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास 'शक्ति' इस समय फ्रांस के कैंप लारजैक, ला कावेलरी में पूरी गति से जारी है। भारत व फ्रांस यहां अपने अत्याधुनिक हथियारों से कॉम्बैट व गोलाबारी का अभ्यास कर रहे हैं। यहां आधुनिक हवाई खतरों से निपटने के लिए दोनों पक्षों ने मिलकर ड्रोन-रोधी तकनीक पर भी प्रशिक्षण लिया। इस अभ्यास में आक्रामक ड्रोन को निष्क्रिय करने वाले अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म्स का लाइव प्रदर्शन किया गया है। सेना के मुताबिक दोनों देशों की टुकड़ियां गहन संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण में लगी हुई हैं। इस संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण का उद्देश्य इंटरऑपरेबिलिटी (सह-कार्य क्षमता), सामरिक समन्वय और दोनों सेनाओं के बीच आपसी विश्वास को बढ़ाना है।

**कहानी फिल्म जगत की**

## पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर के साथ दिलजीत दोसांझ को काम करना पड़ा भारी

दिलजीत दोसांझ और नीरू बाजवा की फिल्म 'सरदार जी 3' शुरू से ही चर्चा में थी। इसमें दिलजीत और नीरू एक साथ नज़र आएंगे और इसके अलावा इस बात की प्रबल खबरें थीं कि इस फिल्म से पाकिस्तानी कलाकार हानिया आमिर अपना पॉलीवुड डेब्यू करेंगी। पहले, हानिया के फिल्म का हिस्सा होने के बारे में सभी ने चुप्पी साधी हुई थी, लेकिन हाल ही में रिलीज़ हुए ट्रेलर ने इस बात को साफ़ कर दिया है, वह फिल्म की प्रमुख महिलाओं में से एक हैं। निर्माताओं द्वारा भारत में रिलीज न किए जाने के बाद फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज के अध्यक्ष बीएन तिवारी ने इंडिया टुडे को एक्सक्लूसिव तौर पर बताया कि वे दिलजीत दोसांझ और फिल्म के निर्माताओं को भारत में प्रतिबंधित करने के लिए आधिकारिक निर्देश जारी करने की योजना बना रहे हैं।

*प्रशंसकों और फिल्म संगठनों ने फिल्म पर कड़ी आलोचना की है*





# देश के लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जान की बाजी लगा दी : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, महान शिक्षाविद, जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर बलिदान दिवस के रूप में मनाया। डॉ मुखर्जी के चित्र,प्रतिमा पर पुष्प,माला अर्पित कर नमन किया गया। डॉ मुखर्जी के व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा की। अपने संथाल परगना प्रवास के दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने देवघर परिसदन में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्री मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आजादी के बाद धारा 370 के माध्यम से जम्मू कश्मीर को देश से काटने की कोशिश की। सत्ता की भूखी नेहरू सरकार ने जम्मू कश्मीर केलिए अलग प्रधानमंत्री, अलग संविधान और अलग झंडे की मान्यता दी। शेष भारत के लोगों को कश्मीर में प्रवेश करने केलिए परमिट का प्रावधान किया। कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसका प्रबल विरोध करते हुए बिना परमिट के कश्मीर की सीमा में प्रवेश किया। गिरफ्तारी दी और अंत में स्वतन्त्र भारत के इतिहास में राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा केलिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। भाजपा प्रदेश कार्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, कार्यालय मंत्री हेमंत दास,प्रदेश मंत्री सरोज सिंह,मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, अरुण झा,सुनील साहू, अनिल सिंह ,लक्ष्मी चंद्र दीक्षित, संजय चौधरी आदि शामिल हैं।

### सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे डॉ मुखर्जी : रविंद्र कुमार राय



कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने अपने सरिया स्थित आवास पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि भारत की सांस्कृतिक सीमा में सनातन काल से जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। मां भारती का मुकुट है।कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी इस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे।आज भाजपा अपने प्रेरणा पुरुष डॉक्टर मुखर्जी के सपनो के अनुरूप सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को मजबूत कर रही।

### कुशल संगठनकर्ता थे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी : कर्मवीर सिंह



प्रदेश कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह जी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक कुशल संगठनकर्ता थे। उनके द्वारा लगाया गया संगठन का पौधा आज विशाल वट वृक्ष बन गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवादी संगठन जनसंघ ही आज भाजपा के रूप में विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन गया। आज भाजपा 14 करोड़ सदस्यों वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है।

## आजसू शुरू करेगी 'नौकरी दो सरकार' अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। आजसू पार्टी ने सरकार से जवाब मांगते हुए 'नौकरी दो सरकार' अभियान की शुरुआत करने का ऐलान किया है। यह घोषणा पार्टी के नेता संजय मेहता ने आज आजसू केन्द्रीय कार्यालय में प्रेस कॉफ्रेंस के दौरान की। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत और केन्द्रीय सचिव राजेन्द्र मेहता भी इस कॉन्फ्रेन्स में शामिल रहें। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि राज्य के युवाओं को नौकरी और आरक्षण के नाम पर सिर्फ ठगा गया है। संजय मेहता ने कहा कि सरकार ने निजी और आउटसोर्सिंग क्षेत्रों में 75% आरक्षण का कानून तो बना दिया, लेकिन उसे लागू करवाने में पूरी तरह असफल रही है। स्थानीय नीति की स्थिति भी स्पष्ट नहीं है। आजसू पार्टी सभी निजी, खनन और आउटसोर्सिंग कंपनियों से स्थानीयों को दी गई नौकरियों का पूरा लेखा-जोखा मांगेगी। साथ ही राज्य के परीक्षा आयोगों से भी नियुक्तियों का ब्योरा मांगकर सरकार को कटघरे में खड़ा करेगी। पार्टी का आरोप है कि आउटसोर्सिंग के जरिए आरक्षण को खत्म किया जा रहा है और ठेकादारी प्रथा ने श्रमिकों का शोषण बढ़ाया है। संजय मेहता ने कहा कि झारखंड में संविदाकर्मियों का स्थायीकरण नहीं हो पा रहा, श्रम कानूनों का पालन नहीं हो रहा और मज़दूरों का पलायन बढ़ा है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत ने बलिदान दिवस को सफल बनाने में जुटे सभी कार्यकर्ताओं और मीडिया का आभार जताया। उन्होंने बताया कि आजसू पार्टी ने इस मंच से राज्य के ज्वलंत मुद्दों – स्थानीयता, नियोजन नीति, ओबीसी आरक्षण, नियुक्ति कैलेंडर, पेसा कानून, सरना धर्म कोड, सीएनटी-एसपीटी, सरकारी भ्रष्टाचार और मंईयां सम्मान योजना जैसे विषयों पर सरकार को घेरा है। देवशरण भगत ने सरकार से मांग की कि मंईयां सम्मान योजना से साढ़े पांच लाख महिलाओं का नाम हटाने की प्रक्रिया और उसका आधार सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने कहा कि यह मंईयां का अपमान है, और आजसू पार्टी मां-बहनों के सम्मान में खड़ी है। आजसू पार्टी 30 जून को हूल दिवस, 8 अगस्त को निर्मल महतो शहादत दिवस, और 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों – कोल्हान, संथाल और उत्तरी छोटानागपुर – में व्यापक जनसभाओं और आंदोलनों का आयोजन करेगी।

# रिम्स-2 पर कोई समझौता नहीं हर हाल में बनेगा : स्वास्थ्य मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने रिम्स-2 (के निर्माण को लेकर स्पष्ट और दृढ़ संदेश दिया। उन्होंने कहा की राहुल गांधी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सपना मैं पूरा कर रहा हूं। रिम्स-2 स्वास्थ्य क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम होगा और यह हर हाल में बनेगा।

डॉ. अंसारी ने रिम्स अस्पताल पर बढ़ते भार और राज्य के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के उद्देश्य से रिम्स-2 की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष की ओर से फैलाया जा रहा भ्रम और राजनीतिक विरोध सिर्फ जनता को गुमराह करने की साजिश है।

डॉ. अंसारी ने कहा कि जो लोग रिम्स-2 का विरोध कर रहे हैं, वे 'बाबूलाल मरांडी पाठशाला' के छात्र हैं और उनकी सोच शुरू से ही झारखंड विरोधी रही है। ऐसे लोगों से जनहित की कोई उम्मीद नहीं की जा सकती। मंत्री ने स्पष्ट किया कि रिम्स-2 का निर्माण किसी भी खेती की जमीन पर नहीं बल्कि सरकारी भूमि पर किया जाएगा, जिससे किसानों और कृषि भूमि पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि झारखंड एक कृषि प्रधान राज्य है, जहां खेती के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है और सरकार किसानों के हितों की पूरी रक्षा कर रही है।

मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा की "भाजपा ने अपने 18 वर्षों के शासनकाल में स्वास्थ्य के क्षेत्र को पूरी तरह नजरअंदाज किया। आज जब हम दिन-रात मेहनत कर व्यवस्था को सुधारने में लगे हैं, तो ये लोग केवल अड़चनें पैदा कर रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

अंत में उन्होंने दो टूक कहा कि रिम्स-2 का निर्माण अब टाला नहीं जा सकता। यह परियोजना झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जाएगी और राज्यवासियों को इलाज के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

### रिम्स-2 के मुद्दे पर फिक्सड मैच खेल रहे गठबंधन के नेता : प्रतुल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि वह रिम्स 2 के भूमि अधिग्रहण मुद्दे पर अपने सहयोगी दल कांग्रेस के दो अग्रणी नेताओं से विरोधाभासी बयान दिलवाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। प्रतुल ने कहा यह पूरे तरीके से फिक्स्ड मैच है। सरकार जबरन आदिवासियों की खेती वाली जमीन पर रिम्स 2 का निर्माण करने जा रही थी। उस जमीन को सरकारी जमीन बता रही थी। जबकि दस्तावेज बता रहे थे कि जमीन का कभी अधिग्रहण भी नहीं हुआ था। प्रतुल ने कहा कि प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने नगड़ी में रिम्स-2 बनाने के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत की तो सरकार आदिवासियों के आक्रोश के कारण बैकफुट पर आ गई। बुरे तरीके से फंसी सरकार अब कांग्रेस के दो अग्रणी नेताओं से विरोधाभाषी बयान दिलवाकर कन्फ्यूजन पैदा करने की कोशिश कर रही है। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने 1 महीने बाद मुख्यमंत्री से मांग की है कि आदिवासियों के कृषि योग्य जमीन पर रिम्स-2 का निर्माण नहीं होना चाहिए। भाजपा प्रवक्ता ने कहा पूरे राज्य के आदिवासी इस जबरन निर्माण के खिलाफ थे। इसलिए सरकार बचने का रास्ता खोज रही थी। प्रतुल ने कहा अब लगता है सरकार के इशारे पर ही स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी कह रहे हैं कि हर हालत में रिम्स-2 उसी जगह पर बनेगा। यह सिर्फ और सिर्फ कन्फ्यूजन पैदा करने की कोशिश की जा रही है। मीडिया का ध्यान और जनता का ध्यान अब इन दोनों नेताओं के बयानों पर चला गया। मूल मुद्दा नगड़ी के जमीन पर जबरदस्ती निर्माण का था। प्रतुल ने कहा बाबूलाल मरांडी ने स्पष्ट किया था कि किसी भी सूरत में नगड़ी में आदिवासियों की कृषि भूमि पर रिम्स-2 नहीं बनने दिया जाएगा। उसी स्थल के अगल-बगल में सैकड़ों एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध है। राज्य सरकार लाठी के बल पर अगर वहां से आदिवासियों को बेदखल करने की कोशिश करेगी तो भाजपा इसका कड़ा प्रतिकार करेगी।

### संयुक्त भारत-अफ्रीका वार मेमोरियल का हुआ अनावरण

# प्रथम विश्व युद्ध के सैनिकों को दी गई श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सोमवार को केन्या के तैत टवेटा काउंटी स्थित माइल 27 पर संयुक्त भारत-अफ्रीका वार मेमोरियल का अनावरण किया गया। यह मेमोरियल प्रथम विश्व युद्ध के दौरान पूर्वी अफ्रीकी मोर्चे पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले अज्ञात भारतीय और अफ्रीकी सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान को समर्पित है।

इस स्मृति स्तंभ का अनावरण रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और केन्या की रक्षा मंत्री रोसालिंडा सोइपान तूया, ईजीएच, कैबिनेट सचिव, रक्षा मंत्रालय, गणराज्य केन्या द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर केन्या रक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी, तैत टवेटा काउंटी के जनप्रतिनिधि, भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल तथा राजनयिक और सैन्य समुदाय के सदस्य उपस्थित थे।

यह महत्वपूर्ण पहल केन्या में भारतीय उच्चायोग के रक्षा विंग द्वारा प्रारंभ की गई थी और इसे भारत के रक्षा मंत्रालय के आर्थिक सहयोग से मूर्त रूप दिया गया। इस परियोजना को केन्या रक्षा बलों तथा तैत टवेटा काउंटी के अधिकारियों के सहयोग से क्रियान्वित किया गया।

प्रथम विश्व युद्ध के दौरान, 1.4 मिलियन से अधिक भारतीय सैनिकों ने युद्ध में भाग लिया। यह पहला अवसर था जब भारतीय सेना को इतनी बड़ी संख्या में विदेशी भूमि पर तैनात किया गया था, वह भी भारत से भिन्न जलवायु और परिस्थियों में। पूर्वी अफ्रीका में जर्मन सेनाओं का मुकाबला करने हेतु दक्षिण अफ्रीकी, रोडेशियन और भारतीय सैनिकों का मिश्रित बल तैनात किया गया था। हालांकि भारतीय सेना के योगदान को अक्सर संयुक्त युद्ध स्मारकों में पर्याप्त स्थान नहीं मिलता। केन्या में केवल 1235 सैनिकों की स्मृतियाँ दर्ज हैं, जिनमें 1151 भारतीय सैनिक हैं, जो एक्सपेडिशनरी फोर्स बी का हिस्सा बनकर मोंबासा पहुंचे थे।

1914 से 1918 की अवधि में लगभग 50,000 भारतीय सैनिकों ने पूर्वी अफ्रीका में कदम रखा, जिनमें से किसी भी समय लगभग 15,000 सैनिक सक्रिय मोर्चे पर तैनात रहते थे। कुल 2,972 सैनिक युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए, 2003 घायल हुए, और 43 सैनिक लापता या बंदी बनाए गए – कुल मिलाकर 5018 भारतीय सैनिक हताहत हुए। इनके अतिरिक्त भी अनेक सैनिक ऐसे थे जिनकी कोई ज्ञात कब्र नहीं है – वे 'अज्ञात भारतीय सैनिक' की भावना को जीवंत करते हैं। इसी प्रकार, अनेक अफ्रीकी/ केन्याई सैनिक भी भारतीय सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़े, किंतु अब तक उनके लिए कोई समर्पित स्मारक या कब्र नहीं थी।

माइल 27 पर स्थित यह स्मारक स्थल, जहां ऐतिहासिक मिलस्टोन भी स्थित है, भारत और केन्या के साझा बलिदान और स्थायी मित्रता का प्रतीक है। यह स्तंभ न केवल शहीदों की स्मृति को समर्पित है, बल्कि भारत और केन्या की संयुक्त सैन्य विरासत की गहराई और गौरव की भी गवाही देता है। यह पहल भारत-केन्या रक्षा सहयोग को और अधिक सुदृढ़ बनाती है, जो आपसी सम्मान, साझा मूल्यों और वैश्विक शांति एवं सुरक्षा के प्रति समर्पण पर आधारित है।

## बिना प्रखंड अध्यक्ष के भाजपा का प्रदर्शन हताशा का प्रतीक

**नवीन मेल संवाददाता**



- भाजपा का प्रदर्शन केवल दिखावा
- एक ही आदमी दो-दो पद पर – बाकी पार्टी ठप

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ. तनुज खत्री ने भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा की भाजपा का संगठन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। दिसंबर 2024 से संगठनात्मक चुनाव लटका पड़ा है, लेकिन सात महीने बाद भी 517 प्रखंड अध्यक्ष नहीं बने, जिला अध्यक्ष नहीं है और पार्टी पूरी तरह से नेतृत्वविहीन हो चुकी है। ऐसे में 264 प्रखंडों में प्रदर्शन का ऐलान करना भाजपा की राजनीतिक नौटंकी के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा आज प्रखंडों में प्रदर्शन करने की बात कर रही है, लेकिन जिन प्रखंडों में अध्यक्ष तक नहीं हैं, वहां प्रदर्शन कैसे और कौन करेगा? ये सब सिर्फ अंदरूनी अव्यवस्था को ढंकने और जनता को भ्रमित करने का खेल है।

बाबूलाल मरांडी को एक साथ नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया है। ये साफ संकेत है कि भाजपा के पास कोई दूसरा भरोसेमंद चेहरा या नेतृत्व नहीं बचा है। भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष भी इन्हीं कारणों से अभी तक नहीं बन पाया है। पार्टी खुद को नहीं संभाल पा रही, फिर राज्य को क्या दिशा देगी? डॉ. तनुज ने कहा कि भाजपा की राजनीति अब मुद्दों पर नहीं, विरोध के नाम पर शोर मचाने में सिमट गई है। उन्हें न जनता की परवाह है, न राज्य के विकास की चिंता। हर बार चुनाव के पहले जनता की याद आती है, और बाकी समय दिल्ली और रांची में सिरफुटौव्वल चलती रहती है।

हेमंत सोरेन के नेतृत्व के सामने भाजपा के पास कोई मजबूत चेहरा नहीं है। यही कारण है कि झारखंड की जनता ने लगातार दो बार भाजपा को पूरी तरह सत्ता से बाहर रखा। भाजपा के शासनकाल में सिर्फ झूठे वादे हुए, संसाधनों की लूट हुई और जनता के हितों की अनदेखी हुई।

### शैक्षणिक | नेताजी सुभाष विवि के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए केंद्रीय वस्त्र मंत्री, कहा

# युवाओं को नौकरी सृजन करने वाला बनना होगा

- केंद्रीय मंत्री ने विवि के नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज प्रभाग का उद्घाटन किया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय, जमशेदपुर में सोमवार को तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस विशेष अवसर पर भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मौके पर उन्होंने कहा कि आज के युग में युवाओं को केवल नौकरी की तलाश करने वाला नहीं, बल्कि नौकरी सृजन करने वाला बनना होगा। उन्होंने "आई कैन, आई विल" जैसे मंत्र को जीवन में अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि यह सिर्फ शब्द नहीं बल्कि एक भावनात्मक संकल्प है, जो आत्मविश्वास, समर्पण और प्रतिबद्धता को जन्म देता है।

उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में भागीदार बनें और नवाचार, उद्यमिता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को आत्मसात करें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाये। केंद्रीय मंत्री ने विश्वविद्यालय के नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज प्रभाग उद्घाटन किया।

शुरुआत में इसमें 200 मेडिकल छात्रों के एडमिशन की तैयारी है। मौके पर कई गणमान लोग उपस्थित थे।

### संस्थान में आठ हजार छात्र अध्यनरत हैं

कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय की स्थापना की प्रेरणा और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। संस्थान में 8000 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं और यह संस्थान अपने स्थायित्व और गुणवत्ता के लिए क्षेत्र में जाना जा रहा है। दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2023 और 2024 में उत्तीर्ण स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के कुल 1500 से अधिक विद्यार्थियों को उपाधियाँ (डिग्री सर्टिफिकेट) प्रदान किए गए। समारोह में, विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों ने भाग लिया।

### राहुल गांधी ने आदिवासी नेताओं के साथ की बैठक

# सरना धर्म कोड का उठा मामला

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की अध्यक्षता में दिल्ली के 10 जनपथ पर ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में झारखंड, मध्यप्रदेश और राजस्थान के आदिवासी सांसद और विधायक शामिल हुए। झारखंड से लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक सोना राम सिंकू, विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, विधायक भूषण बाड़ा ने भाग लिया। इस बैठक में लोहरदगा सांसद ने जातिगत जनगणना में सातवां कॉलम के तौर पर सरना धर्म कोड को जगह देने पर विशेष बल दिया गया। आदिवासी समाज के उत्थान को केंद्र में रखकर बुलाई गई इस बैठक के बाद झारखंड सरकार में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर सरना धर्म कोड, ट्राइबल लीगल कौंसिल, परिसीमन के बाद आदिवासी सीटों की स्थिति को लेकर बातें रखी गई। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अगर परिसीमन के बाद भी आदिवासी सीटें सुरक्षित नहीं रही तो उनका अस्तित्व खत्म हो जाएगा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राहुल गांधी के साथ हुई आदिवासी नेताओं की बैठक के बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि देश में जनसंघर्षों की आवाज और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी अध्यक्षता में आज दिल्ली स्थित 10 जनपथ में ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड के आदिवासी विधायक और सांसदों ने हिस्सा लिया। ये बैठक आदिवासी अस्मिता के संरक्षण और संवर्द्धन के लिहाज से खास रही।

## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री से मिले कृषि निदेशक



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में कृषि निदेशक भोर सिंह यादव ने शिष्टाचार भेंट की।

### जामताड़ा में एक दिन में तीन लोगों की हार्ट अटैक से मौत, स्वास्थ्य मंत्री ने जताई चिंता



**रांची/जामताड़ा।** जामताड़ा के अमोई गांव के लोहार टोला में पूर्व मुखिया हराधन किस्कु का अचानक निधन हो गया। मौत की खबर मिलते ही स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी तुरंत मौके पर पहुंचे। परिजनों से मिलकर सांत्वना दी और पूरी घटना की जानकारी ली। जामताड़ा जिले में एक दिन में तीन लोगों की हार्ट अटैक से हुई मौत पर मंत्री ने चिंता व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया है कि सभी मामलों की कोविड जांच कराई जाए और मेडिकल हिस्ट्री की गहन समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि हमारा विभाग पूरी तरह सतर्क है और हर स्थिति पर वैज्ञानिक आधार पर काम कर रहा है। अगर किसी तरह का साइड इफेक्ट या पैटर्न सामने आता है तो त्वरित और ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### आरक्षण और स्थानीय नीति पर आजसू की राजनीति अवसरवादी : विनोद पांडेय



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने आजसू द्वारा सोमवार को किए गए प्रेस कॉन्फ्रेंस को पूरी तरह राजनीतिक प्रपंच और जनता को गुमराह करने की साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी झारखंड में ओबीसी आरक्षण को 24 से घटाकर 14 प्रतिशत करने के लिए जिम्मेदार है, वह आज आरक्षण पर नैतिकता की दुहाई दे रही है, यह झारखंड की जनता के साथ एक भद्दा मजाक है। आजसू पार्टी अपनी ऐसी दिशाहीन नीतियों के कारण आज जनता के बीच अपना जनाधार खो चुकी है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों के परिणाम पर गौर करें तो ये साफ नजर आता है कि आजसू पार्टी का अब कोई जनाधार नहीं बचा है। विनोद पांडेय ने कहा कि जब झारखंड की लोकप्रिय हेमंत सरकार ने ओबीसी को 27% आरक्षण देने की पहल की थी, तब न्यायालय में जाकर इसे रोकने की कोशिश एनडीए गठबंधन के सहयोग से हुई थी। आजसू पार्टी एनडीए का महत्वपूर्ण घटक दल है। आजसू पार्टी को पहले यह बताना चाहिए कि ओबीसी आरक्षण पर उसका स्टैंड क्या है? अगर वह ओबीसी के हक में है, तो पहले यह स्पष्ट करे कि अदालत में आरक्षण रोकने वालों के साथ वह क्यों खड़ी थी? आरक्षण पर सवाल उठाने से पहले आत्ममंथन करे आजसू उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी निजी क्षेत्र में 75% आरक्षण पर सवाल उठा रही है। आरक्षण को लेकर कोर्ट में बाधाएं खड़ी करने वाले कौन लोग हैं, यह सबको पता है। सरकार नीतियां बना रही है, कोर्ट की प्रक्रिया का सम्मान कर रही है, लेकिन आजसू जैसे दल युवाओं की भावनाओं से खेलने का काम कर रहे हैं।

### नशीले पदार्थ के तस्करों को सुधारने के लिए पुलिस ने की प्लानिंग



- तस्करों के घर जाकर परिवार को किया जाएगा जागरुक

**रांची।** रांची पुलिस ने एक प्लान पर काम शुरू किया है जिसमे नशे के कारोबार में लिप्त ड्रग्स पैडलर्स के परिजन भी अब जानेंगे की नशे की लत कितनी खतरनाक होती है। कैसे नशे की जद में आकर युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। ड्रग्स पैडलर्स नशे की तस्करी से दूर रहे, इसके लिए अब उनके परिजनों को ही नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी पुलिस के द्वारा दी जाएगी। इसकी शुरुआत की जा रही है। डीआईजी सह एसएसपी रांची चन्दन कुमार सिन्हा के नेतृत्व में रांची पुलिस मादक पदार्थो के कारोबार को लेकर जीरो-टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। यही वजह है कि पिछले डेढ़ सालों में केवल रांची से ही करोड़ो की नशे की खेप बरामद किया गया और सैकड़ों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अब पुलिस नशे के तस्करों के परिजनों का भी काउंसलिंग करेगी ताकि वे अपने बेटों को ड्रग्स पैडलर्स बनने पर रोक लगा सके। पुलिस के अनुसार जिले में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो कुछ रुपए के लिए ब्राउन शुगर समेत अन्य नशीली पदार्थ की खरीद- बिक्री करते हैं। ऐसे लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भी भेजा। ऐसे तत्वों को सुधारने और सही रास्ते में लाने के लिए एक योजना तैयार की गई है। इस योजना के तहत पुलिस की टीम जेल से छोटे पैडलरों के घर जाकर उन्हें किसी दूसरा व्यवसाय करने के लिए जागरूक कर रही है। साथ ही उनके पूरे परिवार के सामने उन्हें यह बताया जा रहा है कि नशीली पदार्थ की बिक्री करने से कितने परिवार बर्बाद हो रहे हैं।

# अनुभवी फॉरवर्ड ललित को शानदार करियर के लिए हॉकी इंडिया ने दी बधाई



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

हॉकी इंडिया ने सोमवार को अनुभवी फॉरवर्ड ललित कुमार उपाध्याय को हार्दिक बधाई दी, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा की। इसके साथ ही 2014 से 2025 तक एक दशक से अधिक समय तक चले उनके उल्लेखनीय करियर का समापन हो गया। उत्तर प्रदेश के वाराणसी के रहने वाले ललित ने बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सीजन के यूरोपीय चरण के भारत के अंतिम मैच के तुरंत बाद एक भावपूर्ण सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से अपने फैसले की घोषणा की। हालांकि उन्होंने दौरे के दौरान चार मैचों में भाग लिया, लेकिन भारतीय जर्सी में उनका अंतिम प्रदर्शन 15 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुआ। ललित ने सीनियर स्तर पर भारत के लिए 183 मैच खेले, जिसमें 67 गोल किए।

पिछले कुछ वर्षों में वह भारत की फॉरवर्ड लाइन में एक विश्वसनीय नाम बन गए। वह अपनी बहुमुखी प्रतिभा, ऑन-फील्ड बुद्धिमत्ता और दबाव की स्थितियों में शांत व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। 2014 हॉकी विश्व कप में पदार्पण करने से लेकर दो बार ओलंपिक पोडियम पर खड़े होने तक, ललित का करियर आधुनिक युग में भारतीय हॉकी के कुछ सबसे बड़े मील के पत्थर की समयरेखा है। वह टोक्यो 2020 ओलंपिक में इतिहास रचने वाली टीम का अहम हिस्सा थे, जिसने भारत को लंबे समय से प्रतीक्षित कांस्य पदक जीतने में मदद की और पेरिस 2024 ओलंपिक में इस उपलब्धि को दोहराया, जिससे एक बड़े मैच के खिलाड़ी के रूप में उनकी प्रतिष्ठा मजबूत हुई। ओलंपिक के अलावा, ललित ने 2016 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी, 2017 एशिया कप में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस मैच में उन्होंने चार गोल किए थे और कई अन्य पोडियम फिनिश में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके पदक से भरे करियर में ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व लीग फाइनल 2017 में कांस्य, एफआईएच पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2018 में रजत, 2018 एशियाई खेलों में कांस्य और 2018 पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण शामिल हैं। वह एफआईएच प्रो लीग 2021-22 में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम का भी हिस्सा थे और हांग्जो में एशियाई खेलों 2022 में स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय हॉकी में उनके योगदान के लिए ललित को 2021 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## हॉकी इंडिया अध्यक्ष और महासचिव ने ललित के योगदान की सराहना की

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, "ललित अपनी पीढ़ी के सबसे शानदार और समर्पित फॉरवर्ड में से एक रहे हैं। चाहे वह कोई महत्वपूर्ण ओलंपिक मैच हो या लीग गेम, उन्होंने हमेशा भारतीय जर्सी को गर्व के साथ पहना और दिल से खेला। उन्होंने कहा कि वाराणसी की संकरी गलियों से दो बार ओलंपिक पोडियम पर खड़े होने तक का उनका सफर किसी प्रेरणा से कम नहीं है। हम भारतीय हॉकी के लिए उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं और उनके जीवन के अगले चरण के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भी ललित के अपार योगदान की सराहना की और कहा, "ललित खेल के सच्चे राजदूत रहे हैं, मैदान के बाहर विनम्र और मैदान पर निडर। उनकी निरंतरता, कौशल और बड़े मैचों के प्रति उनके स्वभाव ने उन्हें टीम का स्तंभ बना दिया। उन्हें न केवल उनके गोल के लिए बल्कि टीम में लाई गई ऊर्जा और सकारात्मकता के लिए भी याद किया जाएगा। हॉकी इंडिया को उनकी उपलब्धियों पर गर्व है।

# 'ओलंपिक डे' पर बीसीसीआई और जय शाह का संदेश, 'लेट्स मूव प्लस 1' अभियान को बढ़ावा

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**



2010 2014 और 2023 में एशियन गेम्स में पुरुषों और महिलाओं दोनों की टी20 प्रतियोगिताएं शामिल थीं

'इंटरनेशनल ओलंपिक-डे' के मौके पर सोमवार को आईसीसी अध्यक्ष जय शाह और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 'लेट्स मूव +1' अभियान को बढ़ावा दिया है। इसके साथ ही मजबूत, स्वस्थ भारत की ओर कदम बढ़ाने का आग्रह किया।

जय शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "क्रिकेट ने हमेशा हमें एकजुट किया है। अब यह ओलंपिक का हिस्सा है। इस ओलंपिक डे पर, आइए प्रेरणा, जुड़ाव और उत्थान के लिए खेल की ताकत का जश्न मनाएं। अपने +1 को टहलने, दौड़ने या क्रिकेट खेलने के लिए आमंत्रित करें। एक मजबूत, स्वस्थ भारत की ओर कदम बढ़ाएं। साथ मिलकर, आइए ओलंपिक गेम्स को घर लाने की अपनी यात्रा पर आगे बढ़ते रहें! बीसीसीआई ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, "क्रिकेट ओलंपिक गेम्स में शामिल हो गया है। यह हमारे प्रिय खेल के लिए एक ऐतिहासिक छलांग है। इस ओलंपिक डे पर, आइए खेलों की शक्ति का जश्न मनाएं, जो लोगों को जोड़ती है और प्रेरित करती है। लेट्स मूव अभियान के जरिए हम आपको अपना '+1' चुनने और आगे बढ़ने के लिए आमंत्रित करते हैं।

चाहे वह टहलना हो, दौड़ना हो या क्रिकेट का खेल हो। साथ मिलकर, हम एक स्वस्थ, ज्यादा एकजुट भारत का निर्माण कर सकते हैं। जब हम साथ मिलकर चलते हैं, तो बेहतर तरीके से आगे बढ़ते हैं। आइए, अपने सपने को साकार करें- भारत में ओलंपिक! 'लेट्स मूव' इस साल ओलंपिक-डे की थीम है। यह दिवस 1894 में आधुनिक ओलंपिक खेलों की स्थापना के मौके पर हर साल 23 जून को मनाया जाता है। इस वर्ष, सभी को अपने साथ चलने, दौड़ने, डांस करने, कूदने और घूमने के लिए '+1' को आमंत्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# टेस्ट के बाद होगी वनडे सीरीज, अब वनडे स्क्वाड का हुआ ऐलान, कई प्लेयर्स की वापसी

**ढाका । एजेंसी**

बांग्लादेश क्रिकेट टीम और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट मुकाबला ड्रॉ रहा था। अब दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट मुकाबला 25 जुलाई को खेला जाएगा। टेस्ट सीरीज के बाद दोनों टीमों के बीच वनडे सीरीज खेली जाएगी। इसके लिए अब बांग्लादेश की वनडे स्क्वाड का ऐलान कर दिया गया है। इसमें कप्तानी की जिम्मेदारी मेहदी हसन मिराज को सौंपी गई है। टीम में कुल 16 प्लेयर्स को मौका मिला है। वहीं, बांग्लादेश की वनडे स्क्वाड में नईम



शेख के अलावा लिटन दास, शमीम पटवारी, तनवीर इस्लाम, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद और हसन महमूद जैसे खिलाड़ियों की वापसी हुई है। जबकि मुश्फिकुर रहीम और महमूदुल्लाह जैसे सीनियर प्लेयर्स वनडे से रिटायरमेंट ले चुके हैं। सीनियर प्लेयर्स की गैरमौजूदगी में बांग्लादेश के सेलेक्टर्स ने युवा प्लेयर्स पर भरोसा जताया है।

**बांग्लादेश की टीम के लिए खेले 8 वनडे मैच :** नईम शेख ने बांग्लादेश के लिए अपना आखिरी वनडे मैच साल 2023 में खेला था। उसके बाद से उन्होंने अभी तक 8 वनडे मुकाबले खेले हैं, जिसमें उनके बल्ले से सिर्फ 95 रन निकले थे।

एमएलसी 2025

# जिसने भारत को जिताया अंडर-19 वर्ल्ड कप, अमेरिका में बिखेर रहा जलवा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



उन्मुक्त चंद भारत को अपनी कप्तानी में अंडर-19 वर्ल्ड कप जिताने वाले खिलाड़ी हैं, लेकिन कभी सीनियर टीम में जगह नहीं बना सके। यही वजह रही कि वह भारत छोड़कर अमेरिका में क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्मुक्त चंद फिलहाल मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमलसी) में खेल रहे हैं, जहां उन्होंने सीजन के 12वें मैच में अपना जलवा बिखेरा। उन्मुक्त चंद ने न सिर्फ अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से लॉस एंजिल्स को जीत दिलाई, बल्कि उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' खिताब से भी नवाजा गया। डलास में खेले गए इस मुकाबले की बात करें, तो सिएटल ओर्कास ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए छह विकेट खोकर 177 रन बनाए। सिएटल ओर्कास के लिए आरोन जोन्स ने 36 गेंदों में सर्वाधिक 44 रन जड़े, जबकि डेविड वॉर्नर ने 38 रन की पारी खेली। इनके अलावा शायन जहांगीर ने 26 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी टीम की ओर से आंद्रे रसेल ने तीन विकेट चकाए, जबकि ड्राई, शैडली वैन शाल्कविक और जेसन होल्डर ने एक-एक विकेट झटके। टारगेट का पीछा करने उतरी लॉस एंजिल्स ने 18.2 ओवरों में ही जीत दर्ज कर ली। टीम सात रन तक अपने दो विकेट गंवा चुकी थी। यहां से उन्मुक्त चंद ने सैफ बदर के साथ मिलकर मोर्चा संभाला।

# क्लब विश्व कप : अल ऐन पर जीत के साथ नॉकआउट में पहुंची मैनचेस्टर सिटी

**अटलांटा (आईएएनएस)**



मैनचेस्टर सिटी ने सोमवार को अल ऐन पर 6-0 की शानदार जीत। इसी के साथ उसने फीफा क्लब विश्व कप 2025 के राउंड ऑफ-16 में जगह बना ली है। इस जीत के साथ ही जुवेंटस का क्वालीफिकेशन भी तय हो गया है। इस मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी की ओर से इल्के गुंडोगन (8' और 73') ने 2 गोल दोगे। इनके अलावा क्लाउडियो एचेवेरी (27'), एर्लिंग हैलैंड (45+5'), ऑस्कर बॉब (84') और रेयान चेर्की (89') ने टीम ने एक-एक गोल किए। पेप गार्डियोला की टीम हमेशा अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं रही, लेकिन जब गुंडोगन ने उन्हें आठवें मिनट में बढ़त दिलाई, उसके बाद से टीम ने लगातार पकड़ बनाए रखी। 19 वर्षीय एचेवरी ने क्लाउडियो एचेवरी इस टूर्नामेंट में लियोनेल मेसी के बाद फ्री-किक से सीधे गोल करने वाले अर्जेंटीना के दूसरे खिलाड़ी बन गए। गार्डियोला की टीम ने एकतरफा दूसरे हाफ में अपना दबदबा बनाए रखा। बर्नार्डो सिल्वा के एक चतुर रिवर्स पास के बाद ऑस्कर बॉब के एक स्मार्ट फिनिश ने उनकी बढ़त को और बढ़ा दिया। मैच के एक मिनट पहले ही स्कोरलाइन में एक और गोल का इजाफा हो गया। हैलैंड ने चेर्की को पास दिया और उन्होंने टीम के लिए छठा गोल दाग दिया।

गार्डियोला की टीम अब जुवेंटस एफसी का सामना करेगी। स्टैंडिंग को देखें, तो मैनचेस्टर सिटी शुरुआती दोनों मुकाबले जीतकर दूसरे पायदान पर है, जबकि जुवेंटस दोनों मैच जीतकर पहले स्थान पर मौजूद है। इस ग्रुप के अन्य मुकाबले में जुवेंटस ने अपने पिछले मैच में वायदाद एसी के खिलाफ 4-1 से जीत दर्ज की है। इस ग्रुप में वायदाद एसी और अल ऐन ने अब तक दो-दो मुकाबले खेले हैं, लेकिन जीत का खाता नहीं खोल सके। दोनों टीमें फिलहाल तीसरे और चौथे पायदान पर मौजूद हैं।

# बुमराह टीम इंडिया के एसेट, उन्हें पता है विकेट कैसे लें : प्रवीण

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने लीड्स में जारी पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया। इंग्लैंड की पहली पारी में बुमराह ने पांच विकेट निकाले। पूर्व भारतीय क्रिकेट और कोच प्रवीण आमरे ने बुमराह को जमकर सराहा है। प्रवीण आमरे ने 'आईएएनएस' से खास बातचीत में जसप्रीत बुमराह की तारीफ करते हुए कहा, "मुझे लगता है कि बुमराह टीम इंडिया के अब तक के सबसे बेहतरीन गेंदबाज हैं। वह हर फॉर्मेट में प्रदर्शन करते हैं। उनमें विकेट की भूख है। उन्होंने आगे कहा, "यह सबसे बढ़िया बात है।

उन्हें पता है कि विकेट कैसे निकाले जाते हैं। वह टीम इंडिया के लिए एसेट हैं। जिस तरह से वह गेंदबाजी कर रहे हैं, हम चाहेंगे कि वह पूरी सीरीज में फिट रहें। जैसे बैटिंग में सचिन तेंदुलकर के ऊपर जिम्मेदारी होती थी, मुझे लगता है कि आज गेंदबाजी में बुमराह के ऊपर वही जिम्मेदारी होती है। प्रवीण आमरे ने युवा खिलाड़ियों की तारीफ करते हुए कहा, "इंग्लैंड की सीरीज बेहद अहम है, क्योंकि सीरीज में नए



खिलाड़ी खेल रहे हैं। इनके ऊपर प्रदर्शन करने का दबाव था। उन्होंने लाजवाब प्रदर्शन किया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर हमें बैटिंग दी। भारतीय पारी में तीन शतक आए। बुमराह ने पांच विकेट निकाले। छह रन की लीड भी बहुत अहम है। हम पहले ही मैच से यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हम जीतेंगे। हमें खिलाड़ियों को सेट होने के लिए समय देना होगा।

उन्होंने आगे कहा, "हमें गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी। हालांकि, बल्लेबाजी पर सवाल थे, लेकिन खिलाड़ियों ने बेहतरीन जवाब दिया। कप्तान गिल, ऋषभ पंत की शानदार पारी देखने को मिली।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# मध्यपूर्व में तनाव बढ़ने से सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान में बंद

**मुंबई (आईएएनएस)**

मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने के कारण भारतीय शेयर बाजार ने इस कारोबारी सप्ताह की कमजोर शुरुआत की।



अमेरिका ने ईरान की तीन न्यूक्लियर साइट्स पर बमबारी की। इस वैश्विक घटनाक्रम ने निवेशकों को सतर्क कर दिया और सोमवार को बेंचमार्क सूचकांकों में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 511.38 अंक या 0.62 प्रतिशत गिरकर 81,896.79 पर बंद हुआ। इंट्रा-डे के दौरान इंडेक्स 82,169.67 के उच्च और 81,476.76 के निम्न स्तर के बीच कारोबार करता रहा। इसी तरह निफ्टी भी लाल निशान पर बंद हुआ। इंडेक्स 140.50 अंक या 0.56 प्रतिशत गिरकर 24,971.90 पर बंद हुआ। सत्र के दौरान इंडेक्स ने 25,057 का इंट्रा-उच्च और 24,824.85 का निम्न स्तर छुआ था। हालांकि, ब्रॉडर मार्केट ने फ्रंटलाइन इंडेक्स की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 0.70 प्रतिशत बढ़ा। सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से एचसीएल टेक, इंफोसिस, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी टॉप लूजर्स रहे, जिनमें 2.29 प्रतिशत से 1.21 प्रतिशत के बीच गिरावट आई। दूसरी ओर, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फिनसर्व टॉप गेनर्स रहे, जिनमें 3.61 प्रतिशत से 0.58 प्रतिशत के बीच बढ़त दर्ज की गई।

# भारत का हर्बल और आयुर्वेदिक ओटीसी बाजार वैश्विक वृद्धि से आगे निकलने के लिए तैयार : रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारत के हर्बल और आयुर्वेदिक ओटीसी (ओवर द काउंटर) मार्केट में 6.5 प्रतिशत की सीएजीआर से वृद्धि होने की उम्मीद है, जो 2025 में 69 मिलियन डॉलर से बढ़कर 2033 के अंत तक 118 मिलियन डॉलर हो जाएगा। इस वृद्धि के साथ मार्केट वैश्विक रुझानों से आगे निकल जाएगा। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि, चुनौतियां बनी हुई हैं क्योंकि 2024 में 40 प्रतिशत नए लॉन्च को विनियामक बाधाओं का सामना करना पड़ा, केवल 20 प्रतिशत उत्पादों को क्लिनिकल मान्यता मिली है और गुणवत्ता संबंधी चिंताएं 30 प्रतिशत तक की पेशकशों को प्रभावित करती हैं, जिससे क्लिनिकल इलनेस के लिए उनकी विश्वसनीयता और अडॉप्शन को सीमित किया जाता है। हर्बल और आयुर्वेदिक ओटीसी इंडस्ट्री के बारे में बताया जाता है कि यह शानदार तेजी से बढ़ रही है। नवीनतम शोध के अनुसार, इंडस्ट्री ने 70 प्रतिशत से अधिक भारतीय घरों में मजबूती से प्रवेश किया है। यह जानकारी 1लैटिस की हेल्थकेयर इंटेलिजेंस रिसर्च विंग मेडआईक्यू द्वारा किए गए नवीनतम उद्योग विश्लेषण से सामने आई है, जो उपभोक्ता व्यवहार में एक मौलिक बदलाव को उजागर करता है। यह दिखाता है कि सभी आयु वर्गों में नेचुरल और केमिकल-फ्री वेलनेस प्रोडक्ट के लिए प्राथमिकता में एक मजबूत बदलाव आया है। स्टडी से पता चलता है कि इस तेजी से विकास के पीछे महत्वपूर्ण कारक लोकप्रिय श्रेणियों जैसे च्यवनप्राश, अश्वगंधा सप्लीमेंट्स, आयुर्वेदिक पर्सनल केयर, फंक्शनल फूड और यूथ-टारगेटेड प्रोडक्ट्स जैसे इफर्वेसेंट टैबलेट की व्यापक खपत है। स्टडी से यह भी पता चलता है कि नए अडॉप्टर्स में से 40 प्रतिशत से अधिक मिलेनियल्स और जेन जी हैं, जो ट्रेडिशनल वेलनेस के लिए एक पीढ़ीगत बदलाव का संकेत देते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, डिजिटल अडॉप्शन से बाजार का विस्तार तेजी से हो रहा है, शहरी ओटीसी बिक्री का 10 प्रतिशत से अधिक अब ऑनलाइन है और 35 प्रतिशत नए उत्पाद टेक-ड्रिवन पर्सनलाइजेशन प्रदान करते हैं।

# ओला-उबर-रैपिडो पर फिर उठा सवाल ग्राहकों से जबरन टिप वसूली?

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ओला, उबर इंडिया और रैपिडो जैसे राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म को उनके एडवांस टिपिंग फीचर को लेकर नोटिस जारी किया था, जिसके एक महीने से अधिक समय बाद भी, इन डिजिटल राइड-शेयरिंग प्लेटफॉर्म पर यह विवादास्पद फीचर एक्टिव है। प्लेटफॉर्म के इस फीचर के साथ यात्रियों की राइड शुरू होने से पहले ही ड्राइवर को टिप देने को कहा जाता है। कई यूजर्स ने इस फीचर को लेकर चिंता जताई और इसे मिसलीडिंग और अनफेयर बताया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कई यूजर्स ने शिकायत की है कि उन्हें या तो उकसाया गया या बिना स्पष्ट सहमति के टिप देने के लिए बाध्य किया गया। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि कई लोगों को लगता है कि इससे उन पर दबाव पड़ता है और ड्राइवरों को राइड स्वीकार करने पर अधिक नियंत्रण मिलता है। जबकि यूजर्स पहले से ही कई दूसरी परेशानियां जैसे ड्राइवर का राइड स्वीकार न करना, कैश पेमेंट की मांग करना और डेस्टिनेशन पूछे जाने के बाद ट्रिप कैंसल कर देना, झेल रहे हैं। हालांकि, 22 जून तक, सीसीपीए की ओर से जांच के परिणाम को लेकर कोई अपडेट जारी नहीं किया गया है।

# सोने की कीमत में उछाल, चांदी के दाम भी 1200 से ज्यादा बढ़े

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

सोने और चांदी की कीमतों में सोमवार को तेजी देखने को मिली। 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 98,800 रुपए प्रति 10 ग्राम से अधिक हो गई और चांदी की कीमत में 1200 रुपए से ज्यादा का उछाल दर्ज किया गया। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा



सुबह जारी की गई कीमतों के अनुसार, 24 कैरेट के सोने की कीमत 98,884 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि शुक्रवार शाम को जारी कीमत, 98,503 रुपए प्रति 10 ग्राम से 381 रुपए अधिक है। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 90,578 रुपए हो गई है, जो कि पहले 90,229 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 74,163 रुपए हो गया है, जो कि पहले 73,878 रुपए प्रति 10 ग्राम था। आईबीजेए की ऑफिशियल वेबसाइट पर सोने और चांदी की कीमतों को दिन में सुबह और शाम दो बार अपडेट किया जाता है।

# भारत में रियल एस्टेट संस्थागत पूंजी प्रवाह 2025 की पहली छमाही में 3.1 बिलियन डॉलर तक पहुंचा

**मुंबई (आईएएनएस)**

इस वर्ष 2025 की पहली छमाही में 30 सौदों के माध्यम से भारतीय रियल एस्टेट बाजार में संस्थागत निवेश 3,068 मिलियन डॉलर (3.1 बिलियन डॉलर) तक पहुंच गया



है। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। जेएलएल की रिपोर्ट में कहा गया है कि चुनौतीपूर्ण अंतरराष्ट्रीय आर्थिक स्थितियों के कारण निवेश लेनदेन की समयसीमा बढ़ रही है। इसके बावजूद, रियल एस्टेट बाजार अपनी मूलभूत स्थिति को मजबूत बनाए रखता है। यह धीमी गति 2024 के असाधारण प्रदर्शन के बाद आई है, जिसमें निवेश ऐतिहासिक शिखर पर पहुंच गया था।